नई दिल्ली
शनिवार, 15 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 28, अंक : 65
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 44
न्यून. 33

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 कोटा के लिए महिला तीरंदाजी टीम रैंकिंग पर निर्भर




### इटली में जी-7 से इतर प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक नेताओं संग हुई द्विपक्षीय बैठकें

# यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों और ब्रिटेन के पीएम सुनक से मिले मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

इटली में आयोजित किए जा रहे जी-7 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए अपूलिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कई वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें की। इसमें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की, फ्रांस के राष्ट्रपति ईमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक शामिल हैं। इन बैठकों के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गई कुछ पोस्ट में जानकारी दी है। यहां बता दें कि इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली की यात्रा पर हैं। बीते दिनों केंद्र में लगातार तीसरी बार गठित की गई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के साथ ही नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली है। इसके बाद इटली के रूप में की जा रही यह उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है।

**स्विस पीस समिट से पहले मिले मोदी-जेलेंस्की:** वहीं, भारत-यूक्रेन के शीर्ष नेताओं के बीच यह बैठक स्विट्जरलैंड के ल्यूसर्न में बर्गेनस्टॉक में 15 से 16 जून तक यूक्रेन विवाद को लेकर आयोजित किए जा रहे स्विस पीस समिट से ठीक पहले हुई है। इस सम्मेलन में भागीदारी को लेकर पिछले बुधवार को ही भारत कह चुका है कि आगामी पीस सम्मेलन में उसकी भागीदारी उचित स्तर की होगी। इसमें एक वरिष्ठ राजनयिक सम्मेलन ▸▸ शेष पेज 7 पर




### फ्रांस, ब्रिटेन से मजबूत होंगे संबंध

फ्रांस के राष्ट्रपति ईमैनुएल मैक्रों के साथ हुई बैठक को लेकर पीएम मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मेरी बहुत अच्छी मुलाकात हुई। एक साल में यह हमारी चौथी बैठक है। जो भारत और फ्रांस के बीच मजबूत संबंधों को हमारी उच्च प्राथमिकता का सबूत देती है। पीएम ने बताया कि हमारी चर्चाओं में रक्षा, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा, नीली अर्थव्यवस्था जैसे कई विषय शामिल थे। हमने युवाओं के बीच नवाचार और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के तरीकों पर भी चर्चा की। मैंने फ्रांस के राष्ट्रपति को पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए ▸▸ शेष पेज 7 पर

### पोप फ्रांसिस से हुई मुलाकात



जी-7आउटरीच सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईसाईयों के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने सम्मेलन में उनके आगमन पर स्वयं पोप के पास जाकर उनका गले लगाकर अभिवादन किया। यह पहला ऐसा मौका था। जब पोप फ्रांसिस ने जी-7 के किसी आउटरीच सम्मेलन में शिरकत की। सम्मेलन की शुरुआत से पहले इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया था।

### 2047 तक विकसित भारत का निर्माण हमारा लक्ष्य: मोदी

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इटली के अपूलिया में आयोजित किए गए जी-7 के आउटरीच सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जहां एक ओर देश में हाल ही में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुए आम चुनावों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विश्व का सबसे बड़ा और मानवता के इतिहास में लोकतंत्र का बड़ा अहम पर्व रहा। वहीं, दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने समूह के तमाम भागीदारों के अलावा दुनिया के शक्तिशाली देशों के राष्ट्रप्रमुखों को ये स्पष्ट कर दिया कि भारत सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक अपने देश को विकसित भारत बनाने का है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया कि पीएम मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि हमारी प्रतिबद्धता है कि समाज का कोई भी वर्ग देश की विकास यात्रा में पीछे न छूटे। यह अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है।

**तकनीक, ऊर्जा, कृत्रिम मेधा पर रक्षा पक्ष:** उन्होंने कहा कि तकनीक के सर्वव्यापी इस्तेमाल के जरिए भारत में समूची चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। ▸▸ शेष पेज 7 पर

### केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री चौहान ने की बैठक की अध्यक्षता

# खरीफ सीजन की तैयारियों पर की समीक्षा खाद-बीज की उपलब्धता पर लिया फीडबैक



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगामी खरीफ सीजन के लिए खाद, बीज एवं कीटनाशकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कृषि भवन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ खरीफ सीजन 2024 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्हें फसलों के लिए इनपुट सामग्रियों का समय पर वितरण एवं गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**इनपुट सामग्रियों का समय पर वितरण एवं गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए**

चौहान ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार की बाधा से बुवाई में देरी होती है। इसके परिणामस्वरूप उत्पादन प्रभावित होता है तथा इसे हर कीमत पर टाला जाना चाहिए। संबंधित विभाग को स्थिति की निरंतर निगरानी एवं समीक्षा करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। चौहान ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून का पूर्वानुमान सामान्य से बेहतर है। इस अवसर पर उर्वरक विभाग, केंद्रीय जल आयोग और भारतीय मौसम विभाग के अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण दिए। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव मनोज आहूजा और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री को खरीफ सीजन की तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

इससे पहले कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के कामकाज की समीक्षा करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए खेतों के मशीनीकरण को बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि शिक्षा को पेशे से जोड़ने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि कृषि विज्ञान में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले लोग खेती के तरीकों से जुड़ सकें। किसान विकास केंद्रों (केवीके) की उपयोगिता में सुधार के लिए गहन चर्चा पर जोर दिया ताकि उन्हें देश के अंतिम किसान तक पहुंचाया जा सके। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी भी बैठकों के दौरान मौजूद थे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### मई में थोक महंगाई दर बढ़ी, 2.61% पर पहुंची



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मई महीने के थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। आंकड़ों के अनुसार देश में थोक महंगाई में दर में लगातार तेजी है। जारी रिटेल महंगाई में मामूली गिरावट आई थी। थोक महंगाई दर में तेजी बरकरार है। होलसेल प्राइस इंडेक्स आधारित महंगाई मई में 2.61 प्रतिशत थी। सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से मई में थोक मुद्रास्फीति में लगातार तीसरे महीने वृद्धि हुई है।

### उज्जैन पुलिस ने दो मकानों में छापा मारकर 'सट्टे के अंतरराष्ट्रीय गिरोह' का पर्दाफाश किया

# नोट गिनने मंगानी पड़ी मशीन, 14.58 करोड़ रुपए जब्त किए, 9 आरोपियों को धर दबोचा

**मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा भाग निकला**

◆ पुलिस को कृष्णा पार्क और मुसद्दीपुरा में बिल्डर पीयूष चोपड़ा के घर में गेमिंग और आईपीएल सट्टे की सूचना मिली थी, जिसके बाद यह रेड की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

उज्जैन पुलिस ने मप्र के इतिहास में सट्टे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच, साइबर टीम, नीलगंगा और खाराकुंआ पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस दौरान पुलिस ने ऑनलाइन एप्लिकेशन का उपयोग करने वाले 9 सट्टेबाजों को भी गिरफ्तार किया, हालांकि मुख्य आरोपी फरार हो गया। उज्जैन पुलिस ने एक घर में छापा मारकर सटोरियों से 14.58 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। इनमें पांच-पांच सौ के नोटों की 3000 गड्डियां हैं। इसके अलावा 7 किलो चांदी और 7 देशों की विदेशी मुद्रा भी जब्त ▸▸ शेष पेज 7 पर

### सटोरियों से क्या मिला?

- 41 मोबाइल
- 11 लैपटाप
- 1 मैक-मिनी
- 1 आईपैड
- राष्ट्री-अंतरराष्ट्रीय सिम
- 3 मेमोरी कार्ड
- 7 किलो चांदी की सिल्लियां
- 7 देशों की विदेशी करंसी




### जूम मीटिंग से होती थी सट्टेबाजी

उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि 19 ड्रीम्स में पीयूष चोपड़ा के साथ पंजाब, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ लोग कई दिनों से अंतरराष्ट्रीय सट्टा खिला रहे हैं। पुलिस ने दबिश दी। यहां क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड कप के बांग्लादेश और नीदरलैंड के मैच पर सट्टा लगाते 9 आरोपियों को पकड़ा। इनमें कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, यूरो, पाउंड, यूएस डॉलर, हंगरी यूरो, पॉलिश मुद्रा, नेपाली करेंसी थी। शर्मा ने बताया कि बुकी जूम मीटिंग के माध्यम ▸▸ शेष पेज 7 पर

### लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपने दम पर पूर्ण बहुमत न आने की वजह 'अहंकार' बताई

# इंद्रेश कुमार के 'अहंकार' वाले बयान पर आरएसएस ने कहा यह हमारा 'ऑफिशियल' स्टेटमेंट नहीं...उनका निजी विचार

इंद्रेश कुमार बोले- जिन लोगों के मन में राम जी को लेकर श्रद्धा नहीं थी, उन्हें 234 पर ही रोक दिया

यह राम जी की ही कृपा थी कि भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी बन सकी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आरएसएस के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार की वजह 'अहंकार' बताई है। बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा कि भगवान राम की भक्ति करने वाली पार्टी अहंकारी हो गई थी, इसलिए 241 पर सिमट गई। इस चुनाव में भाजपा का



अहंकार ध्वस्त हो गया है। उनके बयान के बाद सियासी भूचाल आ गया। हालांकि, अब संघ के सूत्रों का कहना है कि इंद्रेश कुमार का बयान संघ का 'ऑफिशियल' स्टेटमेंट नहीं है। यह उनकी निजी राय है। इंद्रेश कुमार ने कहा कि इन लोगों ने भगवान राम की भक्ति तो की थी, मगर इनमें धीरे-धीरे अहंकार आ गया। आज भगवान राम ने इनके अहंकार को खत्म कर दिया है। ये लोग इस चुनाव में प्रशंसनीय परिणाम नहीं दे पाए। ▸▸ शेष पेज 7 पर

**बवाल के बाद दी इंद्रेश कुमार की सफाई**

### *पीएम मोदी की अगुवाई में देश कर रहा विकास*

*हालांकि बवाल के बाद बाद में संघ नेता इंद्रेश कुमार का एक और बयान आया, जिसमें उन्होंने कहा कि जिसने राम भक्ति की है, वो तो सत्ता में वापस आ गए हैं। इंद्रेश ने यहां तक कहा है कि पीएम मोदी की अगुवाई में देश विकास कर रहा है, विकास के रास्ते पर चल रहा है। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन को लेकर इंद्रेश कुमार ने कहा है कि जिन्होंने राम का विरोध किया, उन्हें बिल्कुल भी शक्ति नहीं दी। सब मिलकर भी नंबर-1 नहीं बने। नंबर-2 पर खड़े रह गए। इसलिए प्रभु का न्याय विचित्र नहीं है। सत्य है। बड़ा आनंददायक है।*



## शुक्रवार दिनभर चला कूलिंग का कार्य

# चांदनी चौक में आग से 100 से अधिक दुकानें जल कर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली




चांदनी चौक के कटरा मारवाड़ी इलाके में बृहस्पतिवार शाम लगी आग में 100 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गईं। दमकल कर्मी रातभर आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। शुक्रवार सुबह करीब चार बजे आग पर काबू पाया गया। इसके बाद दिनभर कूलिंग का कार्य चला। आग में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि नुकसान करोड़ों में बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार चांदनी चौक के पुराने कटरा मारवाड़ी मार्केट में बृहस्पतिवार शाम करीब पांच बजे आग लगी थी। अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि आग पर सुबह साढ़े चार बजे काबू पा लिया गया। कूलिंग अभियान के लिए आठ दमकल गाड़ियां मौके पर तैनात की गई थी।

### 200 दमकल कर्मचारियों को लगाया गया था

पूरे ऑपरेशन में 50 से अधिक दमकल गाड़ियों और 200 कर्मचारियों को लगाया गया था। आग में 100 से ज्यादा छोटी-बड़ी दुकानें जलकर खाक हुई हैं। आग लगने से दो इमारतें भी ढह गई, जिनमें कई दुकानें थी। गर्ग ने बताया कि मलबे के नीचे ज्वलनशील वस्तुओं में आग बीच बीच में शुक्रवार को भी सुलगती रही। लेकिन उन्हें तुरंत बुझा दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यहां स्थित दुकानें साड़ियों, दुपट्टे तथा ऐसे ही अन्य सामान की थी जो तेजी से आग पकड़ता है। उधर डीसीपी नॉर्थ एम के मीणा ने कहा कि आग से छोटी बड़ी 110 से 120 दुकानें प्रभावित हुई है। कूलिंग अभियान पूरा होने के बाद फॉरेंसिक और बिजली विभाग निरीक्षण करेंगे। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आग एक इमारत की दूसरी मंजिल पर स्थित दुकान में एसी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। उसने अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। पुराने कटरा मारवाड़ी बाजार की गलियां काफी संकरी हैं और दुकानें आपस में सटी हुई है। इससे अग्निशमन कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। डीएफएस अधिकारियों ने बताया कि अग्निशमन कर्मियों को आपरेशन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। एक अधिकारी ने बताया, कि संकरी गलियों के कारण हमें अपनी फायर होज को 300 मीटर से अधिक आगे बढ़ाना पड़ा और अतिरिक्त दबाव डालना पड़ा। आग बुझाने के लिए पानी के बाउजर और रोबोट का भी प्रयोग करना पड़ा। घटनास्थल के आस-पास कोई जल स्रोत नहीं होने के कारण पानी की टंकियों को भरने में समस्या आई। क्षेत्र में लटकती बिजली की तारें भी अग्निशमन कर्मियों के लिए एक चुनौती थी। लेकिन इस सबके बावजूद सुबह साढ़े चार बजे आग पर काबू पा लिया गया।

### अग्निकांड में करोड़ों का नुकसान

इस अग्निकांड को लेकर व्यापारियों का कहना है कि सब कुछ जलकर राख हो गया। नई सड़क व्यापारी संघ के अध्यक्ष दीपक महेंद्रू ने कहा कि पुलिस और अग्निशमन दल अभी भी व्यापारियों को



उनकी दुकानों से दूर रख रहे हैं, क्योंकि और भी इमारतें गिर सकती हैं। महेंद्रू ने कहा कि अब तक मुझे पता चला है कि 100 से अधिक दुकानें जल गई हैं, जिसमें केवल 70 से 80 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, कि आग दुकान नंबर 1580 या 1581 से शुरू हुई और कुछ ही समय में पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। सौभाग्य से किसी को कोई चोट नहीं आई, अन्यथा स्थिति भयावह हो सकती थी। दुकानदार जसप्रीत सिंह (51) ने कहा कि सबसे पहले मुझे अपने कर्मचारियों और ग्राहकों को बचाना था। मैंने उनसे जल्द से जल्द दुकान खाली करने को कहा। मैं वहां से निकलने वाला आखिरी व्यक्ति था। उसने बताया कि यह दुकान उसकी कमाई का एकमात्र जरिया थी। सिंह ने कहा, हम बता नहीं सकते हमें कितना दुख हुआ है। बस अब यही सवाल है कि घर कैसे चलेगा। हालांकि बीमा है, लेकिन उसे मंजूरी मिलने में बहुत टाइम लग जाता है।

# 20 करोड़ की ड्रग्स के साथ दो विदेशी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करते हुये दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आये दोनों लोगों के नाम मैरिएन कोन (29) निवासी आइवरी कोस्ट, पश्चिम अफ्रीका, किंग्सले ओनेकाची उर्फ किंग (37) निवासी इमो स्टेट, नाइजीरिया हैं। इनके पास से 5.951 किलोग्राम मेथमफेटामाइन ड्रग्स बरामद किया गया है। बरामद ड्रग्स की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 करोड़ आंकी गई है।

डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार एनसीआर से देश के विभिन्न हिस्सों में मादक पदार्थों की तस्करी में दिल्ली के अफ्रीकी मूल के कई व्यक्तियों के शामिल होने के बारे में सूचना मिली थी। जानकारी को और विकसित किया गया और ड्रग रैकेट में शामिल लोगों की पहचान की गई। सबसे पहले महिपालपुर से मेथमफेटाइन की खेप के साथ एक नाइजीरियाई महिला को पकड़ा गया। इसकी पहचान मैरियन कोन के रूप में हुई। उसके सामान की तलाशी लेने पर 5.127 किलो सेरेलेक बॉक्स में कपड़ों में लपेटकर छिपाई गई मेथामफेटामाइन बरामद हुई। कोन ने खुलासा किया कि वह दिल्ली में अफ्रीकी मूल के व्यक्तियों द्वारा चलाए जा रहे ड्रग कार्टेल की सदस्य है। उसने यह भी खुलासा किया कि उसने बरामद ड्रग्स निलोठी, एक्सटेंशन में रहने वाले किंग्सले ओनेकाची उर्फ किंग से खरीदी थी। किंग्सले को उसके किराए के घर मीरा कुंज, चंदर विहार, निलोठी एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया था। उसके घर से 824 ग्राम से अधिक मेथमफेटामाइन बरामद हुई। गिरफ्तार ड्रग सप्लायरों ने खुलासा किया कि उन्हें नांगलोई में अफ्रीकी मूल के एक व्यक्ति से मेथामफेटामाइन की खेप मिलती थी। वे ज्यादातर जनकपुरी और विकासपुरी के बाजार क्षेत्रों में ड्रग्स का आदान-प्रदान करते थे। दोनों आरोपी दिल्ली/एनसीआर से बेंगलुरु और मुंबई में भी अपने ग्राहकों को ड्रग्स की आपूर्ति करते थे। ड्रग्स लंबे रूट की बसों से अहमदाबाद के रास्ते बैंगलोर भेजी जाती थी। खेप पहुंचाने के बाद हवाई मार्ग से दिल्ली लौटा जाता था। उन्होंने दो साल से अधिक समय से मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का खुलासा किया है। दोनों ड्रग आपूर्तिकर्ता वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। कोन ने खुलासा किया है कि वह अप्रैल 2024 में बिजनेस वीजा पर भारत आई थी, लेकिन वह कोई यात्रा दस्तावेज पेश नहीं कर सकी। इसी तरह किंग्सले दिल्ली में रहने के संबंध में कोई पासपोर्ट और वीजा नहीं दिखा सका। पुलिस का कहना है कि ड्रग कार्टेल में शामिल बाकी लोगों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।


हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में सेक्टर-14, वार्ड नं. 3 के सभी पार्कों में खेल उपकरण और ओपन जिम की मरम्मत, डस्टबिन समेत एक्सेसरीज, सीसी गार्डन फर्नीचर सहित एलईडी बोलार्ड की स्थापना हेतु आकलन + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.07.2024 | 6.46 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ajaynirala45@gmail.com |
| 2 | नगर निगम सोनीपत | मशीन ऑपरेट करने के लिए सर्वे की सेवाओं के साथ-साथ म्यूनिसिपल भूमि के सर्वे कार्य के डीमार्केशन हेतु किराया आधार पर सैटेलाइट सर्वे मशीन का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 19.06.2024 | 20000/- | htps://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ajaynirala45@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद -13/2025/60/26776/I/88/7 दि. 14.06.24



IndusInd Bank

OFFICE ADDRESS: 43, BHAGERIA HOUSE NEW FRIENDS COLONY, NEW DELHI-110025

HYPOTHECATED REPOSSESSED VEHICLE AUCTION/SALE NOTICE TO GENERAL PUBLIC

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Soecification on **"AS IS WHERE IS BASIS"** Vehicle's Model & Reaistration No. Given Below

| DEAL NO | CUSTOMER NAME | REGISTRATION NO | ENGINE NO | CHASSIS NO | MODEL | YEAR OF MFG |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DDU02579G | MR. K VIPIN | HR55AG4469 | AZYWKC77356 | MD2A2AY3KWC67769 | BAJAJ RE COMPACT CNG | 2019 |
| DDR03233C | MR. K SURESH | DL1RTA5458 | K12MN1748984 | MA3EJKD1S00909248 | MARUTI SWIFT DZIRE LXI PLUS 1197 CC BS IV | 2016 |
| DNE01288C | MR. D DHARAM | HR76G4269 | REVTRN10PYXM66815 | MAT632144MPPP9908 | TATA ALTROZ XM+ 1.2 PETROL BS VI | 2021 |
| DDU02892D | RAMJAN STONE CRUSHING CO | HR55AN0071 | B6.7B6A250D06232C64276002 | MAT777012P3C07450 | TATA SIGNA 3525 TK BS6 FB TIPPER | 2023 |
| DSG00682D | SHRI THAKUR FREIGHT CARRIER | RJ14GQ0455 | 22L63919745 | MAT794003N5P14957 | TATA LPT 2818 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2023 |
| DSG00683D | SHRI THAKUR FREIGHT CARRIER | RJ14GQ0055 | 22L63919885 | MAT794003N5P14935 | TATA LPT 2818 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2023 |
| DSG00684D | SHRI THAKUR FREIGHT CARRIER | RJ14GQ0255 | 22L63919656 | MAT794003N5P14956 | TATA LPT 2818 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2023 |
| DSG00685D | SHRI THAKUR FREIGHT CARRIER | RJ14GQ0155 | 22L84999405 | MAT794003N5P14858 | TATA LPT 2818 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2023 |
| DED00519D | TARUN | UP14LT7077 | NCPZ132158 | MB1A3GCD5NACM9796 | ASHOK LEYLAND 1615 HE 4750MM CHA CNG | 2022 |
| DDV00528D | KARAN | HR38AC1989 | B6.7B6A250D02112H64165931 | MAT828022M2H12689 | TATA SIGNA 5525 DLT BS6 FULLY BUILTTRUC | 2021 |
| DDF02373D | SONU | HR38AD9016 | NEPZ127977 | MB1A3GCD4NADM8545 | ASHOK LEYLAND 1615 BS6 TRUCK | 2022 |
| DED00412D | MANVI LOGISTICS AND TRANSPORT | UP81DT8687 | NLPZ103820 | MB1A5ECD5NALL9686 | AL EA1916 BS6 GOODS TRUCK COWL CHASSIS | 2022 |
| DED00525D | MS.JAI BALAJI ROADLINES | UP82AT4058 | NCPZ132159 | MB1A3GCD3NACM9795 | AL 1615HE 4750MM CHAS CAB FBT BS6 | 2022 |
| DDV00096E | MS. SARVANGIK INFRAPVT LTD | NON REGISTRABLE ASSET | N330070 | N330070 | KOMATSU EXCAVATOR PC 300 | 2019 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 2 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

PLACE : DELHI

Contact Person : NAME YOGESH SAINI, MOBILE NO. 8860862245


### मुख्यमंत्री केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 19 जून को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को 19 जून के लिए निर्धारित कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुकेश कुमार ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा और समय दिये जाने के अनुरोध के बाद सुनवाई को स्थगित कर दिया। इस बीच न्यायाधीश ने केजरीवाल की ओर से दाखिल एक अर्जी पर सुनवाई शनिवार के लिए निर्धारित कर दी। अर्जी में केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति और उपचार का निर्धारण करने के लिए गठित मेडिकल बोर्ड की कार्यवाही में उनकी पत्नी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल होने की अनुमति देने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने संबंधित जेल अधिकारियों को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

## पूर्व मंत्री राज कुमार विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली के पूर्व समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद को दिल्ली विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। अध्यक्ष राम निवास गोयल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आनंद अप्रैल में आम आदमी पार्टी (आप) और दिल्ली सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा देकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में शामिल हो गए थे। गोयल ने कहा कि उन्हें नोटिस का जवाब देने के लिए 10 जून की तारीख दी गई थी, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसी नोटिस में उन्हें 11 जून को उपस्थित होने को कहा गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। उन्हें 14 जून को उपस्थित होने का एक और मौका दिया गया था, लेकिन वे नहीं आए। दिल्ली विधानसभा से उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। आनंद को की गई कॉल का कोई जवाब नहीं मिला। वह 2020 के चुनाव में पटेल नगर (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से चुने गए थे। आनंद ने पार्टी में संगठनात्मक नियुक्तियों में भ्रष्टाचार और दलित नेताओं और स्वयंसेवियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी छोड़ दी थी।

### हाईकोर्ट ने बिभव की जमानत अर्जी पर पुलिस से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर कथित हमले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने जमानत अर्जी पर नोटिस जारी किया और दिल्ली पुलिस से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। कुमार अभी न्यायिक हिरासत में हैं और आरोप है कि उन्होंने 13 मई को मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास पर मालीवाल पर हमला किया था। मामले में कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। कुमार के वकील ने दलील दी कि उन्हें हिरासत में रखे रहने का कोई कारण नहीं है और अदालत से जून में ही मामले पर अगली सुनवाई करने का अनुरोध किया, क्योंकि यह उनकी 'व्यक्तिगत स्वतंत्रता' से जुड़ा हुआ है।

## क्राइम ब्रांच ने सैकड़ों जाली प्रमाण पत्र किए जब्त

# जाली जाति प्रमाण पत्र बनाने पर तहसीलदार समेत चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों के अवैध जाति प्रमाण पत्र बनाने और जारी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में दिल्ली कैंट के तहसीलदार समेत चार लोगों को पकड़ा गया है। इनसे सैकड़ों जाली प्रमाण पत्र भी जब्त किये गये हैं। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि दिल्ली सरकार की वेबसाइट पर भी जाली प्रमाण पत्र अपलोड किये गये थे। डीसीपी राकेश पावरिया के अनुसार दिल्ली कैंट के एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट (तहसीलदार) सहित चार व्यक्तियों की गिरफ्तारी सेंट्रल रेंज क्राइम ब्रांच द्वारा की गई है। इसके बारे में सूचना इंस्पेक्टर सुनील कालखंडे को प्राप्त हुई थी।

इस जानकारी को सत्यापित एवं प्रमाणित करने के लिए इंस्पेक्टर ने एक फर्जी आवेदक को, जो सामान्य श्रेणी का था, ओबीसी प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए इस रैकेट से जुड़े लोगों के पास भेजा था। उन्हें ओबीसी प्रमाणपत्र जारी कर दिया था। इसके लिये 3500 रुपये वसूले गये थे। इसे दिल्ली सरकार की राजस्व विभाग की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया था। इसके बाद एक अन्य शख्स का भी ओबीसी प्रमाणपत्र तीन हजार रुपये का भुगतान करने के बाद जारी किया गया था। दोनों फर्जी आवेदकों ने कथित व्यक्ति के खाते में ऑनलाइन मोड के माध्यम से भुगतान किया था। खाते की ट्रांजेक्शन डिटेल भी हासिल कर ली गई। फर्जी आवेदकों और मुखबिर द्वारा प्रदान किए गए उपरोक्त तथ्यों और जानकारी के आधार पर सुनील कालखंडे के नेतृत्व वाली टीम ने रैकेट का भंडाफोड़ करने के लिए संगम विहार इलाके में जाल बिछाया। सबसे पहले संगम विहार निवासी 30 वर्षीय सौरभ गुप्ता को पकड़ा गया। उसके मोबाइल फोन डेटा की जांच करने पर फर्जी आवेदकों और उनके बीच हुई चैट का पता चला। इसके अलावा उसके मोबाइल फोन डेटा में कई दस्तावेजों के स्नैपशॉट और पीडीएफ फाइलें भी मिलीं। वह उक्त दस्तावेजों के बारे में कोई भी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। निरंतर पूछताछ पर वह टूट गया और अपराध स्वीकार कर लिया। उसने कार्यकारी मजिस्ट्रेट, राजस्व विभाग, दिल्ली कैंट के कार्यालय से नकली आवेदकों को ओबीसी प्रमाणपत्र जारी किए थे। आगे की जांच के दौरान, सह-अभियुक्त चेतन यादव को पकड़ा गया। वह तहसीलदार के कार्यालय में आउटसोर्स कर्मचारी है यानि कांट्रैक्ट पर लगा था। तहसीलदार के प्राइवेट ड्राइवर वारिस अली और नरेंद्र पाल सिंह (कार्यकारी मजिस्ट्रेट), तहसील अधिकारी, दिल्ली कैंट को अरेस्ट किया गया। आरोपी नरेंद्र पाल सिंह को 1991 में एलडीसी के रूप में नियुक्त हुये थे। मार्च, 2023 में उन्हें पदोन्नत कर तहसीलदार बनाया गया था। इस अवधि के दौरान जारी किए गए 111 जाति प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए आगे की जांच जारी है।

### ऑनलाइन ठगी में शामिल मेवाती धरा

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिमी जिले की साइबर टीम ने मेवात क्षेत्र से एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओएलएक्स और फेसबुक मार्केट प्लेस पर सस्ता सामान खरीदने के बहाने लोगों को धोखा देता था। इसके पास से दो मोबाइल फोन और एक सिम कार्ड बरामद हुआ है। हाल ही में इसने एक शख्स के साथ 75 हजार रुपये की ठगी की थी। उसे फेसबुक मार्केट प्लेस पर फर्नीचर बेचने का झांसा दिया था। इसके खिलाफ पांच एनसीआरपी शिकायतें एमएचए पोर्टल पर लिंक मिली है। गिरफ्तार आरोपी का नाम कन्हैया सिंह डीग, भरतपुर, राजस्थान बताया गया है।


चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी
(हरियाणा सरकार अधिनियम सं. 25 ऑफ 2014 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)

प्रवेश सूचना

सत्र (2024-25) के लिए प्रवेश खुला : 13-06-24
आवेदन करने की अंतिम तिथि: 28-06-24

प्रस्तावित कार्यक्रम

साइंसेज
एम.एससी. रसायन विज्ञान
एम.एससी. भौतिकी
एम.एससी. गणित
एम.एससी. जैव प्रौद्योगिकी
एम.एससी. वनस्पति विज्ञान
एम.एससी. प्राणीशास्त्र
एम.एससी. सूक्ष्म जीव विज्ञान
एम.एससी. योग
एम.एससी. कंप्यूटर विज्ञान
एम.एससी. भूगोल
एम.एससी. मनोविज्ञान

फार्मास्युटिकल साइंसेज
एम. फार्मेसी (औद्योगिक फार्मेसी)
एम. फार्मेसी (ड्रग विनियामक मामले)
एम. फार्मेसी (फार्माकोलॉजी)
मेडिकल प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी स्नातक (बीएमएलटी)
बी. फार्मेसी**
बी. फार्मेसी (एलईईटी)

वाणिज्य एवं प्रबंधन
वाणिज्य में स्नातकोत्तर (एम.कॉम.)
एम.बी.ए. (वित्त, विपणन, एचआर)

आर्ट्स
एम.ए. अर्थशास्त्र
एम.ए. राजनीति विज्ञान
एम.ए. इतिहास
एम.ए. अंग्रेजी
एम.ए. पत्रकारिता एवं जनसंचार
एम.ए. हिंदी
एम.ए. फैशन डिजाइनिंग*
एम.ए. सामाजिक कार्य

सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्सेज
वैदिक गणित में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सायंकालीन)
डिजिटल मार्केटिंग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सायंकालीन)
पब्लिक स्पीकिंग और रेटोरिक में सर्टिफिकेट कोर्स (सायंकालीन)*
अनुवाद में पीजी डिप्लोमा (हिंदी/अंग्रेजी)
कंप्यूटर एप्लीकेशन्स में पीजी डिप्लोमा
साइबर सुरक्षा और कानून में पीजी डिप्लोमा
गाइडेंस एंड काउंसलिंग में एडवांस्ड पीजी डिप्लोमा
जिम ट्रेनर में डिप्लोमा*
भू-सूचना विज्ञान में डिप्लोमा

शारीरिक शिक्षा और खेल-कूद
शारीरिक शिक्षा और खेल-कूद में स्नातकोत्तर (एमपीईएस)

पंजीकरण के लिए मुझे स्कैन करें

स्वर्णजयंती यूनिवर्सिटी कॉलेज, पुराना परिसर
(एनईपी-2020 के अनुसार)
बैचलर ऑफ फिजिकल साइंसेज (बी.एससी. फिजिकल साइंसेज)
बैचलर ऑफ लिबरल आर्ट्स
बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए)
बैचलर ऑफ फैशन डिजाइनिंग
फिजिक्स में मेजर सहित बैचलर ऑफ साइंसेस (सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी)
बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स (इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड)
बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बीपीईएस)
बैचलर ऑफ कॉमर्स (डेटा एनालिटिक्स)

* नए कार्यक्रम
** एचएसटीईएस/एचएसटीसीएस के माध्यम से प्रवेश

प्रवेश कार्यक्रम सरकार/यूजीसी के निर्देशों के अनुसार भिन्न हो सकता है। प्रवेश के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए, इच्छुक/पात्र उम्मीदवार विश्वविद्यालय वेबसाइट www.cblu.ac.in पर पधार सकते हैं। cblu.ac.in.

प्रवेश हेल्पलाइन: 9896600683 | Email : admission@cblu.ac.in
रजिस्ट्रार

संवाद आर.ओ. नं. 1401/11/50/2025/26772/सी/88/7 दि. 14.06.24

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com नई दिल्ली, शनिवार 15 जून 2024


## सुविचार

सुविचार हमारे विचारों को अच्छा और बहेतर करने के लिए होते हैं। अच्छे विचार मन को प्रफुल्लित कर देते हैं। दिन की शुरुआत सबसे अच्छे विचारो से होती है जिसे हम सुविचार कहते है। - अज्ञात

### रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को विशाखापट्टनम में परखी नौसेना की पूर्वी कमांड की रणनीतिक तैयारियां

# आईओआर में शांति-स्थिरता को बनाए रखना भारत की प्रमुख प्राथमिकता: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को आंध्र-प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना की पूर्वी कमांड के मुख्यालय का दौरा किया।



इसमें उन्होंने न केवल कमांड की रणनीतिक तैयारियों की व्यापक आधार पर समीक्षा की। बल्कि कमांड में तैनात बल के अधिकारियों और नाविकों को संबोधित करते हुए कहा कि नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था, आवाजाही की स्वतंत्रता, समुद्री डाकुओं के खिलाफ ⏩शेष पेज 7 पर



### पहले कार्यकाल में की थी सियाचिन की पहली यात्रा

उन्होंने कहा कि हिमालय से आईओआर तक हमारी प्राथमिकता देश की सीमाओं की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करना है। इससे देश का उत्तरी और दक्षिण भाग एक सूत्र में बंधेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सागर (सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फार ऑल इन द रीजन) विजन पर भारत की यह समूची कवायद जारी है। इसकी वजह से क्षेत्र में भारत के मित्र देश सुरक्षित हैं और आपसी प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। 2019 में रक्षा मंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल की शुरुआत राजनाथ सिंह ने सियाचिन ग्लेशियर की यात्रा से की थी।

### अन्य सामरिक ठिकानों पर भी रक्षा मंत्री

गौरतलब है कि बीते रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में लगातार तीसरी बार गठित की गई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था। इसके बाद 13 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय में दूसरी बार देश के रक्षा मंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाला। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी के बाहर की जाने वाली यह उनकी पहली यात्रा थी। इसमें उनके साथ नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और पूर्वी कमांड के प्रमुख वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर मौजूद रहे। आने वाले समय में रक्षा मंत्री देश में मौजूद सशस्त्र सेनाओं के अन्य ठिकानों की भी यात्रा करेंगे।

### पाक नागरिकों को बचाने वाले अभियान को सराहा

रक्षा मंत्री ने अरब सागर में बीते समय में समुद्री डाकुओं के खिलाफ चलाए गए साहसिक अभियानों के लिए भी नौसेना की सराहना की और कहा कि इससे देश के विकास के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसका कद बढ़ा है। उन्होंने विशेष रूप से मार्च-2024 में अरब सागर में चलाए गए एक अभियान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें सोमालिया के डाकुओं से 23 पाकिस्तानी नागरिकों को छुड़ाया गया था। यह नौसैन्यकर्मियों द्वारा मानवता और उससे जुड़े मूल्यों का एक बेहतरीन प्रदर्शन था। जिसमें बल के लोगों ने पाकिस्तानियों की पहचान, नागरिकता देखे बिना उन सभी की हर प्रकार से मदद की। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारी नौसेना आईओआर में एक सुरक्षित व्यापार और शांति-समृद्धि को बढ़ावा देने में लगी हुई है। भारत अपनी बढ़ती हुए ताकत के साथ उक्त क्षेत्र और समूचे विश्व को शांतिपूर्ण और समृद्धशाली बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नौसेना की बढ़ती ताकत से देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा हो सकेगी।

### जलस्वा युद्धपोत से परखा समुद्री अभियान

मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वी कमांड में तैनात आईएनएस जलस्वा युद्धपोत के जरिए अपनी यात्रा का कुछ समय बीच समुद्र में भी बिताया और वहां बल के जहाज, पनडुब्बी और विमानों के अभियान को भी जांचा। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने नौसेना को रणनीतिक रूप से पूरी तरह से तैयार रहने और आईओआर में सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले बल के रूप में पहचान बनाने को लेकर बधाई दी। रक्षा मंत्री की समुद्री यात्रा सनराइज बेड़े के परंपरागत सैन्य आयोजन बड़ाखाना के साथ समाप्त हुई। विशाखापट्टनम में आईएनएस डेगा नौसैन्य अड्डे पर रक्षा मंत्री ने बल के 50 कर्मियों द्वारा दी गई सलामी गारद का निरीक्षण किया।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 6 करोड़ की याबा गोलियां जब्त, 3 लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में कछार पुलिस ने अंतर-राज्यीय सीमा क्षेत्र में 21 हजार याबा टैबलेट के साथ तीन व्यक्तियों को पकड़ा।



करीमगंज में अधिकारियों ने 12 जून को लामाजुआर क्षेत्र में लगभग 6 करोड़ रुपए मूल्य की प्रतिबंधित दवाओं को जब्त किया। पुलिस ने बताया कि मिजोरम से आने वाले एक बिना नंबर वाले बोलेरो कैंपर वाहन की बैकलाइट के अंदर

### पैसा निकालने की छूट बंद ईपीएफओ ने बदला नियम

**नई दिल्ली।** निजी सेक्टर की कंपनियों के कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफओ) की ओर से कई सुविधाएं प्रोवाइड कराई जाती है।



अब एक खास सुविधा को ईपीएफओ ने बंद करने का ऐलान किया है। 12 जून को जारी नोटिफिकेशन में कहा कि कोविड-19 अब महामारी नहीं है। ऐसे में कोविड एडवांस की सुविधा तत्काल प्रभाव से बंद की जा रही है। ये सुविधा किसी को नहीं दी

### नीट-यूजी परीक्षा विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का 'एक्स' पर छात्रों को पुन: आश्वासन

# जल्द होने वाली काउंसलिंग प्रक्रिया में बिना किसी भ्रम के आगे बढ़ने की है आवश्यकता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) को लेकर जारी विवाद के बीच शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक बार फिर से छात्रों को आश्वासन देते हुए कहा है कि केंद्र सरकार नीट परीक्षा मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के तहत परीक्षार्थियों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं परीक्षार्थियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसी भी बच्चे के करियर के साथ खिलवाड़ नहीं होगा।

प्रधान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मामले से जुड़े तथ्य सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में हैं। शीर्ष अदालत के निर्देशानुसार सरकार सभी जरूरी आवश्यक कदम उठाएगी। नीट की काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होने जा रही है और अब इस दिशा में भ्रमित हुए बिना आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

### अदालत के निर्णय से खत्म हुई शंकाएं

उल्लेखनीय है कि बीते गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद भी प्रधान ने उन तमाम आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि नीट की परीक्षा न तो लीक हुई है और न ही इसमें किसी तरह की कोई धांधली या भ्रष्टाचार हुआ है। कुछ लोगों द्वारा इस परीक्षा के लीक होने का महज आरोप लगाया जा रहा है। बल्कि अभी तक उसका कोई प्रमाण केंद्र को नहीं दिया गया है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि चुनाव में हार के बाद विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। इसलिए वो इधर-उधर किसी मुद्दे की तलाश में हैं। लेकिन जब एक बार इस मामले पर शीर्ष अदालत का फैसला आ गया है। तो उसके बाद किसी को भी कोई शंका या संशय नहीं होना चाहिए।



### 23 जून को फिर से परीक्षा देंगे 1563 छात्र

शिक्षा मंत्री की यह टिप्पणी सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश के बाद दी गई है। जिसमें न्यायालय ने ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1 हजार 563 छात्रों की 23 जून को फिर से परीक्षा कराने का आदेश दिया है। इसका परिणाम 30 जून को आएगा। अदालत ने नीट की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मंत्रालय इसका क्रियान्वयन करेगा। जो छात्र 23 जून को परीक्षा देना चाहते हैं, वो परीक्षा दे सकते हैं और जो अपने पूर्व अंकों के साथ कायम रहना चाहते हैं। वो उन्हीं अंकों को ब्लॉक कर सकते हैं।

### परीक्षा कराने को तैयार एनटीए

उधर, राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इस पूरे मामले में प्रभावित हुए 1 हजार 563 छात्रों की 23 जून को पुनः परीक्षा कराने का ऐलान किया है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में एजेंसी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने एनटीए की उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए किए गए अवलोकन के आधार पर जो निर्णय दिया है। उसके बाद एनटीए ने सभी 1 हजार 563 छात्रों को दिए गए ग्रेस और कंपनसेटरी अंकों को वापस ले लिया है। अब इन छात्रों की 23 जून 2024 को फिर से परीक्षा होगी। इसे लेकर एनटीए जल्द ही एक सार्वजनिक सूचना जारी करेगा और 1563 छात्रों से ईमेल के माध्यम से संपर्क कर इस बात को पुख्ता करेगा कि उन तक परीक्षा के संबंध में आधिकारिक जानकारी पहुंची है या नहीं।

### 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई



दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की एकल जज पीठ के समक्ष हो रही सुनवाई में एनटीए की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 7 हाईकोर्ट में दाखिल अलग-अलग याचिकाओं के मद्देनजर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए सुप्रीम कोर्ट में तबादला याचिका दाखिल करने जा रहा है। ताकि सभी याचिकाओं पर एक ही जगह सुनवाई हो जाए। वरना अलग अलग सुनवाई और आदेशों की वजह से छात्रों के बीच भ्रम बढ़ेगा। जस्टिस बंसल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट 8 जुलाई को इस मामले में आगे सुनवाई करेगा। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को नोटिस जारी किया था।

### दिल्ली हाईकोर्ट में 5 जुलाई को अगली सुनवाई

नीट परीक्षा परिणाम को लेकर दायर याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि नीट यूजी काउंसलिंग को रोका नहीं जाएगा। एचसी ने एनटीए को नोटिस देकर जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। इस मामले पर हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 5 जुलाई 2024 को होनी है। आरोपों के घेरे में आई नीट परीक्षा के खिलाफ दाखिल याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट पांच जुलाई को आगे सुनवाई करेगा।

## नीट विवाद पर केंद्र से कांग्रेस के 6 सवाल, फॉरेंसिक जांच की मांग



हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने नीट विवाद पर कहा कि 24 लाख छात्रों का भविष्य खतरे में है। पेपर लीक हुआ बिहार से खबर आ रही है। पुलिस जांच में सत्य उजागर हो रहा है। परीक्षार्थी भी तमाम तरह के आरोप लगा रहे हैं। लेकिन, शिक्षा मंत्री बिना जाँच कराए ही 'आल इज़ वेल' बोल रहे हैं। उन्होंने बेलाग कहा कि नीट विवाद में जितने भी विषय आ रहे हैं, बेहद संवेदनशील हैं, सभी आरोपों की जाँच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में स्वतंत्र फोरेंसिक एजेंसी से होना चाहिए। इसका आदेश सरकार को देना चाहिए।

### भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को ओर से 6 सवाल उछाले गए

- क्या यह सच नहीं है कि नीट 2024 पेपर लीक की जांच कर रही पटना पुलिस (बिहार) की आर्थिक अपराध इकाई ने पाया है कि मेडिकल उम्मीदवारों ने 5 मई को होने वाली परीक्षा से पहले प्रश्नपत्रों तक पहुंच पाने के लिए रैकेट में शामिल 'दलालों' को 30 लाख रुपए से लेकर 50 लाख रुपए तक की बड़ी रकम का भुगतान किया है? कई अखबारों में 60 करोड़ रुपए के लेन-देन की खबरें भी छपी हैं।
- क्या शिक्षा मंत्री इस तथ्य से इनकार कर सकते हैं कि पेपर लीक में बिहार में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, एक संगठित गिरोह के माध्यम से, जिसने कथित तौर पर परीक्षा से एक दिन पहले टेलीग्राम चैनलों पर नीट के पेपर लीक किए थे? क्या इसकी आगे जांच की गई?
- क्या शिक्षा मंत्री इस बात से इनकार कर सकते हैं कि गुजरात के गोधरा में नीट परीक्षा में धोखाधड़ी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है, जिसमें कोचिंग सेंटर चलाने वाले एक व्यक्ति, एक शिक्षक और एक अन्य व्यक्ति समेत 3 लोग शामिल हैं, जिसमें मामले की जांच में छात्रों, उनके अभिभावकों और आरोपियों के बीच 12 करोड़ रुपए से अधिक का लेन-देन सामने आया है? परीक्षा में नकल करने वाले प्रत्येक छात्र से 10 लाख रुपए की दर तय की गई थी। आरोपियों ने योजना बनाई थी कि उन्हें करीब 26 करोड़ रुपए मिलेंगे?
- क्या यह सच नहीं है कि इस साल यानी 2024 में 67 टॉपर थे जिन्हें 720 का परफेक्ट स्कोर दिया गया था। 2023 में यह संख्या सिर्फ 2 थी। 2022 में कोई भी अभ्यर्थी पूरे अंक हासिल नहीं कर सका। 2021 में सिर्फ 3 ही यह स्कोर हासिल कर सके। क्या यह सच नहीं है कि बहादुरगढ़ के एक ही सेंटर से 6 छात्रों ने अधिकतम अंक हासिल किए? एनटीए ने पहले ही माना है कि इन 67 छात्रों में से 44 ने पूर्ण अंक प्राप्त किए क्योंकि उन्होंने छात्रों को अवैध ग्रेस अंक दिए थे। एनटीए ने उम्मीदवारों को ग्रेस अंक देने की इस एडहॉक प्रक्रिया को क्यों अपनाया? यही नहीं, क्या यह सच नहीं है कि इस साल 690 से अधिक अंक पाने वाले छात्रों की संख्या में असामान्य वृद्धि देखी गई।
- क्या यह सच नहीं है कि नीट के कई टॉपर एक ही राज्य से हैं और उनके रोल नंबर भी एक जैसे हैं? क्या वे एक ही परीक्षा केंद्र से थे?
- क्या यह सच नहीं है कि 09 फरवरी 2024 के सार्वजनिक नोटिस के अनुसार नीट-यूजी-2024 के लिए ⏩शेष पेज 7 पर

### राहुल और अखिलेश साथ मिलकर लड़ेंगे अगला चुनाव

# अब 2027 के लिए इंडी गठबंधन को करेंगे मजबूत 403 विस क्षेत्रों में घूमकर करेंगे वोटरों का शुक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



अब कमोबेश इस फैसल पर मुहर लगनी ही बाकी है कि राहुल गांधी रायबरेली से ही सांसद रहेंगे। वायनाड से इस्तीफा देंगे। वायनाड से प्रियंका गांधी उपचुनाव लड़कर लोकसभा पहुंचने का रास्ता बना सकती हैं। कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों ने राहुल गांधी के जरिये समूची हिंदी पट्टी में कांग्रेस को मजबूत करने का जो खाका तैयार किया है उसकी शुरूआत उत्तरप्रदेश से की जाएगी।

लोकसभा के संक्षिप्त सत्र के बाद राहुल गांधी और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव दोनों साथ साथ सूबे की सभी 403 विधानसभाओं में पसीना बहाते नजर आएंगे। कांग्रेस-सपा गठबंधन को मजबूती देते हुए दोनों नेताओं की कोशिश होगी, गठबंधन को माइक्रो-लेवल तक लेकर जाना ताकि लोकसभा में शानदार प्रदर्शन की तर्ज पर आगामी उप्र विस चुनाव में प्रचंड जीत के टार्गेट को हकीकत में बदला जा सके। ये बात अलग है कि उप्र में विस चुनाव 2027 में होना है।

राबरेली संसदीय सीट पर प्रियंका गांधी की कार्यकर्ताओं को आभार जताने के लिए धन्यवाद रैली का आयोजन किया गया था, उसी के तुरंत बाद ये तय किया गया था कि समूचे सूबे में घूम घूम कर विधानसभा के स्तर पर कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देने के बहाने काडर का हौसला बढाया जाए। उन्हें विस चुनाव तक मोबिलाइज करने की बडी कार्ययोजना एआईसीसी ने तैयार की है। जाहिर है उसके सूत्रधार राहुल गांधी होंगे। उप्र की तर्ज पर ही बिहार, झारखंड, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के लिए भी अलग से संगठन को चार्ज करने का ब्लूप्रिंट बनाया जा रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने खुद ही विस चुनाव में गठबंधन से मना कर दिया है। कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों को जैसे मनचाही मुराद मिल गई हो।

लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का दिल्ली और पंजाब में बेहद खराब प्रदर्शन से कांग्रेस पार्टी उत्साहित है। हालांकि दोनों ही सूबे में कांग्रेस-आप गठबंधन में ही चुनाव लडे गये थे। मगर, बदले हालात में अब कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों को लगता है कि उनके वोट बैंक पर खडी आम आदमी पार्टी से अब निपटने का सही समय है, अपना वोट बैंक वापिस लेने का उपयुक्त समय है। लोस चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के दिल्ली अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के पाला बदलकर भाजपा ज्वाइन कर लेने की वजह से कांग्रेस पार्टी की बहुत भद पिटी थी। अब हर कदम कांग्रेस पार्टी फूंक फूंक कर रखना चाहती है। यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी ने अब पंजाब और दिल्ली में अब अपने दम पर दमखम संजाने के लिए नये सिरे से ड्राइंगबोर्ड पर आई है।

# पर्यटन से विदेशी मुद्रा में 17,909 करोड़ की आय

**नई दिल्ली।** देश में इस साल अप्रैल में पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय सालाना आधार पर 2.90 प्रतिशत बढ़कर 17,909 करोड़ हो गई। यह



अप्रैल 2023 में 17,405 करोड़ थी। पर्यटन मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय सालाना आधार पर 27.18 प्रतिशत बढ़कर 90,600 करोड़ हो गई। यह पिछले साल की समान अवधि में 71,235 करोड़ थी। भारत आने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या अप्रैल में सालाना आधार पर 7.7 प्रतिशत बढ़कर 6,50,748 हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में 6,03,985 विदेशी पर्यटक भारत आए थे। जनवरी से अप्रैल के दौरान विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या 34,71,833 रही जो एक साल पहले की समान अवधि में 31,33,751 थी।

# नई दिल्ली स्थित फिल्म डिवीजन ऑडियोटियम में संपन्न हुई चार दिवसीय स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

हरियाणा फिल्म एंड एंटरटेनमेंट पॉलिसी के तहत स्क्रीनिंग कम इवैल्यूएशन कमेटी की चार दिवसीय दूसरी बैठक का नई दिल्ली महादेव रोड स्थित फिल्म डिविजन ऑडिटोरियम में शुक्रवार को समापन हो गया। इस दौरान 17 फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। स्क्रीनिंग प्रक्रिया के समापन अवसर पर हरियाणा सरकार के सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि परंपरागत संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ फिल्म नीति के माध्यम से सिनेमा को प्रोत्साहित किया



जा रहा है। हरियाणा सरकार फिल्म प्रमोशन के लिए निरंतर प्रयासरत है और पूरा फोकस हर पहलू से किया जा रहा है। फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए ही पिछले दो वर्षों से आवेदन आमंत्रित करके हरियाणा फिल्म प्रमोशन बोर्ड के माध्यम से सब्सिडी ⏩शेष पेज 7 पर

### 5 राज्यों के 10 राज्यसभा सीटों पर उपचुनावों के बाद बहुमत के करीब होगा एनडीए

### राज्यसभा में भी राजग गठबंधन बहुमत के करीब

# राजस्थान की कांग्रेसी सीट झटकेगी भाजपा, हरियाणा की एक सीट पर शुरू हुआ 'शह और मात' का गेम

हरिभूमि विशेष

शिशिर सोनी ⏭नई दिल्ली

लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी भाजपानीत राजग गठबंधन बहुमत के करीब पहुंच रहा है। बहुमत का आंकडा 121 सांसदों का है। राजग गठबंधन के पास 117 सांसदों की संख्या लोकसभा चुनाव से पहले थी। इनमें से सर्वानंद सोनोवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और पीयूष गोयल अब असम, मप्र और महाराष्ट्र से लोकसभा सांसद चुन लिये गये हैं। तीनों सीट सहित कुल 5 राज्यों की 10 राज्यसभा सीटों के लिए उपचुनावों की घोषणा हो चुकी है। जिनमें दो कांग्रेस पार्टी के, केसी वेणुगोपाल राजस्थान से और दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा से



राज्यसभा सदस्य थे। दोनों लोकसभा के सांसद चुन लिये गये। अब दोनों सीटों पर उपचुनाव होने हैं। दोनों ही कांग्रेस की सीट भाजपा को मिलनी तय मानी जा रही है। जाहिर है भाजपा सांसदों की संख्या 99 से बढकर 101 हो जाएगी और राजग गठबंधन 119 के आंकड़े को छू लेगा, बहुमत से महज 2 सांसद दूर। बिहार के राजद कोटे से लालू यादव की बेटी मीसा भारती पाटलीपुत्र लोकसभा सीट से चुनी गई है। राजद की सीट पर होने वाले उपचुनाव में विधानसभा में संख्या बल के लिहाज से राजद की जीत सुनिश्चित है। उच्चसदन में भी राजग गठबंधन बहुमत में आया तो विपक्ष की आक्रामकता भोथरी हो जाएगी। राजग गठबंधन अपने दम पर विधेयक पास कराने और अधिकतर संसदीय समितियों में मजबूती के साथ उपस्थिति दर्ज कराने में सफल होगा। असम की दो सीटों, त्रिपुरा, मप्र और राजस्थान की एक एक सीटों पर भाजपा प्रत्याशी आसानी से जीत दर्ज करायेंगे। बिहार में एक राजद और एक भाजपा के कोटे में राज्यसभा की सीटें आएगी। ये बात अलग है कि कांग्रेस पार्टी ⏩शेष पेज 7 पर

### मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए योग दिवस की समीक्षा की

# 21 जून को भव्य रूप में मनाया जाएगा योग दिवस, हर आयु वर्ग के लोग लेंगे हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों की बैठक लेते हुए समाधान शिविर तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त ने मौके पर ही कैंप कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए समाधान शिविर की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जिस विभाग की भी शिकायत आये वह तुरंत समाधान करवाएं। नियमित तौर पर सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की सुनवाई कर समाधान करवाएं।

उपायुक्त कड़े निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही उन्होंने 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में जन-जन को प्रतिभागिता के लिए प्रोत्साहित किया।

#### योग को बनाएं जीवन का अंग

उपायुक्त विक्रम सिंह ने इस दौरान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 21 जून को योग दिवस भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। इसमें हर आयु वर्ग के लोगों को हिस्सा लेंगे। स्वस्थ जीवन का आधार योग है। इसलिए हमें योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। नियमित रूप से योग करने वाला व्यक्ति बीमारियों को खुद से दूर रखने में सक्षम होता है। योग के अत्यधिक लाभ हैं। तनाव को दूर रखने के लिए भी योग बेहतरीन उपाय है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा, एसडीएम त्रिलोकचंद, एसडीएम बडखल हरीराम, सीटीएम अंकित कुमार, द्विजा, एसीपी मोनिका, डीडीपीओ प्रदीप कुमार, जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. मनीषा लांबा आदि अधिकारीगण मौजूद थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक

## एयरफोर्स स्टेशन के 100 मीटर दायरे में आने वाले मकानों की मरम्मत के लिए नगर निगम में करें आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि एयर फोर्स स्टेशन डबुआ की सौ मीटर की परिधि में आने वाले जर्जर हो चुके मकानों की मरम्मत के लिए नगर निगम के संयुक्त-आयुक्त के पास आवेदन करना होगा।

▶ गंभीर स्थिति वाले मकानों का आवेदन के बाद करवाएंगे सर्वे, एयरफोर्स से एनओसी होगी जरूरी

आवेदन प्राप्ति के उपरांत नगर निगम प्रावधान के तहत सर्वे करवाएगा, जिसके उपरांत एयरफोर्स से एनओसी लेनी होगी।

एयरफोर्स स्टेशन की 100 मीटर की परिधि में निर्माण को लेकर समीक्षा करने के उद्देश्य से लघु सचिवालय में विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त विक्रम सिंह कर रहे थे। बैठक में विधायक नीरज शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। गंभीरता से मंथन के उपरांत निर्णय लिया गया कि जो मकान अत्याधिक क्षतिग्रस्त हैं उनकी मरम्मत करवाने के लिए अनुमति दी जाएगी। इसके लिए उन लोगों को नगर निगम के संयुक्त-आयुक्त के पास आवेदन करना होगा।

#### आवेदन के बाद करवाया जाएगा सर्वे

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि आवेदन करने वाले लोगों के मकानों का सर्वे करवाया जाएगा। सर्वे उपरांत एयर फोर्स से एनओसी लेनी होगी। इनमें उन मकानों को शामिल किया जाएगा जो 2011 से पहले बने हुए हैं। एयर फोर्स से एनओसी मिलने के उपरांत ही मकानों की मरम्मत की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने संबंधित सडक मार्ग से अतिक्रमण हटवाने के भी निर्देश दिए।
बैठक में एयरफोर्स स्टेशन में एक बूस्टर की स्थापना का प्रस्ताव पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। इसके अलावा अन्य मामलों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।
बैठक में विधायक नीरज शर्मा, एयरफोर्स स्टेशन से कैप्टन ए.कपूर, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार, नगर निगम के एक्सईएन पद्म भूषण, तहसीलदार नेहा सहारन, सारन थाना के एसएचओ इंस्पेक्टर संग्राम सिंह, डबुआ थाना प्रभारी विद्यासागर आदि अधिकारी मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री को भाजपा का टिकट मिलने पर समर्थकों ने बांटे लड्डू

**फरीदाबाद।** भाजपा ने हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री करतार सिंह भड़ाना को उत्तराखंड की मंगलौर विधानसभा से भाजपा का टिकट देकर अपना उम्मीदवार बनाया है। भड़ाना को टिकट मिलने की सूचना जैसे ही उनके समर्थकों को लगी तो उन्होंने सूरजकुंड रोड स्थित कार्यालय पर लड्डू बांटे और ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी कर जश्न मनाया।

पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने मंगलौर विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार बनाए जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सीएम हरियाणा मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर सहित तमाम भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें पार्टी ने सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे और यह चुनाव जीतकर सीट को भाजपा की झोली में डालेंगे।

**जनता ने विकसित भारत के स्वप्न पर मुहर लगाई:** भड़ाना ने कहा कि लोकसभा चुनावों में जनता ने पीएम मोदी के विकसित भारत के स्वप्न पर अपने विश्वास की मोहर लगाते हुए तीसरी बार एनडीए की सरकार बनाने का काम किया है। लोगों ने यह साबित कर दिया कि वह भारत को विश्व में मजबूत व उन्नत देश के रुप में देखना चाहते हैं।

## सीसीआरटी छात्रवृत्ति में सृजन पांडे का हुआ चयन

**गाजियाबाद।** संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र की ओर से राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना में पूरे भारतवर्ष से कला की विभिन्न विधाओं के 635 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। जिसमें गाजियाबाद के बाल कलाकार मास्टर सृजन पाण्डेय का रंगमच के क्षेत्र में अपने कौशल को निखारने के लिए चयन हुआ है। सृजन उत्तराखंड, यूपी व दिल्ली राज्यों के एकमात्र छात्र हैं, जिन्हें रंगमंच के क्षेत्र में यह छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

## मेडिकल इमरजेंसी बता युवक से 35 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर थाना मानेसर एरिया में जालसाज ने रिश्तेदार बनकर मेडिकल इमरजेंसी बता युवक को 35 हजार की चपत लगा दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।


## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक **अज्ञात महिला जिसका नाम अज्ञात, पताः अज्ञात, उम्रः** 40–45 साल। जो 02.06.2024 को पार्क परमानंद हॉस्पिटल के पीछे गेट दिल्ली, के पास मृत पायी गयी। इस बाबत **DD No. 39A, थानाः कशमीरी गेट, दिल्ली** में दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत महिला की पहचान दी गई है। **उम्रः** 40–45 साल, **कदः** 5'0", **रंगः** सांवला, **पहनावाः** बहुरंगी शर्ट और गुलाबी रंग की सलवार। अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**थानाध्यक्ष**
**थानाः कशमीरी गेट**
DP/7112/N/2024 फोनः 011-23962210/46123



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | वार्ड नं. 5, एम.सी. सोनीपत में शिव कॉलोनी, गली नं. 1 और 7 में सीमेंट कंक्रीट गली का निर्माण + 45 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.06.2024 | 32.98 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26790/I/88/7 दि. 14.06.24



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी गुरुग्राम | कार्य योजना 2023-2024 (ग्रुप नं. 2) (फेज-II) के तहत पटौदी निर्वाचन क्षेत्र में गांव में 4 अदद सम्पर्क सड़क की विशेष मरम्मत (1) हेरा हेरी से चोटा भोरा वाया मुमताजपुर, बंसपदमका और तुर्कापुर (8855) (2) बलेवा से ततारपुर वाया दौलतबाद कुनी और तेलपुरी (8854) (3) खलीलपुर से मेहनियावास वाया घिलावास (8857) (4) बलेवा से खलीलपुर (1225) + 4 कार्य। | 11.06.2024 27.06.2024 | 4.55 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416384454 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/26781/I/88/7 दि. 14.06.24



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी में नये लघु सचिवालय परिसर में अतिरिक्त प्रशासनिक खण्ड का निर्माण (800 केवीए सब स्टेशन का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 12.06.2024 02.07.2024 | 85.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज फतेहाबाद | रामसरा - ब्लॉक भट्टू कलां में लोनिवि रोड धाबी खुर्द रोड से इन्द्र भाम्भु तक एलपीबी सहित रास्ते की पेवमेंट, एचजीवीवाई + 16 कार्य। | 12.06.2024 19.06.2024 | 419.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | चरखी दादरी जिले में गांव पालरी, जावा, बदराई, गोपालवास और डागरोली में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | 12.06.2024 26.06.2024 | 40.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बधवाना, ब्लॉक झोझू कलां में फिरनी का निर्माण + 17 कार्य। | 12.06.2024 25.06.2024 | 1177.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव चागरोड ब्लॉक झोझू कलां में फिरनी का निर्माण + 26 कार्य। | 12.06.2024 18.06.2024 | 716.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज रोहतक | किलोई दोपाना (जैडपी) में चौपाल में पानी की टंकी का निर्माण + 1 कार्य। | 10.06.2024 18.06.2024 | 9.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812084342 SDOPRROHTAK134@GMAIL.COM |
| 7 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में सिरसा में डबवाली रोड (चत्तरगढ़ पट्टी) से प्रारम्भ होकर रानियां रोड (निकट स्वामी विवेकानंद स्कूल) (वीटी) (रोड आईडी 10560) कि.मी. 0.00 से 3.56 तक आंतरिक बाईपास पर टो वॉल सहित 30 मिमी मोटी बिटुमिनस कार्पेट/आईपीबी। | बंद होने की तिथि 01.07.2024 | 273.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991260999 pwd-eepd1-sirsa@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में सिरसा केलनिया से पुरानी केलनिया ढाणी खोबा राम (V2) (रोड आईडी 10488) किमी. 0.00 से 3.15, एस.ओ.आर.डी. से ढाणी जस्सा राम (V2) (रोड आईडी 5675) किमी. 0.00 से 1.57 (कि.मी. 0.00 से 0.15 और 1.36 से 1.57 में सीसीबी को छोड़कर) और डीएचएस रोड से अहमदपुर (V2) (रोड आईडी 5666) किमी. 0.00 से 3.40 और (किमी. 30275 टीपी 3.40 में आईपीबी को छोड़कर) को चौड़ा करना और मजबूतीकरण [डीएनआईटी नं. 81198]। | बंद होने की तिथि 01.07.2024 | 305.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991260999 pwd-eepd1-sirsa@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | नाईवाला खरीफ चैनल आरडी 34500-50000-टेल तक मिट्टी खुदाई कार्य/लेवलिंग हेतु आकलन + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 19.06.2024 | 4.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा भिवानी | लिफ्ट डब्ल्यू/एस यांत्रिकी मंडल, भिवानी के तहत भिवानी जिले के आबादी और खेत क्षेत्रों में बाढ़ के पानी को निकालने के लिए ईपी सैट्स को चलाने के लिए वैद्युत संघटकों हेतु आकलन + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 25.06.2024 | 47.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज फतेहाबाद | ढाणी माजरा- गांव- ढाणी माजरा, ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में पाइप लाइन की स्थापना (ए) मेन खाल से सुरजीत पुत्र पांचीराम के खेत तक (2) आत्मा राम के खेत से मंगतराम तक, वीएजीवाई + 7 कार्य। | 12.06.2024 19.06.2024 | 78.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज गोहाना, सोनीपत | गांव तिहाड़ मलिक में बाबा साध गऊशाला में शेल्टर शैड का निर्माण + 1 कार्य। | 12.06.2024 21.06.2024 | 14.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खेड़ी गुज्जर ब्लॉक गन्नौर, जिला सोनीपत में आदर्श तालाब (ककराली तालाब) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 27.06.2024 | 24.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज पानीपत | एमएलडी पीएनपी- गांव कावी ब्लॉक मडलौडा, जिला पानीपत में आईपीबी फिरनी का निर्माण + 2 कार्य। | 10.06.2024 17.06.2024 | 146.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज पानीपत | गांव बबैल, आसन कलां, बराना, राजाखेड़ी और बिंझोल ब्लॉक पानीपत, जिला पानीपत की फिरनियों पर द्वितीय चरण एलईडी स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान व फिक्सिंग + 5 कार्य। | 10.06.2024 18.06.2024 | 236.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज राजौंद, कैथल | ओम बैरागी के मकान से मेधा तालाब (बिरबांगरा) तक नाला का निर्माण + 1 कार्य। | 13.06.2024 18.06.2024 | 7.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | गांव बरोदा में 10 सीएस पम्प की आपूर्ति, स्थापना के साथ-साथ आरसीसी पाइप लाइन बिछाना। | बंद होने की तिथि 18.06.2024 | 45.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 18 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | अम्बाला जिले में जगाधरी बिलासपुर सढौरा नारायणगढ़ रायपुर रानी रोड (एसएच नं. 1) को कि.मी. 47.08 से 54.10 में चौड़ा करने का प्रावधान (विद्युत पोल्स, ट्रांसफॉर्मर एच.टी. वायर इत्यादि की शिफ्टिंग का प्रावधान) + 7 कार्य। | 14.06.2024 20.06.2024 | 358.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 19 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | एमडीसी, सेक्टर-6, पंचकूला में चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग (डीएमईआर) प्लॉट नं. आईपी-1 (पी) हेतु कार्यालय भवन का निर्माण (एचवीएसी सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 13.06.2024 26.06.2024 | 273.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज हिसार | धर्मखेड़ी, हांसी-2, रामगोपाल पुत्र अर्जुन सिंह के खेत से रामकुमार पुत्र प्यारे लाल के खेत तक वाटरकोर्स का निर्माण मोगा नं. 20837/ (2 एकड़) जामनी माइनर (वीएजीवाई) + 15 कार्य। | 13.06.2024 19.06.2024 | 651.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 21 | पंचायती राज करनाल | इन्द्री - आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी कलसोरा की चारदिवारी का निर्माण। | 12.06.2024 27.06.2024 | 8.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 22 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर वेल्फेयर सेंटर में नये कार्यालय परिसर के लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास + 2 कार्य। | 13.06.2024 20.06.2024 | 40.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 23 | पंचायती राज पिनांगवान नूह | गांव नीमखेड़ा, ब्लॉक पिनांगवान, जिला नूह में फारूक पुत्र सिजाऊ के मकान से युनुस फौजी से मस्जिद तक आईपीबी रास्ता का निर्माण (वीएएनजीवाई)। | 13.06.2024 20.06.2024 | 2.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 24 | पंचायती राज पिनांगवान नूह | गांव धाडोली कलां, ब्लॉक पिनांगवान में 2 अदद (1. भूरे खा के सामने, 2. हाजी रूस्तम के निकट) वाटर टैंक का निर्माण (वीएएनजीवाई)। | 13.06.2024 20.06.2024 | 84120/- | https://etenders.hry.nic.in | 8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 25 | पंचायती राज पिनांगवान नूह | गांव पिनांगवान, ब्लॉक पिनांगवान, जिला नूह में ढाणा रोड के निकट कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य। | 13.06.2024 20.06.2024 | 7.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 26 | पंचायती राज नगीना नूह | गांव - कंसाली, ब्लॉक नगीना जिला नूह (जिला परिषद) 122108 में सामान्य चौपाल का निर्माण। | 13.06.2024 19.06.2024 | 9.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467110876 sdoprngn@gmail.com |
| 27 | पंचायती राज नारनौल | गांव- जखानी, ब्लॉक नारनौल, जीएडी का पुनरोद्धार + 3 कार्य। | 13.06.2024 19.06.2024 | 51.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416882457 sdopr.nrl@gmail.com |
| 28 | महिला एवं बाल विकास हरियाणा भिवानी | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 11.06.2024 26.06.2024 | 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466150800 pobhw.wcd@gmail.com |
| 29 | पंचायती राज हिसार | अनिपुरा, हांसी1, शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण (एचआरडीएफ) + 8 कार्य। | 13.06.2024 03.07.2024 | 517.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 30 | पंचायती राज झज्जर | 71.56- गांव नेओला, ब्लॉक माछरौली में ग्राम सचिवालय भवन का निर्माण + 3 कार्य। | 11.06.2024 19.06.2024 | 191.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 31 | पंचायती राज अम्बाला | एनजीटी - गांव बकनौर, ब्लॉक अम्बाला-1 में तालाब के निकट नाला का निर्माण + 2 कार्य। | 13.06.2024 27.06.2024 | 71.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 32 | पंचायती राज झज्जर | 99.82- गांव बाघपुर, ब्लॉक बेरी, जिला झज्जर में डाबदा तालाब का सौन्दर्यकरण। | 11.06.2024 18.06.2024 | 83.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 33 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | आरडी 27300-आर पर पश्चिम जुआ ड्रेन के अंदर गांव आसौदा टोडरान से कृषि खेतों के बाढ़ के पानी को निकालने हेतु एचडीपीई पाइप लाइन बिछाना। | बंद होने की तिथि 17.06.2024 | 76.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298518 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 34 | जिला परिषद करनाल | गांव बिजना, ब्लॉक घरौंडा में एसएचसी का निर्माण + 5 कार्य। | 12.06.2024 28.06.2024 | 323.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2983072 xenzpkarnal@gmail.com |
| 35 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में गांव फुलकां में एचडब्ल्यूसी का निर्माण (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 13.06.2024 19.06.2024 | 13.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 36 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन : क्र. सं. 1 से 34 तक मदें निहित सूची (34 मदों का सिंगल लॉट)। | 15.06.2024 15.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 supplies@hry.nic.in |
| 37 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन : क्र. सं. 1 से 28 तक मदें निहित सूची (28 मदों का सिंगल लॉट)*। | 15.06.2024 15.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 supplies@hry.nic.in |
| 38 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन : क्र. सं. 1 से 10 तक मदें निहित सूची (10 मदों का सिंगल लॉट)। | 15.06.2024 15.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 supplies@hry.nic.in |
| 39 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन : क्र. सं. 1 से 04 तक मदें निहित सूची (04 मदों का सिंगल लॉट)*। | 15.06.2024 15.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 supplies@hry.nic.in |
| 40 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन : क्र. सं. 1 से मदें निहित सूची डीजल जनरेटर सैट (01 मद का सिंगल लॉट)*। | 15.06.2024 15.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 supplies@hry.nic.in |
| 41 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन : क्र. सं. 1 से 59 तक मदें निहित सूची (59 मदों का सिंगल लॉट)*। | 15.06.2024 15.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 supplies@hry.nic.in |
| 42 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन : क्र. सं. 1 से 32 तक मदें निहित सूची (32 मदों का सिंगल लॉट)*। | 15.06.2024 15.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 supplies@hry.nic.in |
| 43 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गांव खेदड़ में जीवीएच का निर्माण (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 13.06.2024 19.06.2024 | 11.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 44 | जिला परिषद करनाल | गांव गढ़ी बीरबल से नंदी को जाने वाले लिंक रोड (एच-3916) की विशेष मरम्मत। | 12.06.2024 28.06.2024 | 29.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2983072 xenzpkarnal@gmail.com |
| 45 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | गांव धमान ब्लॉक मोरनी में धर्मशाला के निकट आर/वॉल हेतु निर्माण, गांव चपलाना जी.पी. टिपरा, ब्लॉक मोरनी पीआर में आर/वॉल और गली हेतु मरम्मत। | 13.06.2024 18.06.2024 | 3.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 46 | पंचायती राज पंचकूला | 5 भानवली - गांव भानवली ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला में शमशान घाट के रास्ते का निर्माण, स्कीम एचआरडीएफ + 1 कार्य। | 12.06.2024 18.06.2024 | 13.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 47 | पंचायती राज बरवाला, पंचकूला | रत्तेवाली :- गांव रत्तेवाली, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में बीसी धर्मशाला को पूरा करना + 1 कार्य। | 13.06.2024 19.06.2024 | 20.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9216213141 naveen_cherwal@yahoo.co.in |
| 48 | पंचायती राज झोझू कलां, चरखी दादरी | गांव बलाली में आंगनवाड़ी का पुनरोद्धार + 8 कार्य। | 10.06.2024 18.06.2024 | 51.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 49 | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | पेस्ट कंट्रोल सर्विसेज। | 18.06.2024 03.07.2024 | 36000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 50 | पंचायती राज चण्डीगढ़ | पीआरआईएस और पंचायत फंक्शनरीज के चयनित प्रतिनिधियों की कैपेसिटी बिल्डिंग और ट्रेनिंग हेतु प्रशिक्षण एजेंसियों [हरियाणा के छह मंडलों के प्रत्येक हेतु एक] के चयन हेतु आरएफई। | 13.06.2024 27.06.2024 | 75000/- | https://etenders.hry.nic.in www.haryanadp.gov.in | 9356925623 rgsaharyana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/1000/26827/I/88/7 दि. 14.06.24

## आप ने हरियाणा पर लगाया दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप

# दिल्ली में पानी का उत्पादन लगातार घट रहा है: आतिशी

एजेंसी, हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार में जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि यमुना का पानी कम पहुंचने से दिल्ली में लगातार पानी का उत्पादन घट रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगा रही है।

आतिशी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यमुना का पानी कम पहुंचने से दिल्ली में लगातार पानी का उत्पादन घट रहा है। सामान्य परिस्थिति में दिल्ली में 1005 एमजीडी (दस लाख गैलन प्रति दिन) पानी का उत्पादन होता है लेकिन पिछले एक हफ्ते से यह लगातार घट रहा है। उन्होंने कहा कि उत्पादन कम होने से, दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की कमी है। सभी से अनुरोध है कि पानी का प्रयोग बहुत किफायती तरीके से करें। मंत्री ने कुछ आंकड़े साझा करते हुए कहा कि छह जून को पानी का उत्पादन 1002 एमजीडी था, जो अगले दिन यानी सात जून को 993 एमजीडी और आठ जून को 990, नौ जून को 978 एमजीडी, 10 जून को 958 एमजीडी, 11 जून को 919, 12 जून को 951 और 13 जून को 939 एमजीडी रह गया। दिल्ली जल संकट से जूझ रही है।





### पानी की चोरी को रोकने के बजाय आतिशी जारी कर रही है फर्जी आंकड़े : सचदेवा



नई दिल्ली। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को बताना चाहिए कि पानी उत्पादन में 0.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत की मामूली गिरावट से ही दिल्ली के अधिकतम क्षेत्र में जल सप्लाई कैसे सूख गई है और सच्चाई यह है कि सामान्य दिनों में दिल्ली में पानी की चोरी और रिसाव की हानि 54 प्रतिशत है लेकिन आज यह 75 प्रतिशत है क्योंकि टैंकर माफिया द्वारा पानी की चोरी लगभग दोगुनी हो गई है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार को घेरते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा है कि यह खेदजनक है कि दिल्ली का आधे से अधिक हिस्सा जल संकट का सामना कर रहा है और संबंधित जल मंत्री आतिशी पाइपलाइनों में रिसाव को ठीक करने और टैंकर माफिया द्वारा मुख्यतः पानी की चोरी को रोकने के बजाय फर्जी आंकड़े जारी कर और सोशल मीडिया पोस्ट करके दिल्लीवासियों को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा है कि यदि केजरीवाल सरकार ने रिसाव और पानी की चोरी को रोकने के लिए काम किया होता, जो 54 प्रतिशत पानी की हानि का कारण है, तो 939 एमजीडी पर भी दिल्ली को उचित पानी आपूर्ति मिल सकती थी।

#### पानी उत्पादन में कोई कमी नहीं है

प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि शुक्रवार को मंत्री आतिशी ने कहा है कि दिल्ली में सामान्य पानी का उत्पादन 1005 एमजीडी है और उन्होंने 6 जून से 13 जून के बीच के पानी उत्पादन के आंकड़े जारी किए हैं जो स्वयं दिखाते हैं कि पानी उत्पादन में कोई कमी नहीं है। 6 जून को सामान्य उत्पादन 1005 एमजीडी के मुकाबले दिल्ली ने 1002 एमजीडी उत्पादन किया जो केवल 0.5 प्रतिशत कम है जबकि 13 जून को उत्पादन 939 एमजीडी था जो 7 प्रतिशत कम है।

### जल संकट बरकरार, कई क्षेत्रों में नहीं पहुंच रहा पानी, डीजेबी के संयंत्रों में जल शोधन घटा

नई दिल्ली। दिल्ली में तमाम वाद विवाद, दावे, आरोप प्रत्यारोप और न्यायालय के हस्तक्षेप के बावजूद दिल्ली में जल संकट शुक्रवार को भी बरकरार रहा, लोगों की परेशानी कम होती नजर नहीं आई। जलापूर्ति बढ़ने की बजाए उल्टा दिल्ली जल बोर्ड के जल शोधन संयंत्रों में शोधन घट रहा है। लगातार जल संकट से जूझ रही राजधानी में अब भी संगम विहार, बदरपुर, गीता कॉलोनी, लक्ष्मी नगर, बुराड़ी, नरेला, इब्राहिमपुर, लामपुर, बरवाला गांव, देवली, आली गांव, अंबेडकर नगर, सीलमपुर, मौजपुर, दल्लूपुरा, करावल नगर, गांधी विहार, मजनू का टिल्ला, तिमारपुर, सबोली, नंद नगरी, सीमापुरी, बलजीत नगर, करोल बाग, आनंद पर्वत, चाणक्यपुरी, साकेत, आया नगर, महिपालपुर, गोयला डेयरी, द्वारका व नजफगढ़ के कई हिस्से व अन्य क्षेत्र शामिल है। लोग अब भी पानी के लिए टैंकर के आते ही एक दूसरे से मारा मारी पर उतर रहे है। जहां नल से पानी आता था, वहां अब बूंद बूंद की राह देखनी पड़ रही है। डीजेबी का कहना है कि कच्चे पानी की कमी के चलते संयंत्र अपनी तय क्षमता से नीचे जल शोधन कर रहे है। इनमें वजीराबाद संयंत्र, बवाना और भागीरथी संयंत्र शामिल है। डीजेबी के समर एक्शन प्लान के एक आला अधिकारी ने बताया कि कच्चे पानी की कमी का सबसे ज्यादा असर वजीराबाद संयंत्र पर पड़ा है। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के 9 संयंत्रों की कुल क्षमता 956 एमजीडी की तुलना में शोधन हुआ 939.75 एमजीडी रहा। यानी की शोधन में करीब 16.25 एमजीडी पानी की कमी आई है। अधिकारी ने बताया कि गत कई दिनों से जल शोधन में कमी बनी हुई है।

## सीएम केजरीवाल के निर्देश पर कैबिनेट मंत्रियों ने विधायकों के साथ बैठकों का दौर किया शुरू



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर शुक्रवार से दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने विधायकों के साथ बैठकों के क्रम की शुरुआत कर दी है। दिल्ली सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हुई बैठक में विधायकों से उनके क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। बता दें कि, सीएम अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर आने वाले दिनों में सभी विधायकों से उनके क्षेत्र के लिए ज़रूरी कामों का ब्यौरा लिया जाएगा और विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। बैठक में विधायकों द्वारा बताए गए ज़्यादातर मुद्दे पानी, सीवर सफ़ाई, गलियों और सड़कों को नए सिरे से बनाने, मानसून से जुड़ी तैयारियाँ सहित उनके क्षेत्र में लोगों की सुविधाओं से जुड़ी विकासात्मक कार्यों से जुड़े थे। इस दौरान मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि, सीएम अरविंद केजरीवाल 2 करोड़ दिल्लीवालों को अपने परिवार की तरह मानते है। इसलिए जेल में रहते हुए भी उनका पूरा फोकस दिल्लीवालों के काम करवाने पर पर है। उनके निर्देशों के अनुसार हम दिल्ली के लोगों की सुविधाओं के लिए हर ज़रूरी कदम उठायेंगे। दिल्ली सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में रिठाला के विधायक मोहिन्दर गोयल, तिमारपुर के विधायक दिलीप पांडेय, वजीरपुर के विधायक राजेश गुप्ता, किराड़ी के विधायक ऋतुराज झा, सदर बाज़ार से विधायक सोमदत्त और मॉडल टाउन के विधायक अखिलेश त्रिपाठी मौजूद रहे।

इस मौक़े पर विधायकों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि, पिछले 2 महीने से अधिक समय से चुनाव आचार संहिता लगने के कारण नए विकासात्मक कार्यों को मंजूरी नहीं दी जा सकती थी। लेकिन अब आचार संहिता के हटने के बाद शहर में जो भी विकासात्मक कार्य थे वो दोगुनी रफ़्तार से शुरू हो जाएँगे। कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भी कहा कि, अपने विधानसभाओं में विकास कार्यों के लिए विधायकों ने जो भी मांग की है, उसपर तुरंत संज्ञान लिया जाएगा और सभी संबंधित विभागों को इन कार्यों को तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए जाएंगे।

मंत्री आतिशी ने विधायकों से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देशों को साझा करते हुए कहा कि, सभी विधायक ग्राउंड पर जाए लोगों के बीच रहे और लोगों की सभी समस्याओं को दूर करने का काम करें। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चाहे जेल के अंदर हो या बाहर हो वो हमेशा दिल्लीवालों की बेहतरी के लिए सोचते है। उनके खिलाफ चाहे जीतने भी षड्यंत्र रचे जाए लेकिन अरविंद केजरीवाल दिल्लीवालों के काम रुकने नहीं देंगे।

### यादव का केजरीवाल सरकार को चैलेंज, 17575 करोड़ रुपये के घोटाले पर खुली बहस को तैयार

नई दिल्ली। दिल्ली में जल संकट को लेकर अब प्रदेश कांग्रेस पूरी तरह से मैदान में उतर चुकी है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने केजरीवाल सरकार को चैलेंज किया है कि दिल्ली जल बोर्ड में हुए 17575 करोड़ रुपये के घोटाले पर कोई भी आकर उनसे डिबेट कर सकता है। यादव ने दिल्ली जल बोर्ड के जल रिसाव और चोरी में हुए 17575 करोड़ के घोटाले को लेकर मांग की है कि इसकी जांच करके जल्द दोषियों की पहचान हो और उन्हें सजा मिलनी चाहिए। इसके साथ ही यादव ने मांग की है कि जल संकट को लेकर केजरीवाल सरकार तुरंत दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाए और लोगों को पानी मुहैया कराने कपर कार्य करे। उन्होंने बताया कि पेयजल संकट को लेकर केजरीवाल सरकार के खिलाफ 15 जून 2024 शनिवार को दिल्ली कांग्रेस अपने सभी 280 ब्लॉकों में मटका फोड़ प्रदर्शन करेगी। यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी पानी की बर्बादी और चोरी को स्वीकार करते दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कह कर पल्ला झाड़ रही है। क्योंकि केजरीवाल सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जल संकट से निपटने के लिए कोई ठोस कदम नही उठाया है। यादव ने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली सरकार के दौरान डीजेबी मुनाफा कमाने वाली संस्था थी। जिसकी सराहना भाजपा कर रही है कि कैसे 10 वर्ष पहले 600 करोड़ मुनाफा देने वाला बोर्ड आज 73000 करोड़ के घाटे में चला गया। भाजपा और आम आदमी पार्टी पिछले 10 वर्षों से पीने के पानी नल से जल देने का वादा किया था परंतु सब जुमला साबित हुआ। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को 58 प्रतिशत पानी की लीकेज पर नियंत्रण की योजना बनाकर दिल्ली की जनता को पर्याप्त पानी देने की कोशिश करनी चाहिए। अधिकतर इलाकों में पानी की किल्लत के कारण महिलाएं, बच्चे और वृद्ध टैंकरों से पानी के लिए लाईन में खड़े होने के बावजूद उन्हें पानी नही मिल रहा है जिसके कारण लोगों को प्रतिदिन 100 रुपये से अधिक पानी पर खर्च करने पड़ रहे है।

## मुनक नहर से पानी चोरी करने को लेकर दो टैंकर जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुनक नहर से कथित तौर पर पानी चोरी करने को लेकर दो टैंकर जब्त किए गए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में जल संकट बढ़ने के बाद टैंकर माफिया की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए मुनक नहर क्षेत्र में पुलिस ने गश्त शुरू की थी, जिसके एक दिन बाद यह कार्रवाई हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया हमने नहर से पानी चोरी करने के आरोप में दो टैंकर जब्त किए हैं। एक टैंकर को खेत के पास 'कच्ची सदर' से और दूसरे को डीएसआईआईडीसी डी-ब्लॉक से जब्त किया गया। हमने बवाना और नरेला औद्योगिक क्षेत्र (एनआईए) थाने में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत दो मुकदमे दर्ज किए हैं। अधिकारी ने बताया कि 56 पुलिसकर्मी चरणों में नहर की सुरक्षा कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस टीमों ने चौकियां बनाई हैं और हरियाणा की सीमा पर नहर के 15 किलोमीटर के हिस्से पर गश्त कर रही हैं। मुनक नहर बवाना से दिल्ली में प्रवेश करती है और हैदरपुर जल उपचार संयंत्र तक पहुंचती है। बवाना, नरेला औद्योगिक क्षेत्र, शाहबाद डेयरी और समयपुर बादली थानों की टीमों को नहर और आस-पास के इलाकों में गश्त करने का काम सौंपा गया है।

### दिल्ली के हक का पानी रोक कर हमसे दुश्मनी निकाल रही है हरियाणा सरकार : संजय सिंह



नई दिल्ली। दिल्ली के लोगों ने भाजपा के सातों सांसद जिताए हैं। इसके बाद भी हरियाणा की भाजपा सरकार दिल्ली के लोगों को सजा दे रही है। इतनी भीषण गर्मी में हरियाणा की भाजपा सरकार दिल्ली के हक का पानी रोककर हमसे दुश्मनी निकाल रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने भाजपा व दिल्ली में उसके सातों सांसदों पर निशाना साधते हुए पार्टी मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता के दौरान यह आरोप लगाए। सासंद संजय सिंह ने कहा कि मैं, भाजपा के सातों सांसदों से कहना चाहता हूं कि उनको दिल्ली को पानी देने के लिए हरियाणा और केंद्र सरकार से अपील करनी चाहिए और एलजी से मिलना चाहिए, लेकिन वो लापता हैं। साथ ही, हरियाणा सरकार से कहना है कि आप हमसे दुश्मनी निकालिए, लेकिन दिल्ली के लोगों को परेशान मत कीजिए। संजय सिंह ने कहा कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन पानी के मामले पर ऐसे भेदभाव नहीं करनी चाहिए। दिल्ली में पानी के संकट की इस स्थिति में भाजपा पहले दिल्ली सरकार और दिल्लीवालों का साथ दे, इसके बाद आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करते रहेंगे।

### जल संकट पर भाजपा सांसद ने आप सांसद की निंदा की

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के सांसद योगेंद्र चंदोलिया और बांसुरी स्वराज ने आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह द्वारा जल संकट पर गंदी राजनीति खेलने की निंदा की है। दिल्ली भाजपा के सांसदों ने कहा कि हमने सोचा था कि सुप्रीम कोर्ट की फटकार, निर्देश के बाद, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सरकारों के बयानों और शुक्रवार को दिल्ली जल मंत्री आतिशी द्वारा जारी डेटा को पढ़कर जो स्पष्ट रूप से दिखाता है कि दिल्ली में पानी की उत्पादन में सिर्फ केवल 0.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत की कमी है, आप के नेताओं को पानी लीकेज और टैंकर माफिया द्वारा पानी की चोरी बंद करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दिल्ली भाजपा के सांसदों ने कहा कि इसके बजाय आप सांसद संजय सिंह को गंदा राजनीतिक खेल खेलते हुए देखा जा रहा है, जिससे हमें उनसे पूछना पड़ता है कि खुद संजय सिंह और उनके दो सहयोगी स्वाति मालीवाल और एन.डी. गुप्ता आप तीनों जल संकट से निपटने में क्या मदद कर रहे हो।

## अरुंधति रॉय के खिलाफ यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने को दिल्ली के उपराज्यपाल की मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने लेखिका अरुंधति रॉय और कश्मीर के एक पूर्व प्रोफेसर के खिलाफ वर्ष 2010 में यहां एक कार्यक्रम में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने के मामले में कठोर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। राज निवास के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रॉय और कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन के खिलाफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, नयी दिल्ली की अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रॉय और हुसैन की तरफ से इसपर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

इस मामले में कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित की शिकायत पर 28 अक्टूबर, 2010 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। राज निवास के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस मामले में अरुंधति रॉय और कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 45 (1) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। रॉय और हुसैन ने 21 अक्टूबर 2010 को यहां कॉपरनिकस मार्ग स्थित एलटीजी ऑडिटोरियम में 'आजादी - एकमात्र रास्ता' के बैनर तले आयोजित एक सम्मेलन में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण दिए थे। अधिकारी ने कहा कि सम्मेलन में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई और जिन पर बात हुई, उनसे कश्मीर को भारत से अलग करने का प्रचार हुआ।

## जानलेवा बीमारी से ग्रसित बच्चे के लिए सांसद ने लगाई मदद की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने जानलेवा बीमारी से ग्रसित बच्चे वेहंत जैन को बचाने की मुहिम शुरू कर देश के लोगों से मदद की अपील की है। उन्होंने बताया कि वेहंत जैन को स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) टाइप-2 की बीमारी है, दो साल की उम्र तक इंजेक्शन नहीं लगा तो उसकी जान को खतरा हो सकता है। इस बीमारी में एक इंजेक्शन लगता है, जिसकी कीमत 17 करोड़ रुपए है, यह खर्च एक सामान्य व्यक्ति नहीं उठा सकता है। सांसद संजय सिंह ने कहा कि पहले भी इस बीमारी से ग्रसित बच्चों के इलाज के लिए मदद की है, इस बच्चे को भी एक लाख रुपए की मदद कर रहा हूं। देशवासियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चे की जिंदगी बचाने के लिए आगे आएं और अपने सामर्थ्य के अनुसार आर्थिक मदद करें। सभी पार्टी के नेताओं, सामाजिक व धार्मिक समूह के लोग भी आगे आकर इस बच्चे के जीवन को बचाने के लिए आर्थिक सहयोग करें।

- 17 करोड़ रु की कीमत के इंजेक्शन का खर्च सामान्य व्यक्ति नहीं उठा सकता : संजय सिंह

#### ऐसे कर सकते हैं बच्चे के इलाज के लिए मदद

सांसद ने कहा कि बच्चे के माता-पिता ने क्राउड फंडिंग के लिए इंपैक्ट गुरु नामक एप पर बच्चे का अकाउंट बनाया है। यहां बच्चे के संबंधित सारी डिटेल दी गई है। बच्चे के नाम से बैंक खाता है, जिसका नंबर 2223330027417243 और आईएफएससी कोर्ड आरएटीएन0वीएएपीआईएस है। इस नंबर पर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। इसके अलावा, 9871205883 मोबाइल नंबर क्यूआर कोड भी बना है, जहां जाकर पेटीएम, फोन पे या जी-पे एप से भी आर्थिक मदद कर सकते हैं। इंपैक्ट गुरू इटीजी का लाभ भी देगा। इंपैक्ट गुरु एप पर जाकर बच्चे को आर्थिक मदद कर सकते हैं, जहां बैंक खाता और यूपीआई की डिटेल उपलब्ध हैं।

### बिधूड़ी ने क्लस्टर बसों के संकट के लिए केजरीवाल सरकार को ठहराया जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी सरकार ने दस सालों में दिल्ली के लिए एक भी बस नहीं खरीदी और हाथ पर हाथ रखे बैठी रही। उसी का नतीजा है कि अब बसें एक साथ राजधानी में क्लस्टर बसें सड़कों से हट रही हैं। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद और नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुक्रवार को दिल्ली में क्लस्टर बसों के संकट को लेकर केजरीवाल सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए परिवहन मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि बेरोजगार हो जाने के डर से डीटीसी के कर्मियों में दिल्ली सरकार के प्रति भारी असंतोष है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए तत्कालीन सरकार ने बसें खरीदी थीं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में पहले 12 हजार बसें और फिर 15 हजार बसें उपलब्ध कराने का वादा चुनावों के दौरान किया था लेकिन 2022 तक दिल्ली में एक भी बस नहीं आई। उस दौरान दिल्ली में चल रही डीटीसी की तमाम बसें अपनी उम्र पूरी कर चुकी थीं। दिल्ली में डीटीसी की बसें और क्लस्टर बसें अपनी उम्र पूरी करके भी लगातार चल रही हैं। बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा पिछले पांच सालों में लगातार सरकार को यह याद दिलाती रही है कि इन बसों की उम्र पूरी हो चुकी हैं।

### आंधी, बूंदाबांदी के बावजूद भीषण गर्मी से अभी राहत नहीं, चार दिन झुलसाएगी लू की मार

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार शाम व रात के समय धूल भरी आंधी व कहीं कहीं मामूली बूंदाबांदी दर्ज हुई। दिनभर साफ मौसम के बाद शाम के समय अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज हवाएं चलने लगी। लगभग छह बजे के करीब दिल्ली के कई हिस्सों में तेज धूल भरी आंधी ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी। सड़कों पर विजिबिलिटी काफी कम हो गई, वाहनों को सड़क किनारे यहां वहां रूकना पड़ा। वहीं इसके बाद रात करीब साढ़े आठ बजे के आस पास एक बार पुन दिल्ली के कई हिस्सों में तेज आंधी ने दस्तक दी।

### मेट्रो एमडी ने किया जनकपुरी-आरके आश्रम मार्ग खंड का निरीक्षण

**नई दिल्ली।** डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो फेज 4 प्रोजेक्ट के अंतर्गत जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग कॉरिडोर पर विभिन्न स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया। इसके अलावा डा. विकास ने मुकरबा चौक से मधुबन चौक (पीतमपुरा) तक निर्माणाधीन सेक्शन और कृष्णा पार्क एक्सटेंशन स्टेशन व मुकुंदपुर मेट्रो डिपो का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों ने एमडी को वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। एमडी ने जानकारी के बाद जरूरी दिशा निर्देश जारी किए। इसमें दो नए स्टेशन होंगे, इस कॉरिडोर पर परिचालन शुरू होने से पहले अंतिम सुरक्षा प्रमाणपत्र और निरीक्षण का काम चल रहा है। दिल्ली मेट्रो के चरण 4 परियोजना का पहला खंड करीब 2.5 किमी का हिस्सा जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन कॉरिडोर पूरा होने वाला है। अधिकारी अब काम के अंतिम चरण और सुरक्षा तैयारियों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### पंजीकरण शुल्क 15,000 रुपए एवं वार्षिक शुल्क 10,000 रुपए किया निर्धारित

# दिल्ली नगर निगम मनोरंजक गतिविधियों के लिए अलग से जारी करेगा लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम मनोरंजक गतिविधियों जैसे संगीत, गायन, नृत्य, इलेक्ट्रॉनिक/डिजिटल/लेजर शो/होलोग्राफिक प्रोजेक्शन/वर्चुअल प्रदर्शन के लिए अलग से लाइसेंस जारी करेगा। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने शुक्रवार का यह जानकारी देते हुए बताया कि मनोरंजक गतिविधियों के लिए पंजीकरण शुल्क 15,000 रुपए एवं वार्षिक शुल्क 10,000 रुपए निर्धारित किया है। दिल्ली नगर निगम व्यापारिक प्रतिष्ठानों को व्यापार के लिए उत्कृष्ट माहौल प्रदान करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में कार्य करते हुए दिल्ली नगर निगम ने हेल्थ ट्रेड लाइसेंस के अंतर्गत अन्य व्यापारिक गतिविधियों के अंतर्गत स्थाई



प्रतिष्ठानों जैसे बैंक्वेट हॉल, खाना खाने के प्रतिष्ठान, लॉजिंग/बोर्डिंग स्थलों एवं अस्थाई जगहों जैसे टेंट, कैनोपी, खुले स्थानों पर मनोरंजक गतिविधियां आयोजित करने संबंधी लाइसेंस देने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

निगम प्रशासन के अनुसार सभागार जिनके पास डीएमसी एक्ट 1957 की धारा 422 के अंतर्गत हेल्थ ट्रेड लाइसेंस है उन्हें मनोरंजक गतिविधियों के लिए अलग से लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं होगी। दिल्ली नगर निगम द्वारा प्रतिष्ठानों को मनोरंजक गतिविधियों के लिए लाइसेंस देने की पहल के चलते प्रतिष्ठान अधिक से अधिक ग्राहक आकर्षित करने में सफल होंगे, जिसके चलते उनकी आय एवं व्यापार में वृद्धि होगी।

#### तीन वर्ष या उससे कम अवधि के लिए लाइसेंस जारी करेगा

मनोरंजक गतिविधियों के संचालन के इच्छुक प्रतिष्ठान मनोरंजक गतिविधियों के संचालन स्थल को चिन्हित कर इसका साइट प्लान निगम के पास जमा कराएंगे। लाइसेंस लेने के इच्छुक प्रतिष्ठान दिल्ली नगर निगम को एक शपथ पत्र देंगे कि निगम द्वारा अनुमोदित क्षमता से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था नहीं करेंगे। दिल्ली नगर निगम आवेदन के आधार पर तीन वर्ष या उससे कम अवधि के लिए लाइसेंस जारी करेगा।

#### दिल्ली नगर निगम के हिंदुराव अस्पताल में रक्तदान शिविर को आयोजन

विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर दिल्ली नगर निगम के सबसे बड़े अस्पताल हिंदु राव अस्पताल में शुक्रवार को द एशोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया (एएसआई) की पहल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर के दौरान डॉक्टरों ने अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। अस्पताल के डॉक्टर्स नर्मता सरीन, नर्सिंग ऑफिसर विमल छेत्री, टेक्नीशियन आदि ने भी भाग लिया। इन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है क्योंकि रक्तदान करने से स्वयं का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है और अनेक लोगों की समय रहते जान भी बचाई जा सकती है।



सेलिब्रेशन / अनुराग मनींद्र

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है, लेकिन वह इसे ना कह पाता है, ना जता पाता है। फादर्स-डे एक ऐसा मौका है, जब तुम अपने पापा के लिए दिल में जो फीलिंग्स रखते हो, उसे एक्सप्रेस कर सकते हो। इस खास दिन पर तुम्हारा प्यार और सम्मान पाकर पापा बहुत खुश होंगे। फादर्स-डे पर तुम अपने पापा के साथ अपनी फीलिंग्स कैसे शेयर करो, जानो।

# अपने पापा से बोलो यू आर द बेस्ट!

बच्चों, हम सभी के लिए हमारे पापा किसी सुपर हीरो की तरह होते हैं। वह हमारी हर ख्वाहिश ही नहीं, हर छोटी-बड़ी जरूरतों का भी ध्यान रखते हैं, इन्हें पूरा भी करते हैं। हमारी हर फरमाइश को झट से पूरी कर देते हैं, लेकिन ऐसी कोई फरमाइश पूरी नहीं करते, जिससे हमारा नुकसान हो। हमारे पापा किसी तरह की प्रॉब्लम होने पर या किसी मुसीबत में घिरने पर हमें उससे उबारते भी हैं। इस तरह वह हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। वह हमारे सुरक्षित जीवन को लेकर चिंतित रहते हैं। साथ ही हमारे उज्ज्वल भविष्य के लिए भी प्रयासरत रहते हैं।

## हमारा भी है पापा के प्रति फर्ज

बच्चों, जब हमारे पापा हमारा इतना ध्यान रखते हैं तो हमारा भी उनके प्रति फर्ज है कि हम भी उनके लिए कुछ अच्छा करें। वैसे तो हमें हर दिन अपने पापा के प्रति प्यार और सम्मान प्रकट करना चाहिए।

लेकिन जब मौका फादर्स-डे का हो तो हमें उन्हें कुछ स्पेशल जरूर फील करवाना चाहिए। बच्चों, यहां हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, इनमें से कोई आइडिया फादर्स-डे पर अपना कर अपने पापा को स्पेशल फील करा सकते हो।

## पापा से शेयर करो अपनी फीलिंग्स

फादर्स-डे पर अपने पापा को यह जरूर बताओ कि वे तुम्हारे लिए कितने इंपॉर्टेंट हैं। तुम उनसे बहुत प्यार करते हो, उनकी बहुत रेस्पेक्ट भी करते हो। वह 'दुनिया के बेस्ट पापा' हैं। यह बात तुम कुछ अलग ढंग से भी कह सकते हो, जैसे- उनके व्हाट्सएप पर वॉइस-मैसेज भेज सकते हो या फिर पापा के नाम प्यारा-सा लेटर भी लिख कर तुम उनके प्रति अपनी फीलिंग्स एक्सप्रेस कर सकते हो। पापा जब तुम्हारा वॉइस-मैसेज सुनेंगे या लेटर पढ़ेंगे, उन्हें बहुत ही अच्छा लगेगा, वह बहुत खुश होंगे।





## पापा को दो प्यारा-सा गिफ्ट


फादर्स-डे वाले दिन तुम अपने प्यारे पापा को कोई लवली गिफ्ट भी दे सकते हो। तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी, तुम उसी में सेव की हुई मनी या फिर मम्मी से पैसे लेकर अपने पापा के लिए कोई अच्छा-सा गिफ्ट खरीद कर उन्हें दे सकते हो। तुम अपने पापा को पेन, टाई, बेल्ट, वॉलेट, शर्ट, परफ्यूम या कॉफी मग जैसी कोई ऐसी चीज गिफ्ट में दे सकते हो, जो उनके काम की हो। जब उन्हें इस तरह का कोई गिफ्ट मिलेगा, वे बहुत खुश होंगे। उन्हें लगेगा कि तुम उनका कितना ख्याल रखते हो। इसके अलावा तुम पापा को अपने हाथों से बनाया कोई प्यारा-सा कार्ड भी दे सकते हो।

## अपने पापा की मानो हर बात

बच्चों, जैसे पापा तुम्हारी हर फरमाइश पूरी करते हैं, वैसे ही तुम्हें भी अपने पापा की हर बात माननी चाहिए। इस बात का ध्यान रखो, वे जो भी कहते हैं, तुम्हारी भलाई के लिए ही कहते हैं। अगर तुम उनकी बताई और समझाई बातों पर अमल करोगे तो निश्चित ही जीवन में सफल होगे। यह ध्यान रखो, तुम्हारी खुशी में ही तुम्हारे पापा की खुशी है। तो बच्चों इस फादर्स-डे पर अपने आप से प्रॉमिस करो कि तुम अपने पापा की हर बात मानोगे। बच्चों, तुम्हारी यह कोशिश होनी चाहिए कि कुछ ऐसा करते रहो, जिससे तुम्हारे पापा को तुम पर प्राउड हो। यह पापा के लिए तुम्हारी तरफ से बेस्ट गिफ्ट होगा। उन्हें खुशियों से भर देगा। *

## अपने पापा के पापा को नहीं भूलना

बच्चों, तुम्हारे पापा-मम्मी 'फादर्स-डे' पर अपने-अपने पापा यानी तुम्हारे दादाजी और नानाजी को विश करेंगे ही! तुम भी उन्हें जरूर विश करना। अगर तुम्हारे दादाजी तुम्हारे साथ रहते हैं, तो फादर्स-डे पर तुम उन्हें विश करो। यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा के पापा हैं, घर में सबसे बड़े हैं, उन्हें सबका प्यार और सम्मान मिलना ही चाहिए। अगर दादाजी तुम्हारे साथ नहीं रहते हैं, अपने होम टाउन में रहते हैं तो उन्हें वॉयस-कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो, उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। सिर्फ दादाजी को ही नहीं, तुम अपनी मम्मी के पापा यानी अपने नानाजी को भी 'हैप्पी फादर्स-डे' कहकर जरूर विश करो, उन्हें भी बहुत ज्यादा खुशी होगी।



जानकारी / नयनतारा

# फादर्स-डे की कब हुई शुरुआत

हर बच्चे को अपने पापा दुनिया के सबसे प्यारे, न्यारे पापा लगते हैं। इसलिए बच्चे, फादर्स-डे को बहुत उत्साह-उमंग से सेलिब्रेट करते हैं। क्या तुम जानते हो फादर्स-डे की शुरुआत कब से और किस देश से हुई, जानो।




बच्चों, अपने पिता के प्रति सम्मान और प्यार प्रकट करने के लिए हम प्रत्येक वर्ष जून माह के तीसरे रविवार को फादर्स-डे मनाते हैं। फादर्स-डे की शुरुआत कब से और कहां से हुई? यह तुम जरूर जानना चाहोगे। हम यहां इसकी पूरी जानकारी विस्तार से तुम्हें दे रहे हैं।

**एक बेटी ने की शुरुआत :** बच्चों, अमेरिका की सोनोरा स्मार्ट डोड नाम की महिला ने अपने और दुनिया के सभी पिताओं को सम्मान दिलाने के लिए फादर्स-डे मनाने की शुरुआत की। असल में सोनोरा ने देखा कि उसके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट अपने बच्चों से बहुत प्यार करते थे। सोनोरा ने यह भी देखा-जाना कि जिस तरह से उसके पिता अपने सभी बच्चों से प्यार करते हैं, हर तरह से अपने बच्चों के सुख और उनकी खुशी के लिए समर्पित रहते हैं, वही प्यार और समर्पण सभी पिताओं में अपने बच्चों के प्रति दिखता है। ऐसे में सोनोरा के दिमाग में आया कि बच्चों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने पिता के प्यार, समर्पण और त्याग के लिए कृतज्ञता व्यक्त करें। उनकी इसी सोच ने उन्हें फादर्स-डे मनाने के लिए प्रेरित किया। बस फिर सोनोरा स्मार्ट डोड ने फादर्स-डे मनाया। उसने हर साल इसे सेलिब्रेट किया, दूसरे लोग भी सोनोरा की तरह इसे सेलिब्रेट करने लगे।


सोनोरा स्मार्ट और उनके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट

**फादर्स-डे के लिए तय हुआ जून का तीसरा रविवार :** जब अमेरिका में जगह-जगह फादर्स-डे मनाया जाने लगा तो राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने साल 1966 में जून महीने के तीसरे रविवार को पिताओं के सम्मान में फादर्स-डे के रूप में मनाए जाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया। बाद में 1972 में अमेरिका में फादर्स-डे पर सरकारी छुट्टी घोषित की गई। इसके बाद से दुनिया के लगभग सभी देशों में फादर्स-डे मनाए जाने की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत में भी यह बहुत उत्साह से मनाया जाने लगा।

**अलग-अलग डेट्स पर फादर्स-डे :** बच्चों, अमेरिका के साथ-साथ भारत, ब्रिटेन, कनाडा जैसे ज्यादातर देशों में फादर्स-डे जून महीने के तीसरे रविवार को ही मनाया जाता है। लेकिन बहुत-से देशों में यह अन्य तारीखों और दिनों को भी मनाया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में यह सितंबर के पहले रविवार को मनाया जाता है। नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड में नवंबर के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। ताइवान में यह आठवें महीने की आठ तारीख यानी आठ अगस्त को मनाते हैं, क्योंकि मैंडरिन भाषा में आठ यानी 'एट' का उच्चारण 'डैड' से मिलता-जुलता होता है। इस तरह फादर्स-डे आज दुनिया के अधिकांश देशों में लोग सेलिब्रेट करते हैं। लोग अपने पिता के प्रति अपनी प्यारी और खूबसूरत भावनाएं प्रकट करते हैं। पिता भी अपने बच्चों का प्यार पाकर बहुत खुश होते हैं, उन्हें अपना आशीर्वाद देते हैं। बच्चों, तुम भी हर बार फादर्स-डे जरूर मनाया करो। हैप्पी फादर्स-डे...! *

## जीके क्विज-108

1. हाल में आंध्र प्रदेश और ओड़ीशा राज्य के मुख्य मंत्री पद की शपथ किसने ली है?
2. कुछ समय पूर्व ही 55 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला कौन बनी हैं?
3. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
4. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी?
5. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
7. त्रिपिटक का संबंध किस धर्म से है?
8. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
9. उस्ताद जाकिर हुसैन का संबंध किस वाद्य यंत्र से है?
10. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?



**बच्चों, जीके क्विज-108 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-107 का उत्तर :** 1.अग्निबाण, 2.भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 3.आगरा, 4.बांग्लादेश, 5.सरदार वल्लभ भाई पटेल, 6.गंगा डॉल्फिन, 7. तैराकी (स्वीमिंग), 8.असम, 9. बंकिमचंद्र चट्टापाध्याय, 10.बंबई से ठाणे

**जीके क्विज-107 का सही उत्तर देने वाले :** नितिन-दुर्ग, हर्षिता-ईमेल से, अभि-शहडोल, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पोषण-बेमेतरा, शुभम-बिलासपुर, पवन-जींद, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद

## हंसगुल्ले

**पापा :** आज मैथ्स के टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से 20 नंबर कम।
**पापा :** अच्छा, मोनू के कितने नंबर आए?
सोनू : 20 नंबर।
**-रंजीत, हिसार**

**नव्या :** अगर नदी में नीबू का पेड़ है, तो नीबू कैसे तोड़ेंगे?
**नैंसी :** चिड़िया बनकर।
**नव्या :** अरे, तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**नैंसी :** वही, जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया होगा।
**-खुशबू, रायपुर**



**मम्मी :** तुम क्या लिख रहे हो बेटा?
**रोहन :** मम्मी, मैं गर्मी को लेटर लिख रहा हूं।
**मम्मी :** अच्छा! क्या लिख रहे हो लेटर में?
**रोहन :** 'डियर गर्मी, हिम्मत है तो दिसंबर-जनवरी में आओ।'
**-शुभम, भोपाल**

कहानी
डॉ. मंजरी शुक्ला

मयंक अपने पापा को फादर्स-डे पर टचस्क्रीन वाला मोबाइल गिफ्ट देना चाहता था, क्योंकि पुराने की-पैड वाले मोबाइल के इस्तेमाल से पापा की अंगुलियों में जोरों से दर्द होता था। मोबाइल लेने के चक्कर में मयंक ने नादानी में एक ऐसी हरकत की, जो उसे नहीं करनी चाहिए थी। मयंक को बहुत आत्मग्लानि हुई। क्या मयंक के पापा को नया मोबाइल मिल सका?

# हैप्पी फादर्स-डे



मयंक बैठा कुछ सोच रहा था। मम्मी सामने आईं तो बोला, 'मुझे पापा को नया मोबाइल लाकर देना है।' मम्मी को यह सुनकर हंसी आ गई, वह बोलीं, 'तू अभी इतना छोटा है। आठवीं कक्षा में पढ़ता है, तेरी कोई कमाई-वमाई है नहीं, कहां से लाएगा मोबाइल?'

'पर पापा का मोबाइल कितना खराब हो चुका है।' मयंक दुखी स्वर में बोला। मम्मी ने मयंक को दुखी देखा तो आगे कुछ नहीं बोलीं। चुपचाप वहां से चली गईं। मयंक घर से बाहर निकल आया। सड़क की ओर अपने ऑटो में बैठे पापा छोटे-से बटन वाले मोबाइल के साथ जूझ रहे थे।

मयंक उनके पास जाकर बोला, 'जब आपके अंगूठे की हड्डी बढ़ी हुई है, अंगुलियों में सूजन रहती है तो टचस्क्रीन वाला मोबाइल ले लीजिए ना। उसे यूज करने में आपको परेशानी नहीं होगी।'

पापा ने अपने पुराने से पीले और काले रंग के ऑटो की तरफ देखा और बोले, 'मैं तो सारा दिन ऑटो चलाता हूं। किसी को फोन करता ही नहीं। यह मोबाइल तो सिर्फ इसलिए है, लोग मुझे फोन करके बुला सकें।'

मयंक को रोना आ गया। वह बिना कुछ कहे चल दिया और कुछ दूर जाकर बैठ गया। उसने देखा कि मोबाइल का बटन जोर से दबाने के कारण पापा के हाथ में दर्द होता है, वे 'आह' बोलते हैं। तभी मयंक का दोस्त अमित आ गया। मयंक को देखते ही अमित बोला, 'मैं पापा के लिए 'फादर्स-डे' का गिफ्ट लेने जा रहा हूं। तू मेरे साथ चलेगा?'

'क्या देगा गिफ्ट में?' मयंक ने उत्सुकता से पूछा।

'मोबाइल!' कहते हुए अमित मुस्कुराया। मयंक को और जोर से रोना आ गया। उसने पापा की तरफ देखा जो मोबाइल की घंटी बजने के बाद भी बटन नहीं दबा पा रहे थे। वह आंसू पोंछते हुए अमित के साथ चल दिया। मोबाइल की दुकान पर बहुत भीड़ थी। अमित बोला, 'आज दुकानदार शायद किसी नौसिखिए को अपनी जगह बैठा गया है। देखो तो, कैसी धक्का-मुक्की मची हुई है।'

तभी मयंक की नजर एक मोबाइल पर पड़ी। उसने मन ही मन सोचा, 'सुनहरे रंग का यह खूबसूरत टच-स्क्रीन मोबाइल अगर मैं ले लेता हूं तो पापा को पुराने बटन वाले मोबाइल से छुटकारा मिल जाएगा।' मयंक ने भीड़ का फायदा उठाते हुए कांपते हाथों से मोबाइल उठाकर पैंट की जेब में डाल लिया। तब तक अमित ने अपने मोबाइल के पैसे दे दिए थे। दोनों दुकान के बाहर आ गए।

अमित बोला, 'मैंने कब से सोच रखा था, फादर्स-डे पर पापा को मोबाइल देने के लिए।'

'तुम्हारे पास पैसे कहां से आए?' मयंक ने पूछा।

अमित ने बताया, 'मेरे घर के पास एक आंटी घायल और बीमार डॉगीज के लिए एनजीओ चलाती हैं...।'

'हां-हां, देखा है मैंने। मैंने वहां पर कई डॉगीज भी देखे हैं।' मयंक बीच में ही अमित से बोला।

अमित ने आगे बताया, 'स्कूल से आने के बाद मैं रोज दो घंटे के लिए वहां जाता हूं। वहां डॉगीज को खाना देता हूं, उन्हें वेटरनरी डॉक्टर के पास ले जाता हूं। मुझे उनकी सेवा करके बहुत खुशी मिलती है। इस काम के बदले आंटी मुझे पैसे देती हैं, वो अलग।' अमित यह सब बहुत ही खुशी और गर्व के साथ बता रहा था।

'फादर्स-डे पर अपने पापा को चोरी का मोबाइल देकर क्या मैं गलत नहीं करूंगा? पापा को जब सच्चाई का पता चलेगा, तो उन्हें कितना दुख होगा, वह एक शर्मिंदगी महसूस करेंगे!' अमित की बातें सुनकर मयंक मन ही मन सोचने लगा।

मयंक को खयालों में गुम देखकर अमित ने उसे टोका, 'अब बीच सड़क पर खड़े होकर क्या सोचने लगे?'

'मैं अभी आया..।' कहते हुए मयंक ने दुकान की तरफ दौड़ लगा दी और भीड़ में जहां से मोबाइल उठाया था, वहीं रखकर वापस चला आया।

शाम को जब मयंक के पापा घर लौटे, तो वे अपने बेटे से बोले, 'सुबह तू मेरा दर्द देखकर बहुत दुखी था ना, तो मैंने किश्तों पर टचस्क्रीन मोबाइल ले लिया है।'

'पर मैं आपको कोई गिफ्ट नहीं दे पाया।' मयंक भरे गले से बोला।

'तू पढ़-लिख कर एक ईमानदार इंसान बने, बस यही मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट है।' पापा ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा। मयंक खुशी के मारे उनके गले लग गया और सुबकते हुए धीरे से बोला, 'हैप्पी फादर्स-डे।' *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## पापा जी

इतने अच्छे, सबको भाते पापा जी,
जाते सुबह, शाम को आते पापा जी।
हंसते-हंसते काम सभी निबटाते हैं,
बिल्कुल आलस नहीं दिखाते पापा जी।
बिना जगाए ही तड़के जग जाते हैं,
बोलो कहां अलार्म लगाते पापा जी।
तरह-तरह के योग नियम से करते हैं,
पूजा करते, ध्यान लगाते पापा जी।
खूब मिठाई, फल, मेवे, नमकीन अहा!
झोला भर-भर कर घर लाते पापा जी।
नहीं बहाना और नहीं आनाकानी,
जो भी चाहूं, मुझे दिलाते पापा जी।
समय मिले तो साथ खेलते-खाते हैं,
बच्चों में बच्चा बन जाते पापा जी।
दादी जी के सर में चंपी करते हैं,
दादा जी के पैर दबाते पापा जी।
सबकी सेवा में रहते मशगूल सदा,
सुख बरसाकर, सुख हैं पाते पापा जी।
अच्छे नंबर देख हमारे खुश होते,
हां जी, फूले नहीं समाते पापा जी।
कैसे उनकी सेवा करें, चलो सोचें,
खुद तो कुछ भी नहीं बताते पापा जी।

## रंग भरो-152

**रंग भरो-152** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्यांश, दुर्ग


उदय, बालोद


रितेश, मटियारी


सृष्टि, रायपुर


अपर्णा, कबीरधाम


अंकिता, धमतरी

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

यशिका-बिलासपुर, टियांश-रायपुर, तक्षित-बिलासपुर, सारिका-हिसार, समृद्धि-शहडोल, सक्षम और समर्थ-रायपुर, रेणु-ईमेल से, राजनंदिनी-रायपुर, सुयश-बिलासपुर, पलक-धमतरी, ऐश्वर्या-कोंडागांव, शुभम-बिलासपुर, दिनकर-कटनी

## रंग भरो 153


बच्चों, यहां हम फादर्स-डे से जुड़ा एक चित्र दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## परछाई पहचानो

बच्चों, यहां अपने पापा के कंधे पर बैठकर मस्ती कर रहे बच्चे के चार चित्र और उसके बगल में एक परछाई दी गई है। तुमको जल्दी से यह बताना है कि यह परछाई किस चित्र की है?






उत्तर : D

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक बढ़ाई गईं



**लखनऊ।** यूपी में भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक के लिए बढ़ा दी गई हैं। वहीं, बच्चे 28 जून से स्कूल आएंगे। 28 जून से बच्चे सुबह 7.30 बजे से 10.00 बजे तक उपस्थित रहेंगे। वहीं, एक जुलाई से स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक कर दिया गया है। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जानकारी दी है।

### अस्पताल के टॉयलेट में मिला बच्चे का भ्रूण

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में कांठ रोड स्थित कोठीवाल डेंटल अस्पताल के टॉयलेट में तीन माह के बच्चे का भ्रूण मिला है। जब एक महिला टॉयलेट में गई तो इसकी जानकारी मिली। सिविल लाइंस थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और फोरेंसिक टीम बुला ली। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच पड़ताल की है। बच्चे के भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।



### ट्रक से टकराया ऑटो 5 की मौत, 6 घायल

**गढ़वा।** झारखंड में भीषण सड़क हादसा हो गया है। यहां एक ऑटोरिक्शा और ट्रक की भिड़ंत में 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है जबकि 6 घायल बताए जा रहे हैं। यह सभी लोग ऑटोरिक्शा में बैठे हुए थे। इसी दौरान ऑटो रिक्शा और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसा गुरुवार देर रात करीब डेढ़ बजे गढ़वा जिले के बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव के पास हुआ। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि ऑटोरिक्शा में कुल 12 लोग सवार थे। थाना प्रभारी आदित्य नायक ने यह जानकारी दी।



---

मथुरा में श्रीकृष्ण की लीला स्थली देखना होगा आसान

# बरसाना के लाड़ली मंदिर के लिए जल्द शुरू होगी रोप वे सुविधा, आज होगा ट्रायल


एजेंसी ▶▶ मथुरा

कान्हा की नगरी मथुरा में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से बरसाना में ब्रम्हाचल की पहाड़ियों में स्थित लाड़ली मंदिर के लिये रोप वे सुविधा का शुभारंभ जल्द होगा। बरसाने की रोप वे सुविधा शुरू होने से तीर्थयात्री बरसाने के उन मनोहारी स्थलों को भी देख सकेंगे जहां पर श्यामाश्याम ने लीलाएं की थीं। उत्तर प्रदेश व्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ एसबी सिंह ने बताया कि बरसाने का लाड़ली मंदिर ब्रम्हाचल की पहाड़ियों पर बने होने के कारण अभी तक तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों को 180 से अधिक गहरी सीढ़ियां चढ़ना और उतरना होता है जो बहुत अधिक कष्टकारी होता है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए तो यह पहाड़ सा नजर आता है। इससे निजात दिलाने के लिए रोप वे सुविधा चालू की जा रही है।

**खास बातें**

- परियोजना लागत 16 करोड़
- आने-जाने के लिए कुल 12 ट्रॉलियां
- एक घंटे में 500 से अधिक श्रद्धालु पहुंचेंगे मंदिर





### शहर में भी शुरू होगा रोप वे, सर्वे रिपोर्ट तैयार की जा रही

एसबी सिंह ने बताया कि बरसाना आनेवाले तीर्थयात्रियों/ पर्यटकों के लिए लाड़ली मंदिर परिसर एवं मंदिर के नीचे निशुल्क प्रसाद (भोजन) की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वृन्दावन आनेवाले तीर्थयात्रियों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए शहर में रोप वे एक अभिनव प्रोजेक्ट पर सर्वे किया जा चुका है अब उसकी फीजिबिलिटी रिपोर्ट (व्यवहारिकता रिपोर्ट) तैयार की जा रही है। मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे के अंतर्गत नेशनल रोपवे का यह प्रोजेक्ट बरसाने की रोप वे से अधिक मनोहारी होगा क्योंकि इसकी लंबाई 7.9 किलोमीटर होगी तथा इसमें वैष्णोदेवी मंदिर से दारूल पार्किंग तक 8 स्टेशन बनेंगे।

### हर समय तैनात रहेगी सहायता टीम

एसबी सिंह ने बताया कि बरसाना की रोप वे सुविधा का ट्रायल 15 जून से शुरू हो रहा है। लगभग 16 करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट में आने जाने के लिए कुल 12 ट्रालियां एक साथ चलेंगी तथा एक घंटे में 500 से अधिक लोग मंदिर पहुंच सकेंगे। बिजली चली जाने पर इनका संचालन उच्च क्षमता के जनरेटर से किया जाएगा। आंधी तूफान जैसी अचानक होनेवाली परेशानी को दूर करने के लिए सहायता टीम हर समय तैनात रहेगी।

### सड़क के नीचे यातायात चलेगा

एसबी सिंह ने बताया कि इस रोप वे से बांकेबिहारी मंदिर, इस्कॉन, प्रेम मंदिर, चन्द्रोदय मंदिर एवं वैष्णोदेवी मंदिर के दर्शन आसानी से किए जा सकेंगे। वैष्णोदेवी का स्टेशन सड़क पर ही मेट्रो स्टेशन की तर्ज पर बनेगा जिसमें नीचे से सड़क यातायात सुचारू रूप से चलता रहेगा। रोप वे की इस योजना में एक बड़ा स्टेशन वैष्णवदेवी पर और दूसरा दारूल पार्किंग पर होगा। इसकी ट्रॉली या कंडोला मोनो केबल डिटेचेबिल सिद्धांत पर काम करेगा तथा रोप वे की ऊंचाई 25 मीटर होगी और 32 मिनट में एक छोर से दूसरे छोर पहुंच सकेंगे क्योंकि इसकी स्पीड 6 मीटर/ सेकेंड होगी तथा इस प्रोजेक्ट में लगभग 2000 लोग एक घंटे में मनोहारी रोप वे का आनंद ले सकेंगे।इस मार्ग पर यात्रा बहुत अधिक मनोरंजक होगी।

---

बकरीद को लेकर सीएम योगी ने पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

# न सड़क पर नमाज हो, न विवादित स्थल पर कुर्बानी, नई परंपरा न डालें

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

आगामी पर्वों-त्योहारों के दृष्टिगत सीएम योगी ने प्रदेश के पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में निर्देश दिए कि यदि कोई शांति व्यवस्था को खराब करने का प्रयास करता मिले तो उसके साथ पूरी कड़ाई की जाए। जनता को संदेश दें कि सरकार की कार्रवाई माफिया के खिलाफ है, गरीब के खिलाफ नहीं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्वों-त्योहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नरों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तानों द्वारा की जा रही तैयारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को सुशासन का मंत्र देते हुए संवाद व समन्वय बनाकर जनता का विश्वास जीतने पर बल दिया। बकरीद पर तैयारियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सड़क पर नमाज नहीं होगी और प्रतिबंधित पशु कटें तो हर हाल में कार्रवाई हो।

**खास बातें**

- प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो
- शांति व्यवस्था भंग करने वालों के साथ कड़ाई हो
- वीआईपी कल्चर स्वीकार्य नहीं
- जनता दर्शन कार्यक्रम जिला, रेंज व ज़ोन स्तर भी तत्काल शुरू हो



### शासन-प्रशासन 24 घंटे सतर्क रहे

सीएम योगी ने कहा कि आगामी 16 जून को गंगा दशहरा, 17 जून को बकरीद, 18 जून को ज्येष्ठ माह का मंगल और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन है, जबकि जुलाई में मोहर्रम और कांवड़ यात्रा जैसे कार्यक्रम होने हैं। स्वाभाविक रूप से यह समय कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। इस कारण शासन-प्रशासन को 24 घंटे सतर्क रहने की आवश्यकता है। इन आयोजनों के लिए प्रदेश में 15 से 22 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। गंगा दशहरा के दृष्टिगत गंगा नदी के घाटों की साफ-सफाई और साज-सज्जा की जाए।

### धर्मगुरुओं व प्रतिष्ठित जनों से संवाद बनाएं

सीएम ने कहा कि थाना, सर्किल, जिला, रेंज, जोन व मंडल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं व समाज के अन्य प्रतिष्ठित जनों के साथ संवाद बनाएं। बकरीद पर कुर्बानी के लिए स्थान का चिह्नांकन पहले से ही होना चाहिए। इसके अतिरिक्त कहीं और कुर्बानी न हो। विवादित व संवेदनशील स्थलों पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए।

### परंपरानुसार नमाज हो

सीएम ने कहा कि नमाज परंपरानुसार एक निर्धारित स्थल पर ही हों। सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज नहीं होनी चाहिए। आस्था का सम्मान करें किंतु किसी नई परंपरा को प्रोत्साहन न दें। वीडियोग्राफी कराएं व ड्रोन का उपयोग करें। शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ाई की जाए।

### अधिकारियों की जवाबदेही तय करें

सीएम योगी ने कहा कि जनता दर्शन कार्यक्रम पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। जिलों से आ रहीं शिकायतों व आवेदनों की समीक्षा की जा रही है। जिस क्षेत्र से अधिक शिकायतें मिल रहीं हैं, उसी अनुसार वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जनता दर्शन कार्यक्रम जिला, रेंज व ज़ोन स्तर भी तत्काल शुरू हो। कौन सा अधिकारी किस दिन जहां जनसुनवाई करेगा, इसके बारे में जनता के बीच पहले से ही पहले से प्रसारित की जाए।

---

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी बोले-

# जनादेश स्वीकार, परिणाम की करेंगे समीक्षा योगी के नेतृत्व में यूपी व देश को विकसित बनाएंगे



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा है कि 2024 में यूपी में जो जनादेश आया है। हम उसे स्वीकार करते हैं और परिणाम की समीक्षा करेंगे। चौधरी ने कहा कि हमने संगठन की बैठक की है, जिस प्रकार के परिणाम आए हैं उस जनादेश को हमने स्वीकार किया है, लेकिन एक संगठन के नाते हमने सभी विषयों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मुझे निश्चित रूप से विश्वास है कि हम उन सब कारणों को दूर करके पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी व देश को विकसित बनाएंगे। हम उन सब कारणों को जानने का प्रयास करेंगे जिनके कारण हमें अपेक्षा के मुताबिक परिणाम नहीं आए। भाजपा अध्यक्ष शुक्रवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें किन कारणों से नुकसान हुआ है इसकी रिपोर्ट बनाएंगे।

### हार के अलग-अलग कारण गिनाए

भाजपा में हार पर मंथन शुरू हो गया है। किसी ने कहा कि कई जातियां छिटकने से हार गए। कोई बोला संगठन निष्क्रिय रहा। किसी ने कार्यकर्ताओं की उदासीनता की बात की तो किसी ने हार का ठीकरा भितरघातियों पर फोड़ा। टिकटों का जल्दी घोषित होना भी कारण बताया। ऐसी तमाम बातें भाजपा के अवध क्षेत्र की सीटों से हारे प्रत्याशियों ने कहीं। पार्टी द्वारा क्षेत्रवार की जा रही समीक्षा के क्रम में उन्हें प्रदेश कार्यालय पर बुलाया गया था। प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के सामने अपनी बात रखी।

---

## पेज 1 का शेष

### यूक्रेन के राष्ट्रपति...

में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्विटजरलैंड के प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रधानमंत्री को इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

**जेलेंस्की से बोले मोदी, बातचीत से आएगी शांति:** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से दोहराया कि भारत जन-केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है और उसका मानना है कि शांति का रास्ता बातचीत और कूटनीति से होकर गुजरता है।

### फ्रांस, ब्रिटेन से ...

अपनी शुभकामनाएं भेजी, जो अगले महीने शुरू होंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलकर बहुत खुशी हुई। मैंने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने की बहुत गुंजाइश है। हमने रक्षा क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने बारे में भी बात की।

### 2047 तक विकसित...

21वीं सदी तकनीक की सदी है। मानव जीवन का ऐसा कोई पहलू नहीं है, जो कि तकनीक के प्रभाव से वंचित हो। एक ओर तकनीक मनुष्य को चांद पर ले जाने में सक्षम है। वहीं यह साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियां भी पैदा करती है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि तकनीक का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे, समाज के हर व्यक्ति के सामर्थ्य को उजागर करे और मानवीय शक्तियों को सीमित करने के बजाय उनका विस्तार करे। तकनीक में एकाधिकार को सर्वाधिकार में बदलना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें तकनीक को संहारक नहीं सर्जनात्मक रूप देना होगा। तभी हम एक समावेशी समाज की नींव रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा में भारत राष्ट्रीय रणनीति बनाने वाले पहले कुछ देशों में शामिल है। इसी के तहत हमने इस साल ए.आई. मिशन भी लॉन्च किया है। पिछले वर्ष जी-20 शिखर सम्मेलन में एआई के क्षेत्र में वैश्विक प्रशासन के महत्व पर बल दिया गया। भविष्य में इसे पारदर्शी, सुरक्षित, सुलभ और जिम्मेदार बनाने के लिए हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

**बताए ऊर्जा के भारत के सिद्धांत:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऊर्जा का जिक्र करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में भारत की सोच चार सिद्धांतों पर आधारित है। इनमें उपलब्धता, सुलभता, स्वीकार्यता और आसान पहुंच शामिल हैं। हम 2047 तक नेट जीरो के लक्ष्य को पाने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। हमें आने वाले समय को ग्रीन ऐरा बनाने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए भारत ने मिशन लाइफ की शुरुआत की है।

**साझा की वैश्विक दक्षिण की चुनौतियां:** पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चिताओं और तनाव में वैश्विक दक्षिण के देशों को सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। भारत ने इन देशों की प्राथमिकताओं और चिंताओं को विश्व पटल पर रखना अपना दायित्व समझा है। हम इन सभी विषयों पर जी-7 के साथ संवाद और सहयोग जारी रखेंगे।

### नोट गिनने मंगानी...

की है। पुलिस रातभर नोट गिनती रही। शुक्रवार सुबह नोट गिनने के लिए मशीनें लगानी पड़ी। पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये एमपी, राजस्थान और पंजाब के रहने वाले हैं। पुलिस को कृष्णा पार्क और मुस्सद्दीपुरा में बिल्डर पीयूष चोपड़ा के घर में गेमिंग और आईपीएल सट्टे की सूचना मिली थी, जिसके बाद यह रेड की गई। पुलिस के छापे की सूचना मिलने के कारण यहां कारोबार चलाने वाला मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा भाग निकला।

**पुलिस ने इन 9 लोगों को गिरफ्तार किया:** 1. रोहित पिता सुरजीत सिंह (26), रेलवे कॉलोनी नीमच, एमपी। 2. गौरव पिता सूरजमल जैन (26) कंचननगर नीमच। 3. मयूर जैन पिता विजय जैन (30), बगाना नीमच। 4. आकाश मसीही पिता अजय मसीही (26), मिशन अस्पताल के पास नीमच। 5. हरीश पिता राजमल तेली (36), डाक बंगला रोड निम्बाहेडा राजस्थान। 6. गुरप्रीत सिंह पिता सरदार गुरमिल सिंह (36), माता नगर लुधियाना पंजाब। 7. जसप्रीत उर्फ रूबल पिता हरमंदर सिंह (30), 2730 अमरपुरा लुधियाना पंजाब। 8. सतप्रीत सिंह पिता परमजीत सिंह (34), शहीद भगत सिंह नगर लुधियाना पंजाब। 9. चेतन नेगी पिता स्व. पूरनचंद नेगी (37), शराबानगर लुधियाना पंजाब।

### जूम मीटिंग से...

से जुड़ते थे। एक बार में एक लाइन पर 50,000 से 25,00,000 रुपए तक का धंधा किया जाता था। धंधा कितना किया जाना है यह पीयूष चोपड़ा अपने साथियों को बताता था। इसके बाद बुकीज को धंधे में उतारते थे। एक मैच में करोड़ों रुपयों की हार-जीत की बाजी लगाई जाती थी।

### इंद्रेश कुमार के ...

शायद अब इन्हें लोकतंत्र की ताकत का अहसास हो चुका होगा। हालांकि, यह राम जी की ही कृपा थी कि भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी बन सकी, लेकिन इसके बावजूद भी ये लोग राम जी कृपा को नहीं समझ पाए। शायद, इसलिए जो शक्ति भाजपा को इस चुनाव में मिलनी चाहिए थी, वो राम जी ने अहंकार के कारण रोक दी।

## पेज 2 का शेष

### आईओआर में शांति...

अभियान और हिंद-महासागर क्षेत्र (आईओआर) में शांति और स्थिरता को बनाए रखना भारत की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। चीन का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि नौसेना इस बात को पुख्ता करने में लगी हुई है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कोई भी देश आर्थिक मजबूती और सैन्य ताकत के बल पर किसी अन्य देश की सामरिक स्वायत्तता को खतरे में नहीं डाल सकता है।

### भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ...

पंजीकरण विंडो 09 फरवरी से 09 मार्च 2024 तक खुली थी। उसके बाद, 09 मार्च 2024 के सार्वजनिक नोटिस के अनुसार इसे 16 मार्च 2024 तक बढ़ा दिया गया। 7 और दिनों का यह असामान्य विस्तार क्यों दिया गया? क्या यह सच नहीं है कि नीट परीक्षा के परिणाम 10 दिन पहले घोषित किए गए थे? क्या नीट-यूजी पेपर के परिणाम 14 जून के बजाय 4 जून को दस दिन पहले जारी किए गए थे।

### नई दिल्ली स्थित फिल्म...

आवंटित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणवी फिल्मों सहित अन्य फिल्मों की शूटिंग के लिए अनुमति हेतु विशेष स्थानों को चिन्हित किया गया है। साथ ही अनुमति के लिए आवेदन प्रक्रिया को बेहद सरल बनाया गया है। अब ऑनलाइन आवेदन करके शूटिंग हेतु अनुमति ली जा सकती है। इस अवसर पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के अतिरिक्त निदेशक विवेक कालिया, संयुक्त निदेशक फिल्म नीरज कुमार, उप निदेशक अमित पवार सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### राजस्थान की कांग्रेसी...

के रणनीतिकारों की कोशिश है कि हरियाणा और महाराष्ट्र में साथी दलों की सहायता से भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त दी जा सके। हरियाणा की कुल 90 विधानसभा सीटों में विधायकों की संख्या विभिन्न कारणों से घटकर 87 है। इनमें से 41 विधायक भाजपा के हैं, जब कि अंबाला से मुलाना विधायक वरुण चौधरी के जीतने के बाद कांग्रेस के पास विधायकों की संख्या घटकर 29 पहुंच गई है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा से छिटकी जेजेपी के कोटे में 10 विधायक हैं। कुल 5 निर्दलीय विधायक हैं। एक एक इंडियन नेशनल लोकदल और हरियाणा लोकहित पार्टी से विधायक हैं। निर्दलीय विधायकों में बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद की पिछले महीने ही असामयिक मृत्यु हो गई। एक अन्य निर्दलीय विधायक रंजीत सिंह ने विस की सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा की टिकट पर हिसार से चुनाव लड़े। कांग्रेस के जयप्रकाश से हुई चुनावी भिडंत में उनकी हार हुई।राज्यसभा उपचुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस रणनीतिकारों की टीम के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, निर्दलीय विधायक नारायण पाल रावत और हरियाणा लोकहित पार्टी के गोपाल कांडा के समर्थन के बाद भाजपा का आंकडा पहुंचता है 43 विधायकों का जब कि कांग्रेस पार्टी और उनके समर्थकों का गुणाभाग है 44 विधायकों के समर्थन का। जिनमें कांग्रेस के 29 विधायकों के साथ, जेजेपी के 10, तीन निर्दलीय विधायकों ने कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने का एलान किया है। कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों का उम्मीद है कि मेहम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू और अभय चौटाला के नेतृत्व वाली इंडियन नेशनल लोकदल के एक विधायक कांग्रेस को समर्थन करेंगे। इधर, भाजपा के रणनीतिकारों का दावा है कि जेजेपी के दस में छह विधायक भाजपा प्रत्याशी को वोट करेंगे। ऐसा हुआ तो कांग्रेस पार्टी की जीती हुई दीपेंद्र हुड्डा की सीट राज्यसभा उपचुनाव में भाजपा झटकने में कामयाब होगी। रस्साकशी का दौर जारी है।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **जसविन्दर @रोमी**, पुत्रः कुलदीप सिंह, पताः सी–18 / 19, रंजीत विहार, चंदर विहार, निलोठी एक्स. दिल्ली ने **FIR No. 98/24, U/s 356/379/34 IPC**, थानाः हरी नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जसविन्दर @रोमी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जसविन्दर @रोमी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 98/24, U/s 356/379/34 IPC,** थानाः हरी नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जसविन्दर @रोमी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 08.07.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री स्वाती भारद्वाज, एलडी.**
**महानगर दंडाधिकारी–06**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6840/WD/2024**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज कुमार उर्फ राजा पुत्र** मुकेश कुमार **पताः** मकान नंबर 656 / 5 गली नंबर 3 पंजाबी बस्ती आनंद पर्वत दिल्ली ने **FIR No. 432/16, U/s 392/34 IPC थानाः आनंद पर्वत,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज कुमार उर्फ राजा** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज कुमार उर्फ राजा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 432/16, U/s 392/34 IPC थानाः आनंद पर्वत,** के उक्त अभियुक्त **राज कुमार उर्फ राजा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.08.2024.** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री चारु आसीवाल**
**एमएम 05, वेस्ट तीस हजारी कोर्ट दिल्ली**

**DP/7289/CD/2024**
**(Court Matter)**

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 10 एम.सी. रोहतक में फरान पाना गांव बलियाना में कर्मा माचेर के मकान से आर्य समाज मंदिर, पंचायत घर चौक से जगबीर की तरफ सुमित तक, गोरे पंडित से दिलबाग तक और राज से वेदपाल तक आईपीबी टाइल गली की मरम्मत। | 13.06.2024 28.06.2024 | 44.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 10 एम.सी. रोहतक में फरान पाना गांव बलियाना में मास्टर श्रीनिवास के मकान से जगबीर पंडित शॉप और ब्रांच गली में आईपीबी टाइल गली की मरम्मत। | 13.06.2024 20.06.2024 | 18.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद आरओ नं.–13/2025/60/26815/I/88/7 दि. 14.06.24

## चिंतन

# जी-7 बैठक से निकले युद्ध समाप्ति की राह

रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास जंग की समाप्ति होनी चाहिए। युद्ध से किसी समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता है। इसका उदाहरण प्रथम विश्व युद्ध से लेकर वर्तमान में रूस व यूक्रेन जंग तक है। युद्ध ने कभी भी शांति का मार्ग प्रशस्त नहीं किया है। हमास, हूती, हिज्बुल्लाह, इस्लामिक स्टेट, तालिबान, अलकायदा, हिज्बुल, लश्कर, जैश जैसे कट्टर इस्लामिक गुटों के आतंकवाद के खिलाफ भी जी-7 को एकजुट होना चाहिए। अब जब सात विकसित देश इटली की मेजबानी में जी-7 की बैठक कर रहे हैं, तो इसमें चर्चा का मुख्य विषय रूस व यूक्रेन जंग ही है। भारत समेत करीब एक दर्जन देश इटली के विशेष आमंत्रण पर जी-7 की बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। जी-7 की बैठक के एजेंडे में भी रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में तनाव (इजराइल-हमास जंग, व हूती व हिज्बुल्लाह का आतंक) को समाप्त करने की राह तलाशने पर चर्चा करना शामिल है। वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ बिना सिलेक्टिव हुए सामूहिक लड़ाई की जरूरत है। टेरर फंडिंग के स्रोतों को पहचानने व उसे रोकने की आवश्यकता है। जी-7 की बैठक की सार्थकता तभी अधिक होगी, जब दोनों युद्ध को खत्म करने के रास्ते निकलेंगे। आतंकवाद के खात्मे के लिए एक मैकेनिज्म बनेगा। यह भी विडंबना ही है कि संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका व चीन के होते हुए भी रूस व यूक्रेन युद्ध तीसरे साल में भी जारी है। हजराइल व हमास जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही। जंग के लिए यूक्रेन और इजराइल व हमास को मदद करने वाले मुल्कों को अपनी नीति पर विचार करना चाहिए। रूस ने वादा किया है कि 2022 में उसके भू-भाग में मिलाए गए चार क्षेत्रों से यदि यूक्रेन अपने सैनिकों को हटाना शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है तो वह 'तुरंत संघर्ष विराम करेगा और बातचीत शुरू करेगा। रूसी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय आया है जब जी-7 के नेता समेत कई वैश्विक नेता इटली में जुटे हैं और यूक्रेन में शांति कायम करने के प्रयासों के तहत स्विट्जरलैंड इस सप्ताहांत में कई वैश्विक नेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जिसमें रूस शामिल नहीं होगा। पुतिन का कहना है कि उनके प्रस्ताव का उद्देश्य यूक्रेन में संघर्ष का ठोस समाधान निकालना है, पर उनके प्रस्ताव से समाधान की उम्मीद कम लग रही है। इसमें रूस की एकतरफा शर्त है। अमेरिका की जिद यूक्रेन को नाटो में शामिल कराने की है। इसलिए भी रूस की पेशकश के माने जाने की उम्मीद कम है। अमेरिका और जी-7 के यूरोपीय देश अगर यूक्रेन को आर्थिक व हथियारों की मदद बंद कर दें, तो युद्ध को समाप्त होने में अधिक वक्त नहीं लगेगा। जी-7 में जापान को छोड़कर बाकी सदस्य देशों की रूस के साथ पुरानी अदावत है, इस अदावत के चलते ही अमेरिका व ब्रिटेन खुल कर यूक्रेन के पक्ष में खड़े हैं, ये देश रूस को पस्त करना चाह रहे हैं, पर बर्बादी यूक्रेन की हो रही है। ऐसे में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के विवेक पर युद्ध का अंत का सारा दारोमदार ठहर जाता है। जी-7 की बैठक से इतर पीएम नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ वार्ता में कहा है कि शांति का रास्ता 'बातचीत और कूटनीति' से होकर गुजरता है। इससे पहले भी पीएम मोदी राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ अलग अलग बातचीत में युद्ध छोड़ कर वार्ता के टेबल पर आने की अपील कर चुके हैं। भारत चाहता है कि दोनों युद्ध खत्म हों, विश्व में शांति हो, ताकि वैश्विक विकास को गति मिले। यूक्रेन में शांति के लिए स्विटज़रलैंड में होने वाले सम्मेलन के सफल होने की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि जी-7 बैठक से अमेरिका व विकसित यूरोपीय देशों में युद्ध समाप्ति की दिशा में मोमेंटम बनने की पूरी संभावना है।



# रक्षा क्षेत्र की चुनौतियों से निपटना होगा


विश्लेषण
डॉ. एल. एस. यादव

केंद्र की नई सरकार गठित हो चुकी है और मंत्रालयों का बंटवारा भी हो चुका है। गठबंधन की इस नई सरकार के समक्ष कई चुनौतियां हैं। अन्य क्षेत्रों की तरह रक्षा क्षेत्र में भी अनेक चुनौतियां हैं, जिनसे रक्षा मंत्रालय एवं तीनों सेनाओं को मिलकर निपटना है। सरकार में राजनाथ सिंह को फिर से रक्षा मंत्री बनाया गया है। वे पिछली सरकार में भी रक्षा मंत्रालय का कामकाज देख रहे थे। रक्षा मंत्री के लिए चीन और पाक की सीमा पर मिलने वाली चुनौतियों से निपटने की सैन्य तैयारियां भी बढ़ानी हैं। उनके लिए वित मंत्री से अधिक रक्षा बजट की मांग पूरी करवाना भी विशेष कार्य रहेगा। भारत का रक्षा बजट चुनौतियों के हिसाब से हमेशा कम रहा है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नई सरकार गठित हो चुकी है और मंत्रालयों का बंटवारा भी हो चुका है। गठबंधन की इस नई सरकार के समक्ष कई चुनौतियां हैं। अन्य क्षेत्रों की तरह रक्षा क्षेत्र में भी अनेक चुनौतियां हैं, जिनसे रक्षा मंत्रालय एवं तीनों सेनाओं को मिलकर निपटना है। सरकार में राजनाथ सिंह को फिर से रक्षा मंत्री बनाया गया है। वे पिछली सरकार में भी रक्षा मंत्रालय का कामकाज देख रहे थे। उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 11 जून को अपना कार्यभार संभाल लिया था। रक्षा मंत्री के तौर पर दूसरे कार्यकाल में राजनाथ सिंह को अग्निपथ योजना की समीक्षा करके उसे आकर्षक बनाने का काम अत्यन्त सामयिक दिया गया है। इसके अलावा सैन्य सुधारों को लागू करना, इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड का गठन, हथियारों के आयात में कमी करना, रक्षा क्षेत्र में आत्म निर्भरता को बढ़ाना, पाकिस्तान व चीन सीमा पर बने तनाव से निपटने के रास्ते निकालने की जिम्मेदारी के साथ ही रक्षा बजट अधिक करवाना है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि रक्षा मंत्री इन सभी से कैसे निपटेंगे?

अग्निपथ योजना में भर्ती होने को लेकर युवाओं ने शुरूआत से ही अपनी नाराजगी जाहिर कर दी थी। इस योजना के विरोध में काफी दिनों तक आन्दोलन चलाए गए। सोशल मीडिया से लेकर ग्राउंड तक युवाओं की यह नाराजगी दिखाई पड़ी थी। यह आत अलग है कि बाद में नवयुवक इस योजना में भर्ती होने लग गए थे। इस योजना का अनेक सेवानिवृत्त सैनिकों ने इसका विरोध करते हुए सवाल उठाए थे। इसके अलावा इस चुनाव में कुछ विपक्षी दलों ने अग्निपथ योजना के मुद्दे को जोर शोर से उठाया। वहीं कुछ लोगों ने इस योजना की समीक्षा की बात की।

उल्लेखनीय है कि इस योजना में युवाओं को चार साल के लिए भर्ती किया जाता है। यह योजना सेनांगों के लिए थी। इस योजना के 25 प्रतिशत जवानों को ही स्थायी होने का अवसर मिलेगा। शेष जवानों को अन्य क्षेत्रों में रोजगार की तलाश करनी पड़ेगी। स्थायी सैनिकों की तुलना में इनको 30 दिन की छुट्टी मिलती है। अब इस योजना में सुधार को लेकर सेना के भीतर से ही कुछ सुझाव मिले हैं, इसलिए इसकी समीक्षा किए जाने की बात चल रही है और समीक्षा के लिए सचिवों को जिम्मदारी सौंप दी गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहले ही कह चुके हैं कि अग्निपथ योजना में यदि बदलाव की आवश्यकता हुई तो वे करने को तैयार हैं। सैनिक सुधार करना सरकार के एजेंडे में शामिल है। अपने संकल्प पत्र में भाजपा ने इसे प्रमुखता से शामिल किया था। इन सैन्य सुधारों में सबसे प्रमुख सेना के तीनों अंगों थल सेना, वायु सेना एवं नौसेना को मिलाकर एकीकृत थिएटर कमांड का गठन करना है। इसमें नए सेनाध्यक्ष की भूमिका प्रमुख होगी। विदित हो कि मोदी सरकार के नेतृत्व में वर्ष 2019 में थिएटर कमांड बनाए जाने का निर्णय हुआ था और उसी समय जनरल विपिन रावत को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनाया गया था। इस योजना



का उद्देश्य छोटी या बड़ी लड़ाइयों के समय अपने निश्चित सामरिक लक्ष्यों के साथ विशिष्ट शत्रु आधारित थिएटरों में संयुक्त अभियानों के लिए थल सेना, वायु सेना एवं नौसेना को एकीकृत करना है। भरतीय सशस्त्र बल थिएटर कमांड के गठन की तैयारियों को पूरा करने में लगे हुए हैं। वर्ष 2019 से अब तक की इस अवधि में निचले स्तर पर सेवाओं को एकीकृत करने के कुछ प्रयास किए गए हैं। बीते पांच वर्षों में थिएटर कमांड के लिए उत्तम संभव मॉडल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अनेक मसौदे तैयार किए गए। अब सरकार गठन के बाद इस पर विचार किए जाने की उम्मीद है।

मार्च 2024 में स्वीडन स्थित स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) यानी कि सिपरी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारत संसार के शीर्ष हथियार आयातक देशों में शामिल है। यह संस्था दुनियाभर में हथियारों की खरीद-फरोख्त पर नजर रखती है और प्रतिवर्ष अपनी रिपोर्ट जारी करती है। सिपरी द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया कि भारत ने वर्ष 2019 से 2023 तक पांच वर्षों में दुनियाभर से 9.8 फीसदी हथियार आयात किए हैं। भारत के लिए इस चुनौती से निपटना जरूरी हो गया है, इसलिए यह आवश्यक है कि हथियारों के मामले में दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता को कम किया जाए। यह कार्य कैसे किया जाए इससे रक्षा मंत्री को निपटना होगा। बीते दशक से मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया पर लगातार जोर दिया है। इसी अभियान के तहत रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता को काफी बढ़ावा दिया गया है। इसका परिणाम यह हुआ कि भारत के रक्षा उद्योग में सैन्य साजो-सामान का उत्पादन काफी बढ़ गया है। स्वदेशी तकनीक से बनी मिसाइलें, हल्का लड़ाकू विमान तेजस, ध्रुव हेलीकॉप्टर, स्कॉरपियन श्रेणी की पनडुब्बियों ने देश के रक्षा क्षेत्र को काफी आगे बढ़ा दिया है। इस कारण भारत के रक्षा निर्यात में काफी बढ़ोत्तरी हो गई है। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत का सैन्य निर्यात 21083 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। फिलीपींस, पोलैंड तथा अफ्रीकी देशों ने भारत में मिसाइलों, विमानों और हेलीकॉप्टरों की खरीद में रुचि दिखाई है। अब जरूरत इस बात की है कि भारत रक्षा मैन्यूफैक्चरिंग इतना आगे बढ़े कि रक्षा आयात को कम किया जा सके।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के लिए पाकिस्तान और चीन की सीमा पर मिलने वाली चुनौतियों से निपटने की सैन्य तैयारियां भी बढ़ानी हैं। जहां पाकिस्तान भारतीय सीमा के नजदीक किसी भी यौद्धिक स्थिति से निपटने के लिए चीन की मदद से बंकर तैयार करने के साथ-साथ अत्याधुनिक हथियार ले रहा है तो दूसरी तरफ चीन के साथ भी तनाव बना हुआ है। वर्ष 2020 में पैदा हुए तनाव के बाद के बाद से अभी तक 21 दौर की वार्ता के बाद भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति बहाल नहीं हुई है, इसीलिए चीन और पाकिस्तान की सीमा पर जवान डटे हुए हैं। रक्षा मंत्री के लिए एलएसी तथा एलओसी पर शांति व स्थिरता बनाए रखने की चुनौती होगी।

देश की रक्षा चुनौतियों से निपटने लिए धन की अधिक आवश्यकता होती है। रक्षा मंत्री के लिए वित्त मंत्री से अधिक रक्षा बजट की मांग पूरी करवाना भी विशेष कार्य रहेगा। भारत का रक्षा बजट रक्षा चुनौतियों के हिसाब से हमेशा कम रहा है। भारत का रक्षा बजट 74 अरब डॉलर के लगभग है जबकि अमेरिका का 832 अरब डॉलर, चीन का 227 अरब डॉलर व रूस का 109 अरब डॉलर है। दुनिया के प्रमुख देशों के रक्षा बजट के हिसाब से भारत चौथे नम्बर पर है। चीन का रक्षा बजट भारत से तीन गुना से ज्यादा है। अधिक रक्षा बजट होने पर ही भारत अत्याधुनिक हथियारों के निर्माण के बाद ही अन्य देशों के बराबर पहुंच सकेगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## नीट परिणाम विवाद

राजेश जैन




# दांव पर एनटीए की साख

नीट यूजी 2024 का रिजल्ट 14 जून को जारी होने वाला था, लेकिन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी(एनटीए) ने बिना किसी सूचना के 4 जून को अचानक जारी कर दिया। परिणामों ने तब खलबली मचा दी, जब 67 स्टूडेंट्स ने 720 में से 720 का स्कोर हासिल कर लिया। इससे पहले से चल रही पेपर लीक की आशंकाओं को बल मिला और लोगों ने सवाल खड़े करने शुरू कर दिए। सोशल मीडिया के करीब सभी प्लेटफॉर्म पर नीट यूजी 2024 का रिजल्ट खूब ट्रेंड कर रहा है। कई सारे स्टूडेंट्स नीट यूजी 2024 के रिजल्ट को स्कैम बता रहे हैं। सोशल मीडिया पर कई स्टूडेंट्स रिजल्ट में धांधली के आरोप लगा रहे हैं। एनटीए ने इस बीच बार-बार सफाई दी, लेकिन हर सफाई पर नए सवाल खड़े हो गए। सवालों की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई, एनटीए के मुखिया को ही उसका चेयरमैन बना दिया गया। गड़बड़ी को लेकर दिल्ली, भोपाल, वाराणसी समेत देशभर में हजारों छात्र-छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किए हैं। 11 जून को सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पेपर लीक के मामले में भले ही काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर एनटीए से कहा है कि नीट यूजी की पवित्रता प्रभावित हुई है। हमें इसका जवाब चाहिए। पेपर लीक जैसी गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली और कलकत्ता हाईकोर्ट में नई याचिकाएं दायर की गई हैं और एनटीए की साख दांव पर लगी हुई है। बीते साल नीट यूजी में शामिल अभ्यर्थियों के औसत मार्क्स 279.41 थे, जबकि इस बार यह बढ़कर 323.55 हो गए हैं। काट ऑफ में पहली बार एक ही साल में करीब 45 अंकों की जोरदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। हालत यह है कि पिछले साल 600 नंबर पर कई जनरल बच्चों को सरकारी कॉलेज मिल गया था, इस साल 640 नंबर वाले को भी सीट नहीं मिलेगी। पिछले साल 612 नंबर पर करीब 26 हजार रैंक थी, इस साल 76 हजार स्टूडेंट्स ने यह नंबर हासिल कर लिए। टॉपर्स लिस्ट के सीरियल नंबर 62 से लेकर 69 के स्टूडेंट्स हरियाणा के एक ही सेंटर के हैं। इनमें किसी छात्र के नाम में सरनेम नहीं है। इन 8 में से 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक हासिल हुए है, वहीं, अन्य दो को 719, 718 हैं। ऐसी ही गड़बड़ी यूपी, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली और कर्नाटक के टॉपर्स के मामले में आई है। यूपी, तमिलनाडु और गुजरात में रैंक-1 वालों के रोल नंबर काफी करीबी हैं। यह समानता बताती है कि इन स्टूडेंट्स को संभवतः एक ही सेंटर अलॉट हुआ है और एक सेंटर्स से नीट के ज्यादा टॉपर्स निकले। सवाल यह भी उठ रहा है कि किसी भी स्टूडेंट को 720 में से 719 और 718 अंक कैसे मिल सकते हैं। नीट का रिजल्ट 14 जून को आना था, उसे आनन-फानन में 4 जून को तब जारी कर दिया गया जब देश लोकसभा चुनाव के परिणाम में उलझा हुआ था। आखिरी इतनी भी जल्दी क्या थी? इसके अलावा ओएमआर शीट अपलोड नहीं होने, फाड़ देने, जला देने, ओएमआर शीट और मार्कशीट में अलग अलग अंक होने की शिकायतें भी सोशल मीडिया पर खूब की जा रही है। स्टूडेंट्स का कहना है कि अगर कुछ सेंटर्स पर बच्चों का समय बर्बाद हुआ था तो उनको अतिरिक्त समय दिया जाता ग्रेस मार्क्स क्यों दिए गए। मामले में पारदर्शिता नहीं बरती गई। बिना जानकारी के ग्रेस मार्क्स क्यों दिए गए। वे बिना ग्रेस मार्क्स के नीट की ओरिजिनल मेरिट लिस्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। एनटीए ने स्पष्टीकरण जारी कर बताया है कि 5 मई को परीक्षा के दौरान कुछ सेंटर्स पर बहुत से स्टूडेंट्स का समय बर्बाद हुआ था। इसको लेकर पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट, दिल्ली व छत्तीसगढ़ में रिट पिटिशन दाखिल की गई थी। इसके चलते ग्रेस मार्क्स देने के लिए कमेटी बनाई गई थी। उसने एग्जाम सेंटर के सीसीटीवी और मौजूद कर्मचरियों की रिपोर्ट के आधार पर मूल्यांकन किया और यह मामला सही निकला। इसके लिए नॉर्मलाइजेशन फॉर्मूला लागू किया गया जो कि 13 जून 2018 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद क्लेट एक्जाम में टाइम लॉस की स्थिति से निपटने के लिए तैयार किया गया था। बहरहाल, नीट में कुछ छात्रों द्वारा असाधारण अंक प्राप्त करना सामान्य नहीं है। यह परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है। स्टूडेंट्स और उनके माता-पिता कई उम्मीदों के साथ अपने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाते हैं, लेकिन जब परीक्षा में धांधली होती है तो इनकी उम्मीदें टूट जाती हैं। इससे उन छात्रों के बीच निराशा पैदा कर दी है जो कठोर तैयारी के बावजूद कटऑफ से चूक गए। इससे मेडिकल शिक्षा प्रणाली में भरोसा भी कम होगा। विश्वास बनाए रखना और समान अवसर सुनिश्चित करना अहम है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती है



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

# बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कायर आतंकवादियों को सबक सिखाना जरूरी

जिस तरह से जम्मू कश्मीर के रियासी क्षेत्र में मां वैष्णो देवी के दरबार से दर्शन करके लौटते श्रद्धालुओं की बस पर समाज पर कलंक आतंकवादियों द्वारा हमला करने की कायरतापूर्ण घटना को अंजाम दिया गया है, उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। साथ ही पाकिस्तान की निरंतर इस तरह की आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने की कायराना सोच को मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। हैरानी की बात है कि कायर आतंकवादियों द्वारा जिस तरह से दर्शनों से लौट रहे श्रद्धालुओं की बस पर फायरिंग को अंजाम दिया गया, वहीं इस तरह से निर्दोष लोगों पर हमला करके आतंकवादियों ने यह दर्शा दिया है कि वे समूची मानवता पर ही कलंक हैं।

-रोहित गुप्ता, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### करियर से खिलवाड़ नहीं होगा



नीट परीक्षा मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत परीक्षार्थियों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। मैं परीक्षार्थियों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि किसी भी बच्चे के करियर से खिलवाड़ नहीं होगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश अनुसार सरकार आवश्यक कदम उठाएगी।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### जीवन की सार्थकता



जैसे नदी की संपूर्णता सागर तक पहुंचने और अपने अस्तित्व को उसमें विलीन कर देने में निहित है, उसी प्रकार जीवन की सार्थकता ईश्वरीय विधान के प्रति समर्पण से सिद्ध होती है। अहंकार के अवसान होते ही जीवन की दिव्यताएं प्रकट होने लगती हैं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### सावधान रहना होगा



अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद पासी जी की मरने की कामना की जा रही है। बीजेपी को दलितों से इतनी नफ़रत है कि अयोध्या से सपा सांसद को मारने की तैयारी चल रही है। पीडीए को बीजेपी जैसी नफरती पार्टी से सावधान रहना होगा।

-संजय सिंह, आप नेता

### उनके लिए दुखी हैं




कुवैत में भीषण अग्निकांड में 42 लोगों की मौत हो गई। वे महान व्यक्तिगत बलिदान देकर विदेश गए। वे काम पर गए और अपने पीछे छोड़े गए परिवारों के लिए बेहतर जीवन अर्जित किया। हम उनके लिए दुखी हैं।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# ईरान ने सेंट्रीफ्यूज लगाना किया शुरू

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने शुक्रवार को कहा कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर आलोचना का सामना करने के बाद उन्नत सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू किया है और आगामी हफ्तों में अन्य को भी लगाये जाने की योजना है। वहीं, अमेरिका ने इस कदम को परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया है। नये सेंट्रीफ्यूज लगाये जाने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम में और तेजी आएगी, जो पहले से यूरेनियम का संवर्द्धन कर उसे आयुध स्तर का बना चुका है और कई परमाणु आयुध बनाने के लिए इसका पर्याप्त भंडारण कर चुका है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की स्वीकारोक्ति में, ईरान के अधिक संवर्द्धन करने की योजना का कोई संकेत नहीं मिला है। आईएईए ने कहा कि इसके निरीक्षकों ने सोमवार को सत्यापित किया कि ईरान ने अपने नतांज संवर्द्धन केंद्र में उन्नत आईआर-4 और आईआर-6 सेंट्रीफ्यूज के तीन 'कासकेड' में यूरेनियम भरना शुरू कर दिया है। कासकेड, सेंट्रीफ्यूज का एक समूह है जो यूरेनियम के संवर्द्धन में तेजी लाता है।



## ऑफ बीट

# दुनिया के अकेले पौधे के लिए महिला साथी की तलाश

जीवाश्म विज्ञानी रिचर्ड फोर्टी ने जीवन के विकास के बारे में अपनी पुस्तक में एक पौधे के बारे में लिखा है, 'निःसंदेह यह दुनिया का सबसे अकेला जीव है।' दरअसल वह दक्षिण अफ्रीका के एक पौधे एन्सेफलार्टोस वुडी (ई. वुडी) के बारे में बात कर रहे थे। ई. वुडी साइकैड परिवार का एक सदस्य है। ये पौधे मोटे तने और बड़ी कड़ी पत्तियों वाले होते हैं और इनकी पत्तियां जैसे एक राजसी मुकुट जैसा बनाती हैं। इन लचीले उत्तरजीवियों ने डायनासोर और कई सामूहिक विलुप्तियों को मात दी है। एक समय इनका अस्तित्व बड़े पैमाने पर था, लेकिन आज ये ग्रह पर सबसे विलुप्त प्रजातियों में से एक हैं। एकमात्र ज्ञात जंगली ई. वुडी की खोज 1895 में वनस्पतिशास्त्री जॉन मेडले वुड द्वारा की गई थी, जब वह दक्षिण अफ्रीका के नगोय वन में वनस्पति अभियान पर थे। उन्होंने आसपास इसके जैसे अन्य पौधों की तलाश की, लेकिन कोई नहीं मिला। अगले कुछ दशकों में, वनस्पतिशास्त्रियों ने तने और शाखाएँ हटा दीं और बगीचों में इनकी खेती की। इस डर से कि अंतिम तना नष्ट हो जाएगा, वन विभाग ने 1916 में इसे दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया में एक सुरक्षात्मक बाड़े में सुरक्षित रखने के लिए जंगल से हटा दिया, जिससे यह जंगल से विलुप्त हो गया। तब से यह पौधा दुनिया भर में उगाया गया है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

### मुख्यमंत्री ने बैतूल को दी 1008 विकास कार्यों की सौगात, मां ताप्ती का जलाभिषेक कर स्वच्छता अभियान में लिया भाग

# मोहन सरकार 3 करोड़ मकान बनाएगी अब हर गरीब को मिलेगा 'पक्का घर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों को तीन करोड़ पक्के मकान बनाकर देगी। इसके तहत लाड़ली बहनों का भी आवास बनाकर देने की योजना है। प्रदेश में कोई भी गरीब बिना पक्के मकान के नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि हर घर जल और हर नल में जल अभियान भी प्रदेश में जारी है। सभी पंचायतों में नल से जल और हर घर में गैस का चूल्हा उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है। युवाओं को रोजगार देने की विशेष पहल की जा रही है। सरकार दूध पर बोनस देने की योजना बना रही है। जल्दी ही उसे अमलीजामा पहना दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को बैतूल जिले के मुलताई में उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैतूल जिले के 347 करोड़ रुपए की लागत के 1008 कार्यों का भूमि पूजन, लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए। केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उईके ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पृथ्वी की हरीतिमा को नदियां जीवन प्रदान करती हैं।

## बैतूल में शुरू होंगे उद्योग



यादव ने कहा कि स्थानीय युवाओं को जिले में ही रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैतूल जिले में उद्योग लगाने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तीर्थ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जा रही है। शुरूआत में दो ज्योतिर्लिंगों, ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर को इस सेवा से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश के युवा हेलीकॉप्टर और विमान चलाना सीखें, इस उद्देश्य से आवश्यक प्रशिक्षण व कोर्स शुरू किए जा रहे हैं, इसके तहत जिलों में उपलब्ध हवाई पट्टियों का उपयोग युवाओं को पायलेट के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए किया जाएगा।

**प्रदेश में 5 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का अभियान**

यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ ही प्रदेश में 5 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू किया जा रहा है। पेड़-पौधे ऋषि मुनियों के समान हैं जो हमें जीवन देने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। उन्होंने कवि रहीम के दोहे 'रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून' का स्मरण करते हुए पानी के मानव जीवन में महत्व को दर्शाया।



### मुख्यमंत्री स्व. उइके के घर पहुंचे

**परिजनों को सौंपा एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि का स्वीकृति पत्र**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवान स्व. कबीर उइके के पैतृक ग्राम पुलपुलडोह स्थित निवास पहुंचे। उन्होंने शहीद स्व. उइके के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। यादव ने शहीद स्व. उइके के परिजनों को एक करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि का स्वीकृत पत्र प्रदान किया। उनके साथ मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद छिंदवाड़ा विवेक बंटी साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजनों की उपस्थित रहे।

### गो-शालाओं को अनुदान की राशि दोगुनी

यादव ने कहा कि भगवान श्री राम और श्री कृष्ण के प्रदेश में जहां-जहां चरण पड़े हैं, ऐसे प्रत्येक स्थान को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। ताप्ती धाम का भी विकास किया जाएगा। हमारी संस्कृति में गो-माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास माना गया है। राज्य सरकार प्रत्येक गाय की चिंता करने का कार्य कर रही है।

## खबर संक्षेप

### लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस के पहिए से निकला धुआं



**लखनऊ।** यहां से चलकर चंडीगढ़ जा रही एक्सप्रेस में चंदक रेलवे स्टेशन पर अचानक पहियों में चिंगारियां उठी और धुआं-धुआं हो गया। धुआं कोच में भरने लगा तो यात्रियों में आग लगने की दहशत फैल गई। घबराए यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। ट्रेन रुकी भी नहीं थी कि धीमी होते ही यात्री ट्रेन से कूदने लगे। ऐसे में कई यात्री चोटिल हुए हैं। इससे सभी यात्री घबरा गए।

### अमूल के बाद महंगा हो गया पराग का दूध



**नई दिल्ली।** महंगाई की मार अब खाने के समान पर तेजी से दिख रही है। अमूल के बाद पराग दूध ने भी कीमतों में बदलाव किया है। अब पराग के एक लीटर दूध के लिए 2 रुपए अधिक देने होंगे। यह बदलाव दोनों वैरायटी पैक में की गई है। अब पराग टोंड दूध बाजारों में 54 रुपए के बजाए 56 रुपए में मिलेगा। पराग गोल्ड 1 लीटर की कीमत 66 से बढ़कर 68 रुपए हो गई है।

### राजकोट अग्निकांड में एक और मालिक अरेस्ट



**राजकोट।** गुजरात पुलिस ने राजकोट 'गेम जोन' के एक और मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। अब पूरे मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। राजकोट के टीआरपी गेमिंग जोन में आग लग गई थी। आग लगने के बाद कोई कुछ समझ पाता इससे पहले आग ने पूरे गेमिंग जोन को अपनी चपेट में ले लिया।

### अधीर रंजन ने दिया प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल से बड़ी खबर है। बताया जा रहा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। अटकलें तो पहले से ही लगाई जा रही थीं। लोकसभा चुनाव से पहले भी वे इस्तीफे की पेशकश कर चुके थे, लेकिन तब उसे हाईकमान ने स्वीकार नहीं किया था। अब माना जा रहा चौधरी ने मन बना लिया है। अब इस्तीफा देने की खबर है।


### आंध्र प्रदेश में सड़क हादसा, 6 की मौत



**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में शुक्रवार को एक कंटेनर और डीसीएम वैन की टक्कर में 6 लोगों की जान चली गई।हादसा क्रुथिवेन्नु मंडल के सीतानपल्ली के निकट हुआ। हादसे में दोनों वाहनों के चालकों की भी जान चली गई है। बताया जा रहा कंटेनर पुडुचेरी से भीमावरम जा रहा था। सीतानपल्ली के निकट विपरीत दिशा से आ रहे डीसीएम से जा भिड़ा।

### जनता दल (यूनाइटेड) बोले- हम स्पीकर के लिए एकमत

# भाजपा के नामित स्पीकर का जेडीयू करेगी समर्थन, दोनों में सहमति




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट में इस बार भी भारतीय जनता पार्टी का ही दबदबा रहने वाला है। जनता दल (यूनाइटेड) ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार का सपोर्ट करने की बात कही है।

मालूम हो कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का जदयू हिस्सा है। जेडीयू के नेता केसी त्यागी ने कहा कि उनकी पार्टी और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) एनडीए का हिस्सा हैं और लोकसभा स्पीकर पद के लिए भाजपा की ओर से नामित कैंडिडेट का समर्थन करेंगे। त्यागी ने कहा कि जेडीयू और टीडीपी मजबूती से एनडीए से जुड़े हैं। हम स्पीकर के लिए भाजपा के नामित व्यक्ति का समर्थन करेंगे।

## कैबिनेट में पहले से ही भाजपा का दबदबा अब स्पीकर पद के लिए भी साफ हुआ रास्ता



**फिलहाल नाम उजागर नहीं**

एनडीए सरकार में लोकसभा स्पीकर के पद को लेकर अभी भी किसी एक नाम पर सहमति नहीं बनी है। इस बीच जनता दल (यूनाइटेड) के नेता केसी त्यागी ने कहा है कि उनकी पार्टी और तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा हैं और लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा द्वारा नामित उम्मीदवार का समर्थन करेंगे।

### 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष पद का चुनाव, पहली बैठक 24 को

लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। 18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। लोकसभा की ओर से इसे लेकर बुलेटिन जारी किया गया। इसमें कहा गया कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को लिखित रूप से नोटिस दे सकता है। मौजूदा मामले में अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं।

### 27 को राष्ट्रपति संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी

सत्र के पहले 2 दिन नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण होंगे। अध्यक्ष के चुनाव के लिए 26 जून की तिथि तय की गई है, जबकि 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। प्रस्ताव के लिए नोटिस का समर्थन किसी तीसरे सदस्य द्वारा किया जाना चाहिए। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार द्वारा यह बयान भी दिया जाना चाहिए कि वह निर्वाचित होने पर अध्यक्ष के रूप में काम करने के लिए तैयार है। लोकसभा सचिवालय ने नियमों का हवाला देते हुए बताया कि कोई सदस्य अपना नाम प्रस्तावित नहीं कर सकता है।

### बात साफ... भाजपा का होगा स्पीकर

केसी त्यागी से कुछ विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों के बारे में सवाल पूछा गया था। उनसे कहा गया कि क्या नया लोकसभा अध्यक्ष टीडीपी या जेडीयू से हो सकता है? इसके जवाब में उन्होंने भाजपा की ओर से नामित उम्मीदवार को समर्थन देने की बात कही। मालूम हो कि भाजपा केंद्र में अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रही है। जेडीयू लीडर त्यागी की टिप्पणी इस टिप्पणी को बड़े संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा कर सकती है। अध्यक्ष पद का उम्मीदवार पार्टी के सहयोगियों में से नहीं होने वाला है।

### येदियुरप्पा को जांच में सहयोग को कहा

# वे कोई टॉम, डिक या हैरी नहीं, राज्य के पूर्व सीएम हैं







एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक हाई कोर्ट ने पॉक्सो मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक येदियुरप्पा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने येदियुरप्पा को जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। बीएस येदियुरप्पा को 17 जून को सीआईडी के सामने जांच के लिए पेश होना होगा।

इस मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। बीएस येदियुरप्पा की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह बात कही।

**कोर्ट ने गिरफ्तारी पर उठाया सवाल**

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार जस्टिस एस कृष्ण दीक्षित ने बीएस येदियुरप्पा की गिरफ्तारी पर सवाल उठाया। कोर्ट राज्य सराकर के उस आरोप से सहमत नहीं था, जिसमें कहा गया कि येदियुरप्पा ने 11 जून को जांच अधिकारी के सामने उपस्थित होने के लिए जारी नोटिस की अनदेखी की और फिर कुछ ही घंटों में दिल्ली चले गए थे। इस पर एडवोकेट जनरल शशि किरण शेट्टी ने तर्क दिया कि नोटिस जारी होने के बाद बीएस येदियुरप्पा ने प्लेन का टिकट बुक कराया था।

### कोर्ट में पेश होने को कहा था

कोर्ट ने कहा कि बीएस येदियुरप्पा पूर्व मुख्यमंत्री हैं और उनके भागने की संभावना नहीं है। कोर्ट ने कहा कि वह (बीएस येदियुरप्पा) कोई टॉम, डिक या हैरी नहीं हैं। वह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। क्या आपका कहना है कि वे देश छोड़कर भाग जाएंगे? वे बेंगलुरू से दिल्ली आकर क्या कर सकते हैं? अदालत ने यह भी कहा कि येदियुरप्पा ने 11 जून के नोटिस का जवाब देते हुए कहा था कि वे 17 जून को जांच अधिकारी के सामने पेश होंगे।

**पश्चिम रेलवे ने यात्री सुविधा में किया इजाफा**

## मुंबई लोकल ट्रेन में लगाया पैनोरमा डिजिटल डिस्प्ले, सहूलियत मिलेगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम रेलवे की मुंबई उपनगरीय ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए पश्चिम रेलवे ने लोकल ट्रेन के डिब्बों में पैनोरमा डिजिटल डिस्प्ले स्थापित किया है। मुंबई सेंट्रल स्थित पश्चिम रेलवे के ईएमयू कारशेड ने मोटर कोचों के साइड पैनल पर एक नया हेड कोड डिस्प्ले सिस्टम सफलतापूर्वक शुरू किया है।

यह सुविधा यात्रियों को लोकल ट्रेन के गंतव्य की स्पष्ट और तत्काल पहचान प्रदान करेगी, जो मुंबई उपनगरीय नेटवर्क पर ज्यादा सुविधा के साथ ही यात्रा की जानकारी को सुनिश्चित करेगी। इस डिस्प्ले की विशेषता यह है कि जब गार्ड प्रारंभिक स्टेशन पर अपनी कैब में चढ़ता है और ट्रेन नंबर फीड करता है, तो यात्रा का सारा विवरण साइड-माउंटेड पैनोरमा डिजिटल डिस्प्ले पर दिखेगा। यह अंग्रेजी, हिंदी और मराठी भाषाओं में ट्रेन का गंतव्य दिखाएगा, जो 3 सेकंड के अंतराल पर भाषा को बदलेगा। ये डिस्प्ले मोड भी प्रदर्शित करेंगे यानी फास्ट (एफ) या धीमी (एस) और ट्रेन 12-कार ईएमयू है या 15-कार ईएमयू ट्रेन।





### डिस्प्ले को कई तरीकों से सुरक्षित किया गया

ये डिजिटल डिस्प्ले फुल थिन फिल्म ट्रांजिस्टर है। इसे मजबूत ग्लास से सुरक्षित किया गया है। इसकी ब्राइटनेस और देखने का कोण ऑप्टिमम है, जो लोगों को स्क्रीन पर कोड को आसानी से देखने में मदद करेगा। कंट्रास्ट को भी सेंसर से स्वचलित किया है।

### ट्रेन में आग की अफवाह पर कूदे यात्री,4 की मौत





**झारखंड।** यहां के लातेहार में रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर कई यात्री ट्रेन से कूद गए। इससे कई यात्री एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस घटना में 4 लोगों की मौत हो गई। इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसे ही कुमंडीह स्टेशन के पास पहुंची तो ट्रेन में सवार किसी यात्री ने आग लगने की अफवाह फैला दी। कई लोग डर के मारे ट्रेन से उतर भागने लगे।

## खीर भवानी मेला



श्रीनगर। घाटी में शुक्रवार को वार्षिक खीर भवानी मेले के दौरान भक्तों ने खीर भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### अधिकारियों को कहा- एजेंडे पर शीघ्र क्रियान्वयन शुरू करें

# सरकार के 100 दिनी एजेंडे पर किया विचार मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई सरकार बनने के बाद महत्वपूर्ण विभागों में तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिन के एजेंडे के शीघ्र क्रियान्वयन पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभालने के बाद अधिकारियों से बातचीत की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने अधिकारियों को पहले 100 दिन के एजेंडे पर पूरी गंभीरता के साथ काम करने को कहा है। इसके साथ ही इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने को भी कहा है।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने फिर की बैठक

**गंभीरता के साथ काम करें**



**अहम कार्यों के संबंध में बताया**

बताया जा रहा है कि जेपी नड्डा ने 100 दिन के एजेंडे पर अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा की। एजेंडे में राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय, तंबाकू के इस्तेमाल के खिलाफ विशेष अभियान, एनसीडी के खिलाफ एक राष्ट्रीय अभियान, बच्चों के लिए टीकाकरण के पंजीकरण के लिए आरोग्य मैत्री क्यूब्स, भीष्म, यू-विन पोर्टल को शुरू करना शामिल है।

### आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने की तैयारी

पहले आयुष्मान योजना पर चर्चा हुई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय योजनाओं को लागू करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने की भी तैयारी है। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने की एक बड़ी योजना है।

### *हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा*

*अब इस योजना का दायरा बढ़ाकर 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें भी 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। जनऔषधि केंद्रों पर 80 पर्सेंट डिस्काउंट के साथ सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी, इन केंद्रों का विस्तार होगा।*

### जल शक्ति मंत्रालय की पहल

# गंगा के लगातार प्रवाह का ई फ्लोज मॉनीटिरिंग सिस्टम शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने नई दिल्ली में नमामि गंगे मिशन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान पर्यावरणीय प्रवाह निगरानी प्रणाली जारी की गई।

इसे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने विकसित किया है। पाटिल ने भी जारी परियोजनाओं को पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, चुनौतियों से निपटने के लिए नयएसमाधानों की आवश्यकता है। जल शक्ति मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान गंगा के निरंतर और सतत प्रवाह को



सुनिश्चित करने ई-प्रवाह निगरानी प्रणाली शुरू की गई है। प्रणाली प्रयाग पोर्टल का एक अभिन्न अंग है, जो निगरानी, जल की गुणवत्ता और अन्य अहम मापदंडों के लिए एक निगरानी केंद्र है। पोर्टल में गंगा तरंग पोर्टल, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टूल डैशबोर्ड और गंगा जिला प्रदर्शन निगरानी प्रणाली शामिल हैं।

# मस्क को मिलेगी 4.67 लाख करोड़ रुपए की सैलरी! शेयरधारकों ने दी मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क का सैलरी पैकेज सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। उनका पैकेज इतना भारी-भरकम था कि इस पर अमेरिका की कोर्ट को रोक तक लगानी पड़ी। आखिर 6 साल बाद उन्हें हासिल करने में सफलता मिल ही गई। इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के शेयरहोल्डर्स ने एलन मस्क के 56 अरब डॉलर (करीब 4.64 लाख करोड़ रुपए) सालाना के पैकेज को मंजूरी दे दी है। यह अमेरिका के कॉरपोरेट इतिहास में किसी सीईओ का अब तक का सबसे बड़ा सैलरी पैकेज है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एलन मस्क ने खुद ट्वीट कर शेयरहोल्डर्स को उनका साथ देने के लिए धन्यवाद किया। शेयरहोल्डर्स ने बुधवार को हुई बैठक में इस पैकेज को मंजूरी दी और गुरुवार को होने वाली मीटिंग में इसका ऐलान हो सकता है। वैसे तो एलन मस्क को साल 2018 में ही इस पैकेज को देने के लिए प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन कंपनी के कुछ शेयरहोल्डर्स के विरोध की वजह से डेलवेयर कोर्ट के जज ने इस पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इस बार मेज्योरिटी शेयरहोल्डर्स ने अपनी मंजूरियां दे दी हैं। तब लाए गए पैकेज की आज वैल्यू 56 अरब डॉलर है, क्योंकि 2018 में टेस्ला की मार्केट वैल्यू 59.1 अरब डॉलर थी, जो आज 570 अरब डॉलर हो गई है।

■ उनका पैकेज इतना भारी-भरकम था कि कोर्ट ने रोक लगा दी थी

### छह साल बाद आखिरकार शेयरहोल्डर्स ने पैकेज पर अपनी मुहर लगाई

#### कंपनी का हेडक्वार्टर भी बदलेगा

टेस्ला के शेयरधारकों ने मस्क के पैकेज को मंजूरी देने के साथ कंपनी का लीगल हेडक्वार्टर डेलवेयर से टेक्सास शिफ्ट करने पर भी मुहर लगा दी है। साथ ही दो बोर्ड मेंबर को री-इलेक्ट करने पर भी मंजूरी दे दी है। मस्क को मिली इस मंजूरी को कई शेयरधारक कंपनी पर उनकी लीडरशिप की पकड़ से जोड़कर देख रहे हैं। कंपनी के बोर्ड का कहना है कि दुनिया के सबसे अमीर शख्स यह पैकेज डिजर्व करते हैं, क्योंकि उन्होंने कंपनी की मार्केट वैल्यू और प्रॉफिट बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है।



#### फिर कोर्ट पहुंच गए शेयरहोल्डर्स

जैसे ही कंपनी के बोर्ड और शेयरहोल्डर्स ने इस पैकेज को अपनी मंजूरी दी, कुछ शेयरहोल्डर्स जो इसके खिलाफ हैं, कोर्ट पहुंच गए। डेलवेयर कोर्ट में फाइल केस में शेयरधारकों ने कहा है कि कंपनी के जिन निदेशकों ने मस्क के पक्ष में वोट किया है, वे उनके करीबी हैं और ज्यादातर शेयरधारकों को पूरे मामले की जानकारी ही नहीं है।

*अभी फंस सकता है पेंच : एलन मस्क के इस भारी-भरकम सैलरी पैकेज पर सिर्फ 73 फीसदी शेयरहोल्डर्स ने ही मंजूरियां दी हैं, जबकि अमूमन कॉरपोरेट जगत में इस तरह के पैकेज को 95 फीसदी शेयरहोल्डर्स अपनी मंजूरी देते हैं। बावजूद इसके कंपनी के कुछ बड़े शेयरहोल्डर्स जैसे नॉर्वे सॉवरेन वेल्थ फंड और कैलीफोर्निया के दो बड़े पेंशन फंड ने इस पैकेज के विरोध में वोट देने की बात कही है।*

## निर्यात मई में नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर

:नई दिल्ली। भारत का मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 34.95 अरब डॉलर था। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने मई में इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि, कपड़ा और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों में स्वस्थ वृद्धि के दम पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद निर्यात में वृद्धि दर्ज की है। आलोच्य अवधि में कच्चे तेल का आयात बढ़ने से देश का कुल आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि.अभि./क.वि.,डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | एडीईएन/जेएचएल के अनुभाग में डिजाइन मोड के लिए यार्ड के सुधार और ट्रैक (अनुदैध्ये और पार्श्व) के पूर्व और बाद के ध्यान सर्वेक्षण के संबंध मे 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 55,33,399.31/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 1,10,700/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 26.06.2024 (00.00 बजे) से 10.07.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 10.07.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 29314103 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 13A-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक: 13.06.2024 1809/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

# थोक महंगाई दर 15 महीने की ऊंचाई पर, मई में बढ़कर 2.61%, खाने-पीने की चीजें हुई महंगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच खाद्य वस्तुओं और महंगे विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से मई के महीने में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 15 महीने के उच्चतम स्तर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन महीने से बढ़ रही है।

अप्रैल में यह 1.26 प्रतिशत और मई 2023 में यह शून्य से 3.61 प्रतिशत नीचे रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस, खनिज तेल और अन्य विनिर्माण उत्पादों की कीमतों में वृद्धि रही।'

### पिछला उच्चतम स्तर फरवरी 2023 में देखा गया

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मई में 15 महीने के उच्चतम स्तर पर रही है। इसका पिछला उच्चतम स्तर फरवरी 2023 में देखा गया था, जब थोक मुद्रास्फीति 3.85 प्रतिशत थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 10 महीने के उच्च स्तर 9.82 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो एक महीने पहले अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी।

**खाद्य वस्तुएं और विनिर्मित वस्तुए की कीमतें बढ़ने से बढ़ी महंगाई** ▸ **डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन माह से बढ़ रही** ▸ **अप्रैल में थोक महंगाई दर 1.26 प्रतिशत दर्ज की गई**



*भीषण गर्मी के कारण खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची: आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में लगातार आठवीं बार ब्याज दर को यथावत रखने का फैसला किया था। बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री अदिति गुप्ता ने कहा कि देश में भीषण गर्मी के कारण खाद्य मुद्रास्फीति भी ऊंची बनी रहने का अनुमान है।*

### मानसून की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

मानसून की प्रगति भविष्य में खाद्य मुद्रास्फीति की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अलावा वैश्विक धातु कीमतों में उछाल विनिर्माण श्रेणी में मुद्रास्फीति बढ़ने का कारण बना। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति मई में 0.78 प्रतिशत थी, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 प्रतिशत थी।

### प्याज, आलू व दाल की महंगाई दर बढ़ी

इसी तरह प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही। हालांकि मई में थोक मुद्रास्फीति की वृद्धि इस महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के विपरीत है।

### खुदरा मुद्रास्फीति घटी

इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो पिछले 12 महीनों का सबसे निचला स्तर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ही ध्यान में रखता है।

### कंपनियों के कच्चे माल की लागत बढ़ रही

बार्कलेज की अर्थशास्त्री श्रेया सोढानी ने कहा कि विनिर्माण के लिए मूल्य सूचकांक (जिसका डब्ल्यूपीआई में सर्वाधिक 64 प्रतिशत भारांक है) में लगातार चौथे महीने वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि कंपनियों की कच्चे माल की लागत बढ़ रही है। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 1.38 प्रतिशत से मामूली कम है।

### वैश्विक जिंस की कीमतों में गिरावट दर्ज

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, "जून 2024 में अभी तक वैश्विक जिंस की कीमतों में मासिक आधार पर गिरावट आई है। इससे महीने में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में उछाल पर काबू पाने में मदद मिलेगी और प्रतिकूल आधार का मुकाबला किया जा सकेगा। कुल मिलाकर इक्रा का अनुमान है कि जून 2024 में कुल थोक मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर तीन प्रतिशत हो जाएगी।"



## सोने में 70 रुपये की गिरावट चांदी 250 रुपये टूटी

**नई दिल्ली।** वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 70 रुपये की गिरावट के साथ 72,080 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 250 रुपये घटकर 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 90,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद भाव से 70 रुपये कम है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,310 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 3 डॉलर कम है। गांधी ने कहा कि डॉलर में तेजी और इस हफ्ते अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख को देखते हुए शुक्रवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**E-TENDER NOTICE**

वरि. मं. वि. इंजी./ई.एम.यू./गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | Tender No 232-Elect-EMU-WC-01-2024 dated 13.06.2024 |
| 2 | कार्य का विवरण एवं स्थान | एक्सल बॉक्स फ्रंट कवर को खोलना और फिर से फिट करना, मोटर और ट्रेलर कोचों के डैशपॉट में तेल भरना और मोटर कोचों की विक पैड असेंबली को हटाना, जांचना और फिर से फिट करना 02 वर्ष की अवधि के लिए ईएमयू कार शेड, गाजियाबाद में। |
| 3 | निविदा दस्तावेज की कीमत | NIL |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 38,46,635.40 inclusive of GST |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 76,900.00 (payment mode available on IREPS portal) |
| 6 | कार्य पूरा करने की अवधि | 24 months |
| 7 | ऑफर की अवधि | 60 days |
| 8 | निविदा विज्ञापन की तिथि (only on IREPS website) | 13.06.2024 |
| 9 | निविदा जमा करने की तिथि (only on IREPS website) | 21.06.2024 to 05.07.2024 |
| 10 | निविदा समापन की तिथि एवं समय | 05.07.2024 15:00 Hrs |
| 11 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 05.07.2024 15:30 Hrs |

**Note 1**: All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Technical & Commercial offer. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void". **Note 2**: Duplicate documents should not be enclosed/up loaded. निविदा सुचना website **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**Tender No 232-Elect-EMU-WC-01-2024 Dated 13/06/2024** 1796/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शेयर बाजार ने ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया

**मुंबई।** निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रहा। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 270.4 अंक यानी 0.35 प्रतिशत चढ़कर 77,081.30 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान देश का आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया, जापान का निक्की तथा चीन का शंघाई कम्पोजिट फायदे में रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

■ सेंसेक्स 181.87 और निफ्टी 66.70 अंक उछला


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## क्षेमा जनरल इंश्योरेंस का राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू

**गुड़गांव।** क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने देश में अपनी पहुँच का विस्तार करने के लिए एक सार्थक अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य खरीफ सीज़न शुरु होने पर किसानों को फसल बीमा के बारे में जागरूक करना है। यह संपूर्ण अभियान एक टीवी विज्ञापन पर आधारित है, जो मानसून के आगाज़ के साथ बुआई शुरू करते ही किसानों तक पहुँच जाएगा। यह टीवी अभियान प्रिंट, डिजिटल और आउटडोर मीडिया में अतिरिक्त अभियानों के समर्थन से चलाया जा रहा है। यह अभियान किसानों को बताता है कि वित्तीय सुरक्षा के रूप में फसल बीमा का क्या महत्व है, खासकर तब, जब जलवायु घटनाएँ चरम पर हैं और लगातार तीव्र होती जा रही हैं।30 सेकंड के टीवी विज्ञापन को क्षेमा की इन-हाउस टीम ने बनाया है। इसका उद्देश्य किसानों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करना और क्षेमा की अभिनव फसल बीमा योजना, सुकृति और प्रकृति तक आसान पहुँच सुनिश्चित करना है। यह उत्पाद क्षेमा के प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, जिसे गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। बीमा योग्य आय वाला कोई भी किसान या परिवार का सदस्य फसल बीमा को खरीद सकता है, जिसकी शुरुआती कीमत 499 रुपए प्रति एकड़ है। एक बड़ी और एक छोटी आपदा के संयोजन से यह बीमा 100 से अधिक फसलों को कवर करता है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित उर्फ कपिल पुत्र सुदामा राठी निवासी मकान नं. पी-136, रघुबीर नगर, नई दिल्ली** ने एफआईआर सं. **243/19, दिनांक 27.06.2019, अंतर्गत धारा 356/379/411/75/134 आईपीसी, थाना राजौरी गार्डन, जिला पश्चिम, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ कपिल** मिल नहीं रहा/रहे है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ कपिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रहे हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **243/19, दिनांक 27.06.2019, अंतर्गत धारा 356/379/411/75/134 आईपीसी, थाना राजौरी गार्डन, जिला पश्चिम, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ कपिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2024** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री शशांक नन्दन भट्ट**
एल.डी. महानगर न्यायाधीश (पश्चिम)
कमरा नंबर 356, तीसरी मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/7362/WD/2024**
**(Court Matter)**


## राशिफल

**मेष** — रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग–दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## बीएचईएल को 2X800 मेगावाट रायपुर और 2X800 मेगावाट मिर्जापुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए दो बैक-टू-बैक ऑर्डर मिले

**नई दिल्ली।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए दो ऑर्डर मिले हैं। इन ऑर्डरों का कुल मूल्य 7,000 करोड़ रुपये से अधिक है। पहला ऑर्डर छत्तीसगढ़ के रायपुर ज़िले में स्थापित किए जा रहे 2Ø800 मेगावाट रायपुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए अडानी पावर लिमिटेड से प्राप्त हुआ है। दूसरा ऑर्डर उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर जिले में स्थापित किए जा रहे 2Ø800 मेगावाट मिर्ज़ापुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए एमटीईयूपीपीएल (अडानी पावर लिमिटेड की एक सहायक कंपनी) से प्राप्त हुआ है। दोनों परियोजनाओं में बीएचईएल का कार्यक्षेत्र मुख्य संयंत्र उपकरण और संबंधित सहायक उपकरणों के विनिर्माण और आपूर्ति के साथ-साथ इरेक्शन एवं कमीशनिंग का पर्यवेक्षण करना है। परियोजनाओं के लिए प्रमुख उपकरण जैसे स्टीम जनरेटर, स्टीम टर्बाइन और जनरेटर का विनिर्माण कंपनी के त्रिची और हरिद्वार इकाइयों में किया जाएगा। बीएचईएल अपने अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों के साथ देश की ऊर्जा सुरक्षा को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश में स्थापित 1,68,000+ मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट (प्त53%) के अपने विशाल पोर्टफोलियो के साथ, बीएचईएल भारत का अग्रणी विद्युत उपकरण निर्माता है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | महिला थाना से अग्रसेन चौक तक सभी प्रकार से पूर्ण रोड को पूरा करना + 1 कार्य। | 07.06.2024 29.06.2024 | 2.81 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnarnaul@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26818/I/88/7 दि. 14.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी सिरसा | वर्ष 2024-25 हेतु डबवाली निर्वाचन क्षेत्र ग्रुप नं. 2 से रोड की विशेष मरम्मत (आईडी 2145, 2143, 2166 और 7599) + 8 कार्य। | 11.06.2024 25.06.2024 | 17.53 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416178720 [illegible]@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26779/I/88/7 दि. 14.06.24



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री आशीष मेहरोत्रा, निदेशक, बोनजो किड्स अपेरल प्राइवेट लिमिटेड,** पताः- **एस-67, द्वितीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज-II, नई दिल्ली-110020** ने एफआईआर नं./सीसी नं. **12567/2019, अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, करोल बाग, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री आशीष मेहरोत्रा** मिल नही रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री आशीष मेहरोत्रा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं./सीसी नं. **12567/2019, अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, करोल बाग, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्री आशीष मेहरोत्रा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2024** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री दिव्या गुप्ता**
महानगर दंडाधिकारी (एनआई एक्ट)-05 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 02, भूतल, बिल्डिंग एनेक्सी-1
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/7234/CD/2024**
**(Court Matter)**


## शब्द पहेली - 5542




**बाएँ से दाएँ**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 5541 का हल**





# भारत-कनाडा में जंग आज, तीन मैचों में कोहली का स्कोर 1-4-0, बारिश की संभावना

एजेंसी ▶▶| लॉडरहिल

भारत टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को कनाडा से भिड़ेगा। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर भारतीय टीम के लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से 5 (1, 4, 0) ही रन बना पाए हैं। उम्मीद है कि वह एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवतः आखिरी मौका है।



## दक्षिण अफ्रीका की नजर चौथी जीत पर

**किंग्सटाउन।** तीन जीत के साथ सुपर आठ में पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में शनिवार को यहां नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा। टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्किया बेहतरीन फॉर्म में हैं और नेपाल के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीका को साथ ही उम्मीद होगी कि क्विंटन डिकॉक, रीजा हैंड्रिक्स, कप्तान एडेन मार्कराम और ट्रिस्टन स्टब्स की मौजूदगी वाला उसका शीर्ष क्रम सुपर आठ चरण से पहले लय हासिल करने में सफल रहेगा।



## न्यूजीलैंड को युगांडा पर जीत की उम्मीद

तारोबा। टी20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाए होगी। अफगानिस्तान ने यहां पापुआ न्यू गिनी पर जीत से न्यूजीलैंड को ग्रुप से सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया। अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं जिनके नतीजा मायने नहीं रखेगा। न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नई टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे।

## इंग्लैंड की राह बड़ी जीत से होगी आसान

**नॉर्थ साउंड।** गत चैंपियन इंग्लैंड शनिवार को यहां नामीबिया को बड़े अंतर से हराने के लिए बेताब होगा ताकि वह टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण की दौड़ में बरकरार रहे। इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था और आस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार से गत चैंपियन टीम ऐसी स्थिति में पहुंची। ओमान पर जीत से इंग्लैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा हो गया जो ग्रुप बी में उनके और स्कॉटलैंड के बीच महत्वपूर्ण अंतर है। इंग्लैंड का नेट रन रेट -1.8 से +3.08 हो गया जबकि स्कॉटलैंड का नेट रन रेट +2.16 है। लेकिन महत्वपूर्ण बात है कि स्कॉटलैंड के अभी पांच अंक हैं जबकि इंग्लैंड के तीन अंक।

### आईपीएल : न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप प्रतियोगिता से बाहर, दो मैच बाकी

# अफगानिस्तान ने सुपर-8 में बनाई जगह पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| तारोबा

अफगानिस्तान ने यहां ग्रुप सी में पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारुकी (तीन विकेट) और नवीन उल हक (दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। सहमेजबान वेस्टइंडीज (छह अंक) पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। इसके साथ ही 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। न्यूजीलैंड ने लगातार दो मैच गंवाए हैं। टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रही है और अभी उसके अंकों का खाता भी नहीं खुला है। न्यूजीलैंड की टीम अपने अंतिम दो मैच अब युगांडा और पीएनजी के खिलाफ खेलेगी जो महज औपचारिकता के मुकाबले हैं। अफगानिस्तान की टीम सुपर आठ चरण में अपना पहला मैच 20 जून को बारबडोस में भारत के खिलाफ खेलेगी।



## फारुकी के नाम 12 विकेट

*राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारुकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं। फारुकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई।*

## अफगान के खिलाफ अब तक नहीं बने 100 रन

अफगानिस्तान ने अगर 25 अतिरक्त रन नहीं दिए होते तो पीएनजी की हालत और खराब होती। इसमें 13 रन वाइड के भी शामिल हैं। अफगानिस्तान के गेंदबाज टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं और उनके खिलाफ अब तक एक बार भी 100 रन भी नहीं बने हैं। टीम ने इससे पहले युगांडा को 16 ओवर में 58 और न्यूजीलैंड को 15.2 ओवर में 75 रन पर समेटा था।

## इंग्लैंड ने ओमान को सिर्फ 19 गेंदों में हराया

**नॉर्थ साउंड।** आदिल राशिद के फिरकी के जादू से गत चैंपियन इंग्लैंड ने गुरुवार रात को यहां ओमान को ग्रुप बी मैच में आठ विकेट से रौंदकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी। राशिद (चार विकेट), मार्क वुड (तीन विकेट) और जोफ्रा आर्चर (तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से ओमान को 13.2 ओवर में सिर्फ 47 रन पर ढेर करने के बाद इंग्लैंड ने मात्र 3.1 ओवर में दो विकेट पर 50 रन बनाकर बेहद एकतरफा जीत दर्ज की। इंग्लैंड की ओर से कप्तान जोस बटलर ने सिर्फ आठ गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 24 रन की पारी खेली। फिल सॉल्ट ने तीन गेंद में 12 जबकि जॉनी बेयरस्टो ने दो गेंद में नाबाद आठ रन बनाए।

# पहली बार टी-20 विश्व कप खेल रहा अमेरिका सुपर आठ में पहुंचा

### अमेरिका ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने जा रहे 2026 टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई किया

भाषा ▶▶| फोर्ट लाउडरहिल (फ्लोरिडा)

- **यूएस और आयरलैंड मैच बारिश के कारण रद**
- **पूर्व चैम्पियन पाकिस्तान वर्ल्डकप से बाहर**

टी-20 वर्ल्ड कप में अमेरिका और आयरलैंड मैच बारिश के कारण रद हो गया है। दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। ऐसे में ग्रुप-ए से होस्ट अमेरिकी टीम सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर गई है, जबकि 2009 की चैंपियन पाकिस्तान लीग राउंड से ही बाहर हो गई है। सुपर-8 में जगह बनाने के साथ ही अमेरिका ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने जा रहे 2026 टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। फ्लोरिडा के लॉडरहिल में यह मैच शुक्रवार रात 8:00 बजे से खेला जाना था, लेकिन मैच से पहले बारिश होने लगी। कुछ देर के लिए बारिश रुकने के बाद अंपायर्स ने 3 बार मैदान का निरीक्षण किया। आखिरकार आउट फील्ड गीला होने के कारण मैच रद करने का फैसला लिया गया। अमेरिका ने शुक्रवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ मैच रद होने के बाद अपने पहले ही प्रयास में टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण को पार करने के साथ ही पूर्व चैम्पियन पाकिस्तान को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। अमेरिका ने अपने पहले दो मुकाबलों में पड़ोसी देश कनाडा और मजबूत पाकिस्तान पर जीत दर्ज की थी। उसे भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा लेकिन ग्रुप ए में उसका आयरलैंड के खिलाफ आखिरी मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। इस मैच रद्द होने से वह ग्रुप से से भारत के साथ सुपर आठ चरण में पहुंच गया। अंपायरों ने कई बार मैदान का निरीक्षण करने के बाद आउटफील्ड गीली होने के कारण मैच को रद करने का फैसला किया। जिसका मतलब यह हुआ कि पाकिस्तान की मजबूत टीम उस टूर्नामेंट से बाहर हो गई, जिसे उन्होंने 2009 में जीता था।

## 'यूफा यूरो कप' का आज से होगा आगाज

**म्यूनिख।** यूफा यूरो कप 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट का 15 जून यानी शनिवार से आगाज होने जा रहा है। फुटबॉल के मिनी विश्व कप के नाम से मशहूर यह टूर्नामेंट 15 जून से 15 जुलाई तक खेला जाएगा। ग्रुप स्टेज के मैच 26 जून तक खेले जाएंगे, वहीं नॉकआउट चरण 29 जून से शुरू होगा। मेजबान देश के रूप में जर्मनी को ग्रुप ए में जगह दी गई है। मेजबान जर्मनी 15 जून को म्यूनिख फुटबॉल एरिना में स्कॉटलैंड के खिलाफ उद्घाटन मैच खेलेगा। इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन्हें चार-चार टीमों के छह ग्रुप में बांटा गया है और हर एक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें राउंड ऑफ 16 में पहुंचेंगी। इसके अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमें भी राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई करेंगी। यूरो कप 2024 के पहले दौर में टीमें अपने ग्रुप में बाकी टीमों के साथ एक-एक मैच खेलेगी। राउंड ऑफ 16 से नॉकआउट स्टेज की शुरुआत होगी। यानी हारने वाली टीम का सफर वहीं खत्म हो जाएगा। राउंड ऑफ 16 यानी प्री-क्वार्टर फाइनल में जीतने वाली आठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

# कोटा के लिए महिला तीरंदाजी टीम रैंकिंग पर निर्भर

### ओलंपिक क्वालीफायर में यूक्रेन से मिली हार



एजेंसी ▶▶| अंताल्या

दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के प्री क्वार्टरफाइनल में बढ़त गंवाकर निचली रैंकिंग पर काबिज यूक्रेन से 3-5 से उलटफेर का शिकार हो गई। पांचवें वरीय के तौर पर क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम को प्री क्वार्टर फाइनल में बाई मिली थी जिससे उसे पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के लिए एलिमिनेशन दौर में दो जीत की दरकार थी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करेगी। लेकिन विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम यूक्रेन की वेरोनिका मार्चेंको, अनास्तासिया पावलोवा और ओल्हा चेबोतारेंको की तिकड़ी से 3-1 की बढ़त गंवाकर 3-5 (51-51, 55-52, 53-54, 52-54) से हार गई। यूक्रेन की टीम विश्व रैंकिंग में भारत से 10 पायदान नीचे है। भारत को भजन और अंकिता के कम अनुभव का खामियाजा भुगतना पड़ा क्योंकि दोनों धैर्य नहीं दिखा सकीं। पुरुष टीम की क्वालीफाइंग स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें 46 टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा होगी क्योंकि सिर्फ तीन कोटे दाव पर लगे होंगे। व्यक्तिगत कोटा हासिल करने की स्पर्धा रविवार को होंगी।

## एकल में प्रणय की हार से भारतीय चुनौती समाप्त



**सिडनी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा।

## बोपन्ना-बालाजी पेरिस ओलंपिक में जोड़ी बनाकर देंगे कड़ी चुनौती

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ ने गुरुवार को ऐलान किया कि रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए पुरुष युगल स्पर्धा के लिए भारत की पसंदीदा जोड़ी होंगे। विश्व में चौथे स्थान पर काबिज बोपन्ना को अपनी जोड़ी चुनने की अनुमति दी गई और अनुभवी ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने श्रीराम बालाजी को चुना। श्रीराम इस समय विश्व में 67वें स्थान पर हैं। एआईटीए ने गुरुवार को इस निर्णय की जानकारी दी। दोनों के साथ कोच बालचंद्रन मणिकथ और फिजियो रेबेका वी ओरशेगेन भी होंगे।


उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-31 | कार्य का नामः– वरिष्ठ मंडल अभियंता द्वितीय के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत MDNR स्टेशन पर लाइन नं. 1 व 4 पर बेलास्टलेस ट्रेक (BLT) का प्रावधान<br>कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):– IREPS पर NIT के अनुसार।<br>बयाना राशि (रुपये):–IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 2 | निविदा बोली प्रस्तुत करने की तिथि और समय | 25.06.2024 से 09.07.2024 at 15:00 Hrs. |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 09.07.2024 at 15:00 Hrs. |
| 4 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्यारमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं: NIT-31-24-25-W-II दिनांक: 13.06.2024 1812/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय
खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा-131305
हरियाणा अधिनियम सं. 31 ऑफ 2006 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय
(एनएएसी द्वारा प्रमाणित "बी++" ग्रेड विश्वविद्यालय)

रोजगार सूचना
(विज्ञा. सं. 76/2024 से 97/2024)

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (बीपीएसएमवी) स्वीकृत बजटप्राप्त रिक्त पदों के तहत इसके विभागों/संस्थानों/क्षेत्रीय केन्द्रों और संघटक महाविद्यालयों/संस्थानों में नियमित अध्यापन पदों पर भर्ती अर्थात एसोसिएट प्रोफैसर और प्रोफैसर के लिए पात्र उम्मीदवारों से 01.07.2024 तक अप. 5.00 बजे तक डिप्टी रजिस्ट्रार, स्थापना (अध्यापन), बीपीएसएमवी, खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा के कार्यालय में आवेदन आमंत्रित करता है।

विषय-वार और श्रेणी-वार रिक्त पदों की संख्या सहित विज्ञा. सं., विस्तृत निर्देश, अपेक्षित योग्यताएं, वेतनमान और चयन हेतु तौर-तरीका विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpsmv.ac.in पर दिए गए हैं।

संवाद विज्ञा. सं.-1239/11/64/2025/26766/सी/88/7 दि. 14.06.24 रजिस्ट्रार



हरियाणा सरकार



हरियाणा में डिप्लोमा इंजीनियरिंग में आवेदन करने की अंतिम तिथि 24.06.2024

डिप्लोमा पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए ऑनलाइन पोर्टल
techadmissionhry.gov.in

डिप्लोमा पाठ्यक्रम

डिप्लोमा इंजीनियरिंग
3 Years योग्यता : 10वीं/एस.एस.सी.
आवेदन की अंतिम तिथि 24.06.2024

डिप्लोमा इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री)
2 Years योग्यता : 10+2/आई.टी.आई. (2 वर्ष)/समकक्ष योग्यता
आवेदन की अंतिम तिथि 18.06.2024

प्लेसमेंट में अच्छे अवसर एवं प्रोत्साहन हेतु योजनाएं
☑ लड़कियों के लिए सभी बहुतकनीकी संस्थानों में दाखिले में 25% आरक्षण एवं सरकारी संस्थानों में लड़कियों की Tuition Fee माफ।
☑ छात्राओं एवं दिव्यांग छात्रों के लिए AICTE की तरफ से प्रगति / सक्षम छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रति वर्ष ₹50,000 की प्रोत्साहन राशि।
☑ प्रत्येक सेमेस्टर में प्रत्येक शाखा के परीक्षा परिणाम के आधार पर शीर्ष 15% छात्रों के लिए ₹3000 की Merit-cum-Means छात्रवृत्ति।

Scan the QR code for Registration for the SESSION 2024-25 (for Diploma Prospectus, Admission, Schedule & Important Notices)

hstes.org.in. (for Diploma Prospectus, Admission Schedule & Important Notices)
techadmissionhry.gov.in (For applying online and further details)

DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, HARYANA
UNDER THE AMBIT OF DEPTT. OF HIGHER EDUCATION
1800-137-3735 (TOLL-FREE) | ONLINEADMISSIONHELP@GMAIL.COM

Information, Public Relations & Languages Department, Haryana
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

New Dr. Juneja's Roop Mantra
Ayurvedic Face Cream & Face Washes
No.1 Brand
India's Most Trusted Brand
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
सुंदर Skin का मंत्रा
आयुर्वेदिक क्रीम रूप मंत्रा
Scars • Wrinkles • Pimples • Dull Skin
24x7 Helpline: 87259 66666 • www.roopmantra.com • Available at all medical & general stores

**यह घातक हथियार दुश्मन के घर में घुसकर मचा देगा तबाही**

**200 मीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर दुश्मन को नहीं आएगा नजर**

**नागपुर की कंपनी ने नागस्त्र-1 का पहला बैच भारतीय सेना को सौंपा**

# भारतीय सेना को मिले 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र 1'

*स्वदेश में विकसित नागस्त्र-1 आत्मघाती ड्रोन की पहली खेप भारतीय सेना को मिल गई है। नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज ने इन घातक ड्रोनों को विकसित किया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लॉइटरिंग म्यूनिशन की आपूर्ति का ऑर्डर दिया था। इनमें से 120 की डिलीवरी कर दी गई है।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सेना को बेहद घातक हथियार मिल गया है। नागपुर की सोलर इंडस्ट्रीज ने पहला स्वदेशी लॉइटरिंग म्यूनिशन नागस्त्र-1 भारतीय सेना को सौंप दिया है। नागस्त्र-1 दुश्मन के घर में घुसकर हमला करने में सक्षम है। यह एक आत्मघाती ड्रोन है, जो दुश्मन के इलाके में घुसकर तबाही बचा देगा। बता दे कि भारतीय सेना को 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र' मिले हैं। नागपुर की कंपनी ने 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र' का पहला बैच भारतीय सेना को सौंपा है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज के इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। प्री-डिलीवरी निरीक्षणों के सफल समापन के बाद ईईएल ने सेना के गोला-बारूद डिपो को 120 लोइटर म्यूनिशन वितरित किए हैं।

### आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन के दिए गए हैं ऑर्डर

भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज की इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। पहले बैच के रूप में 120 लोइटर म्यूनिशन सेना के गोला-बारूद डिपो को सौंप दिए हैं।

**घरेलू स्तर पर निर्मित आत्मघाती ड्रोन का पहला बैच**

*भारतीय सेना को घरेलू स्तर पर निर्मित आत्मघाती ड्रोन का पहला बैच प्राप्त हुआ है, जिसे नागस्त्र-1 के नाम से जाना जाता है। स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन को आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 के रूप में भी जाना जाता है।*

### आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर हो सकेंगे सटीक हमले

यह एक ही आत्मघाती ड्रोन दुश्मन के इलाके में घुसकर तबाही मचा सकता है। जीपीएस से लैस यह ड्रोन दो मीटर की दूरी पर सटीकता के साथ हमला कर सकता है। नौ किलोग्राम वजन वाले मैन-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी की क्षमता 30 मिनट की है। मैन-इन-लूप रेंज 15 किलोमीटर और ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किलोमीटर है। इसका इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम कम ध्वनिक संकेत प्रदान करता है। इससे 200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर दुश्मन इसे पहचान नहीं पाता। इसे आसानी के साथ जमीन से लॉन्च किया जा सकता है। यह 1.5 किलोग्राम विस्फोटक वारहेड ले जाने में सक्षम है और 15 किमी. तक निगरानी करके आसानी से लक्ष्य भेद सकता है। इससे आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर सटीक हमले किये जा सकेंगे।



### मात्र 9 किलोग्राम वजनी है मोड रेंज 30 किमी

नागास्त्र-1 आत्मघाती ड्रोन है। जीपीएस से लैस यह ड्रोन दो मीटर की सटीकता के हमला कर सकता है। नौ किलोग्राम वजन वाले मैन-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी की क्षमता 30 मिनट की है। मैन-इन-लूप रेंज 15 किलोमीटर और ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किलोमीटर है। इसका इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम कम ध्वनिक संकेत प्रदान करता है। इससे 200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर दुश्मन इसे पहचान नहीं पाता।

### सौदे से जुड़ी खास बातें

- रक्षा क्षेत्र में 'मेक-इन-इंडिया' के तहत सेना ने 480 नागस्त्र-1 ड्रोन का दिया था ऑर्डर।
- यह आत्मघाती ड्रोन दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमला करने में सक्षम हैं।
- यह सौदा करीब 300 करोड़ रुपए का हो सकता है।
- आपातकालीन प्रावधानों के तहत सेना ने दिया था ऑर्डर।
- अब तक विदेश से खरीदे जाते थे ऐसे ड्रोन, ईईएल बनी पहली स्वदेशी कंपनी।

### ड्रोन की खासियतें


- आसानी से जमीन से किया जा सकता है लॉन्च।
- 1.5 किलोग्राम विस्फोटक वारहेड ले जाने में सक्षम।
- 15 किमी तक निगरानी और लक्ष्य भेद सकता।
- आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर कर सकेंगे सटीक हमला।

**रूस ने दोनों देशों के बीच शांति बहाल को लेकर कई और मांगें रखी**

# रूस के राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के साथ सीजफायर करने को तैयार

*रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के सामने कई शर्तें रखी है। उन्होंने कहा कि हम इस जंग का अंतिम समाधान निकालने के लिए बिना देरी के बातचीत करने के लिए तैयार हैं।*

एजेंसी ▸▸ मास्को



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन से सीजफायर को तैयार हो गए हैं, लेकिन उन्होंने इसके लिए एक शर्त रखी है। जानकारी के अनुसार पुतिन ने कहा कि अगर यूक्रेन कब्जे वाले क्षेत्रों से सेना हटा लेता है और नाटो में शामिल होने का प्लान छोड़ देता है तो युद्ध रुक सकता है। पुतिन ने कहा कि उन्होंने ऐसी शर्त इसलिए रखी है ताकि इस जंग का अंतिम समाधान निकल जाए. मास्को में रूसी विदेश मंत्रालय में अपने भाषण में उन्होंने कहा कि रूस बिना देरी के बातचीत के लिए तैयार है।



### यूक्रेन के सैन्य बलों पर लगे प्रतिबंध

रूस के राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच शांति बहाल को लेकर कई और मांगें रखी है, जिसमें यूक्रेन की गैर-परमाणु स्थिति, उनके सैन्य बलों पर प्रतिबंध और रूसी भाषा वाले लोगों के हितों की रक्षा करना शामिल है। पुतिन ने कहा, ये सभी मौलिक अंतरराष्ट्रीय समझौतों का हिस्सा बनना चाहिए और रूस के खिलाफ सभी पश्चिमी देशों का प्रतिबंध हटा दिया जाना चाहिए, तभी सीजफायर हो सकता है।

### कीव की प्रशासनिक सीमाएं मास्को को सौंपे

पुतिन ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि कीव को इन क्षेत्रों से पूरी तरह से हट जाना चाहिए और इन क्षेत्रों की प्रशासनिक सीमाओं को मास्को को सौंप देना चाहिए। कीव को अपने क्षेत्रीय लाभ को पहचानना चाहिए और नाटो में शामिल होने की मांग को छोड़ देनी चाहिए। हालांकि, यूक्रेन के चार क्षेत्रों पर रूस ने अभी किसी पर भी पूरी तरह से नियंत्रण नहीं किया है।

### 'इतिहास के दर्दनाक पन्ने को पलटने का समय'

रूस के राष्ट्रपति ने कहा, "हम इतिहास के दर्दनाक पन्ने को पलटने की और रूस, यूक्रेन और यूरोप के बीच एकता बहाल करने का आग्रह कर रहे हैं। रूस की ओर से कोई नई मांगें नहीं रखी गई है। रूस पहले से भी युद्ध को रोकने के लिए ऐसी मांगें कर चुका है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन की यह टिप्पणी इटली में हो रहे जी 7 शिखर सम्मेलन के बीच आई है। इससे पहले 8 जून को पुतिने ने यूक्रेन में युद्ध जीतने के लिए परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से इनकार किया था।

**आगजनी में भारतीय नागरिकों की हुई थी मौत**

# वायुसेना के सी-130जे विमान से कुवैत से स्वदेश पहुंची 45 भारतीयों की पार्थिव देह

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह शुक्रवार को भारतीय वायुसेना के विशालकाय परिवहन विमान सी-130जे सुपर हरक्युलिस से कुवैत की एक रिहायशी इमारत में लगी भयंकर आग में मारे गए 45 भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर लेकर भारत के कोच्चि पुहंचे।

कुवैत में मौजूद भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी। कोच्चि से एक अन्य विमान मृतकों में से कुछ लोगों के पार्थिव शरीर लेकर राजधानी दिल्ली के लिए रवाना हो गया। क्योंकि 45 मृतकों में से केरल के 23 लोगों को छोड़कर बाकी बचे हुए लोगों में से सात लोग तमिलनाडु से, तीन-तीन क्रमशः आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश से, दो ओडिशा, एक-एक क्रमशः बिहार, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा से हैं। दिल्ली में प्रदेश सरकार के अधिकारी मृतकों की पार्थिव देह को अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों को सौंपेंगे। भारतीय दूतावास के मुताबिक, वायुसेना के एक विशेष विमान ने कुवैत की आग में मारे गए 45 भारतीयों के पार्थिव शरीर लेकर भारत के कोच्चि के लिए उड़ान भरी थी।

### इलेक्ट्रिक सर्किट की वजह से हुआ हादसा

*पिछले बुधवार को कुवैत के मंगाफ शहर में इस दुखद घटना के सामने आने के बाद विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर कुवैत की यात्रा की थी और वहां पहुंचकर कुवैत सरकार के अधिकारियों से इस हादसे में मारे गए भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द स्वदेश पहुंचाने की सारी व्यवस्था की। कुवैत के प्रशासन ने आग लगने के इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान करने के लिए डीएनए जांच के बाद उनके शरीर भारतीय अधिकारियों को सौंपे। इमारत में हुए इलेक्ट्रिक सर्किट की वजह से यह दर्दनाक हादसा हुआ था।*

### पीएम ने समीक्षा बैठक में दिए जरूरी निर्देश

इस घटना के तुरंत बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने सात लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक की थी। इसमें हादसे पर बेहद दुख जाहिर करते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की मुआवजा राशि प्रदान करने की घोषणा की गई थी। समीक्षा बैठक में विदेश मंत्री एस.जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, विदेश सचिव विनय क्वात्रा समेत प्रधानमंत्री कार्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

**अयोध्या में सभी बैरियरों पर सघन चेकिंग अभियान शुरू**

# अयोध्याः राम मंदिर को उड़ाने की धमकी, जैश-ए-मोहम्मद का ऑडियो वायरल होने के बाद अलर्ट जारी

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर को उड़ाने की एक बार फिर धमकी मिली है। इस बार धमकी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने दी है। इसका एक ऑडियो वायरल होने के बाद यूपी की योगी सरकार ने अलर्ट जारी कर दिया है। राम नगरी में तैनात सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अलर्ट के बाद अयोध्या में रामकोट के सभी बैरियरों पर सघन चेकिंग अभियान के साथ जांच शुरू कर दी गई है। रामलला के दर्शन मार्ग पर भी श्रद्धालुओं की निगरानी बढ़ा दी गई है। बताया जाता है कि धमकी वाले ऑडियो में आमिर नामक जैश-ए-मोहम्मद आतंकी को कहते सुना जा रहा है कि हमारी मस्जिद को हटाकर मंदिर बनाया गया है। अब इसे बम से उड़ा दिया जाएगा। आतंकी कह रहा है कि हमारे तीन साथी कुर्बान हुए हैं और अब इस मंदिर को गिराना ही होगा। अलर्ट के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां ऑडियो की जांच कर रही हैं।



### तत्काल सतर्कता बढ़ाई

अयोध्या के राम मंदिर पर हमले की धमकी इससे पहले भी दो तीन बार मिल चुकी है। पिछले साल भी धमकी मिली थी। हालांकि तब फर्जी निकली थी। इससे पहले 2005 में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने यहां हमला भी किया था। अब एक बार फिर जैश-ए-मोहम्मद के नाम से अयोध्या में आतंकी हमले का ऑडियो वायरल हुआ तो सतर्कता तत्काल बढ़ा दी गई है। रामलला के मंदिर में एवं भक्तों के लिए चैकिंक अभियान शुरू कर दिया है।

## अरुंधति रॉय के खिलाफ चलेगा यूएपीए के तहत मुकदमा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने शुक्रवार को लेखिका अरुंधति रॉय और कश्मीर के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। 2010 में एक कार्यक्रम के दौरान दोनों के खिलाफ कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने के लिए मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है।

**उपराज्यपाल ने दी मुकदमा चलाने की मंजूरीः** वीके सक्सेना ने गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम की धारा 45(1) के तहत अरुंधति रॉय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है।

**विशेष कोर्ट ने सबूतों के अभाव में फैसला सुनाया**

# दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को बरी किया गया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को महाराष्ट्र में ठाणे की एक कोर्ट ने जबरन वसूली के मामले में बरी कर दिया। जानकारी के अनुसार ठाणे में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत नामित एक विशेष कोर्ट ने सबूतों के अभाव में फैसला सुनाया।

कोर्ट के न्यायाधीश अमित एम शेटे ने कहा कि अभियोजन पक्ष कासकर के खिलाफ आरोपों को साबित करने में विफल रहा, इसलिए आरोपी को संदेह का लाभ मिला। ठाणे पुलिस ने 2017 में कासकर के खिलाफ एमसीओसीए की धारा 3 (संगठित अपराध) के अलावा भारतीय दंड संहिता आईपीसी की धारा 384 (जबरन वसूली), 386 (किसी व्यक्ति को मृत्यु या गंभीर चोट के भय में डालकर वसूली), 387 (वसूली करने के लिए किसी व्यक्ति को मृत्यु या गंभीर चोट के भय में डालना), 34 (सामान्य इरादे को आगे बढ़ाने में कई व्यक्तियों द्वारा किए गए (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया था।

### भारत को मिल सकते हैं 26 और राफेल विमान

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना लगातार अपने बेड़े को मजबूत कर रही है। इसी को लेकर एक बार फिर भारत और फ्रांस के बीच राफेल को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। बताया जा रहा कि दोनों देशों की सरकारों के बीच 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों के सौदे को लेकर बातचीत हो रही है। इस दौरान कीमत और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जा रही। इससे पहले भारत और फ्रांस के बीच राफेल की खरीदी के लिए 30 मई को बैठक होने वाली थी। मगर लोकसभा चुनाव के चलते इसे जून के दूसरे सप्ताह तक टाल दिया गया था। रक्षा सूत्रों ने बताया फ्रांस का एक प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली आया हुआ।

Divisa
Dr. Juneja's EYE Mantra Ayurvedic Eye Relief Drops
ऐसा असर आए दूर तक नज़र!
क्या आप सही 'आई' ड्रॉप की तलाश में है?
रोजमर्रा की भागदौड़ में न जाने हमारी आंखों में कितना कचरा पड़ जाता है। जो लोग कंप्यूटर स्क्रीन पर 8 घंटे काम करते हैं, ज्यादा टीवी देखते हैं या पूरा दिन मोबाइल पर बिज़ी रहते हैं, उनकी आंखों में नमी कम हो जाती है। इतना ही नहीं बढ़ता प्रदूषण, आंखों में जलन होना, खुजली, आंखों का थकना और आंखों पर जोर पड़ना आम बात हो गई है। आंखों के लिए हम तरह–तरह के देसी–अंग्रेजी उपाय भी आजमाते हैं। लेकिन आयुर्वेद में उपलब्ध औषधियों के इस्तेमाल से हम बिना किसी साईड–इफेक्ट के अपनी आंखों को इन परेशानियों से बचा सकते हैं। इसलिए दिविसा हर्बल्ज़ प्रा. लि. आपके लिए लेकर आये हैं आयुर्वेदिक 'आई मंत्रा' आई ड्रॉप्स। जो बना है गुलाब, दारुहल्दी, शहद, आंवला, तुलसी और पुदीना जैसी 12 आयुर्वेदिक औषधियों से। आयुर्वेदिक होने के कारण इसका कोई साईड इफेक्ट भी नहीं है।
आँख की 5 समस्याओं से राहत!
• Eye Strain • Eye Freshness • Eye Tiredness
• Eye Dryness • Eye Cleanliness
असर पहले दिन से
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
आई मंत्रा EYE Drops AYURVEDIC Eye Relief Drops
पूर्णतः स्वदेशी, पूर्णतः आयुर्वेदिक VOCAL FOR LOCAL भारत के उत्पाद भारत के लिए
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com
Available at all leading medical stores

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109